आज का विचार
रूप की पहुंच सिर्फ आंखों तक होती है, लेकिन गुण इंसान की आत्मा को भी जीत लेते हैं।

# दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का



8

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । शुक्रवार, 20 जून, 2025 | वर्ष 23, अंक 151, मूल्य: 3 रुपए, | पृष्ठ 8 | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

## उपचुनाव: पंजाब सहित चार राज्यों की पांच विधानसभा सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

गुजरात, पंजाब, पश्चिम बंगाल और केरल की कुल पांच विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए गुरुवार को मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में हाल ही में लागू किए गए तकनीकी उपायों और मतदाता सुविधा प्रयासों की सफलता भी इस बार मतदान प्रक्रिया में साफ दिखाई दी। चुनाव आयोग ने कहा कि इन पहलों की सफलता आगामी बिहार विधानसभा चुनावों में पूर्ण रूप से लागू करने की दिशा में एक मजबूत कदम है।



वोटर टर्नआउट ऐप पर जारी शाम 7 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार, केरल के नीलांबुर और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में अधिक मतदाता उत्साह देखने को मिला। यहां क्रमशः 70.76 प्रतिशत और पश्चिम बंगाल के कालीगंज में 69.85 प्रतिशत मतदान हुआ। गुजरात के दो विधानसभा क्षेत्रों- विसावदर और कड़ी में क्रमशः 54.61 प्रतिशत और 54.49 प्रतिशत मतदान हुआ। पंजाब के लुधियाना वेस्ट में सबसे कम 49.07 प्रतिशत मतदान हुआ। हालांकि ये मतदान के अंतिम आंकड़े नहीं हैं। मतों की गणना 23 जून को होगी।

चुनाव आयोग ने आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए उपचुनावों के दौरान हाल ही में शुरू की गई कई नई पहलों को सफलतापूर्वक लागू किया। मतदान के लिए कुल 1354 मतदान केंद्र बनाए गए थे। पंजाब की लुधियाना पश्चिम सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के जनवरी में निधन के बाद खाली हो गई। पश्चिम बंगाल की कालीगंज सीट तृणमूल कांग्रेस के विधायक नसीरुद्दीन अहमद के फरवरी में निधन होने के कारण रिक्त हुई थी। उनकी बेटी अलीफा तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। भाजपा ने आशीष घोष को उम्मीदवार बनाया है जबकि कांग्रेस के उम्मीदवार काबिल उद्दीन शेख को माकपा का समर्थन प्राप्त है। वहीं, केरल की नीलांबुर सीट पीवी अनवर के विधायक पद से इस्तीफा देने के बाद खाली हुई थी।

चुनाव आयोग की नई पहल इस प्रकार हैं -मोबाइल जमा सुविधा : पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की व्यवस्था की गई, जिससे वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को विशेष सुविधा मिली। उन्नत मतदाता उपस्थिति रिपोर्टिंग प्रणाली): प्रत्येक दो घंटे में ईसीआईनेट ऐप के माध्यम से मतदान प्रतिशत की जानकारी सीधे पीठासीन अधिकारियों द्वारा अपलोड की गई।

वेबकास्टिंग 100 प्रतिशत : मतदान दिवस की गतिविधियों की निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की गई, जिससे पारदर्शिता बनी रही। मॉक पोल प्रशिक्षण: सभी पीठासीन अधिकारियों को व्यक्तिगत रूप से मॉक पोल का प्रशिक्षण दिया गया। विशेष सारांश पुनरीक्षण: लगभग दो दशकों में पहली बार उपचुनाव से पूर्व मतदाता सूची का विशेष सारांश पुनरीक्षण कराया गया। आयोग ने कहा है कि पहले जहां मतदान प्रतिशत की जानकारी देर रात या अगले दिन तक मिलती थी, अब पीठासीन अधिकारी मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ही डेटा अपडेट कर रहे हैं। इससे चुनाव प्रक्रिया अधिक तेज और पारदर्शी हो गई है।

### लुधियाना पश्चिम सीट पर लगभग 51.33 मतदान

**चंडीगढ़।** पंजाब विधानसभा की 64-लुधियाना पश्चिम सीट के उपचुनाव के लिए आज मतदान हुआ। मतदान निर्धारित समयानुसार सुबह 7 बजे शुरू हुआ और शांतिपूर्ण तथा सुचारू रूप से संपन्न हुआ। पंजाब के मुख्य निर्वाचन अधिकारी सिबिन सी ने बताया कि शाम 7:00 बजे तक अपलोड किए गए डेटा के अनुसार, लगभग 51.33% मतदान दर्ज किया गया है। एक नई पहल के अंतर्गत, मतदान डेटा पोलिंग स्टेशन पर प्रिजाइडिंग अधिकारियों द्वारा ईसीआई नेट ऐप पर अपलोड किया गया। उल्लेखनीय है कि मतदान प्रतिशत के ये आंकड़े अनुमानित हैं। निर्वाचन संचालन नियम, 1961 के नियम 49एस के तहत, प्रिजाइडिंग अधिकारियों ने फॉर्म 17सी – जिसमें मतों की वास्तविक गिनती दर्ज होती है – उन उम्मीदवारों के पोलिंग एजेंटों को दिया जो मतदान समाप्ति के समय पोलिंग बूथ पर उपस्थित थे। मतदान शुरू होने से पहले प्रत्येक पोलिंग बूथ पर ईवीएम मशीनों की मॉक ड्रिल करवाई गई, जो उम्मीदवारों द्वारा नियुक्त किए गए 578 एजेंटों की उपस्थिति में हुई। उपचुनावों के लिए, निर्वाचन आयोग ने 1 अप्रैल 2025 को पात्रता तिथि के आधार पर मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण किया था। मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन 9 अप्रैल 2025 को किया गया और इसकी एक प्रति मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ साझा की गई। 192 पोलिंग बूथ स्तर पर बीएलओज ने यह सुनिश्चित करने के लिए कार्य किया कि सूचियों को सही ढंग से अपडेट किया गया है। मान्यता प्राप्त दलों द्वारा नियुक्त 384 बीएलए ने प्रक्रिया की जांच की और कुल 4279 दावे और आपत्तियाँ दर्ज की गईं। मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 5 मई 2025 को किया गया और अंतिम सूचियों की प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को प्रदान की गई। आर पी एक्ट 1950 की धारा 24(ए) के तहत ज़िला मजिस्ट्रेट के पास और धारा 24(बी) के तहत मुख्य निर्वाचन अधिकारी के पास कोई अपील दर्ज नहीं की गई। नामांकन की अंतिम तिथि 2 जून 2025 थी, जिस दिन मतदाता सूची को अंतिम रूप दिया गया और इसकी प्रति सभी चुनाव लड़ रहे उम्मीदवारों को 6 जून 2025 को दी गई। कुल 1,75,469 मतदाता पंजीकृत थे। कुल 14 उम्मीदवार चुनाव मैदान में थे।

## युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र नई दिल्ली पहुंचे : परिजनों ने जताई खुशी



एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

भारत के 'ऑपरेशन सिंधु' के तहत युद्धग्रस्त ईरान से निकाले गए 110 भारतीय छात्र सकुशल स्वदेश पहुंच गए। इन्हें ईरान से पहले अर्मेनिया पहुंचाया गया। वहां से हवाई जहाज से नई दिल्ली लाया गया। इनकी पहली उड़ान आज तड़के राष्ट्रीय राजधानी पहुंची। इनको ईरान स्थित भारतीय दूतावास ने अर्मेनिया पहुंचाने में मदद की। अपने बच्चों को ठीक-ठाक देखकर घरवाले खुशी से झूम उठे। इनमें से ज्यादातर छात्र जम्मू-कश्मीर के हैं।

ईरान से अपनी सरजमीं पर पहुंचे छात्र यासिर गफ्फार ने कहा कि वह अपने देश में आकर बहुत खुश है। ईरान के हालात बिलकुल भी ठीक नहीं हैं। छात्रा गजल ने इसके लिए भारतीय दूतावास का आभार व्यक्त किया है। मरियम रोज ने कहा कि भारतीय दूतावास ने बहुत मदद की। किसी तरह की परेशानी नहीं होने दी। तीन दिन का सफर पूरा कर स्वदेश पहुंचे हैं।

जम्मू-कश्मीर छात्र संघ ने निकासी अभियान शुरू करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेशमंत्री एस जयशंकर का आभार जताया है। छात्रसंघ ने कहा है कि उम्मीद है कि बाकी छात्रों को भी जल्द वहां से निकाल लिया जाएगा। ईरान में एमबीबीएस के छात्र 21 वर्षीय माज हैदर के पिता हैदर अली ने इसके लिए भारत सरकार खास तौर पर प्रधानमंत्री मोदी की भूरि-भूरि प्रशंसा की है।

सनद रहे कि ईरान में लगभग 10,000 भारतीय नागरिक हैं। इनमें से करीब 1,500 से 2,000 छात्र हैं। करीब 6,000 लोग लंबे समय से वहां रहकर काम कर रहे हैं। इससे पहले कल ईरान में भारतीय दूतावास ने एक्स पर संदेश दिया था, सभी भारतीय नागरिक जो तेहरान में हैं और दूतावास के संपर्क में नहीं हैं, उनसे अनुरोध है कि वे तुरंत तेहरान में भारतीय दूतावास से संपर्क करें और अपना स्थान और संपर्क नंबर प्रदान करें। कृपया संपर्क करें- +989010144557; +989128109115; +989128109109।

### नेतन्याहू ने कहा- ईरान के साथ संघर्ष में अमेरिका पहले से ही इजराइल की कर रहा बहुत मदद

बेशेर्बा (इजराइल)। इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे संघर्ष में अमेरिका पहले से ही हमारी बहुत मदद कर रहा है। यह बयान उन्होंने गुरुवार को बेशेर्बा के सोरोका अस्पताल में पत्रकारों से बातचीत के दौरान दिया, जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर बमबारी अभियान में शामिल होंगे। नेतन्याहू ने आगे कहा, यह निर्णय अमेरिकी राष्ट्रपति को लेना है, लेकिन मैं इतना कह सकता हूं कि वे पहले ही बहुत मदद कर रहे हैं। वे इजराइल और इसके शहरों के ऊपर के आसमान की सुरक्षा में भाग ले रहे हैं। ट्रंप की सराहना करते हुए इजराइली पीएम ने कहा, राष्ट्रपति ट्रंप अमेरिका के लिए जो सही है, वही करेंगे। मुझे उनके निर्णयों पर भरोसा है। वह एक महान नेता हैं, इजराइल और यहूदी समुदाय के सच्चे मित्र हैं। नेतन्याहू ने जोर देकर कहा कि इजराइल ईरान से उत्पन्न परमाणु खतरे को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा, हम वह करेंगे जो जरूरी है। हम उस परमाणु खतरे को नष्ट करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जिससे इजराइल के पूर्ण विनाश की आशंका है। उन्होंने अमेरिका के साथ मजबूत साझेदारी को अविश्वसनीय बताया और कहा कि उनकी ट्रंप से हर दिन बातचीत होती है। ट्रंप की नीतियों की प्रशंसा करते हुए नेतन्याहू ने कहा, मैं उनके संकल्प, उनकी स्पष्टता की सराहना करता हूं, जब वे कहते हैं कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं होना चाहिए और ऐसा सुनिश्चित करने के लिए ईरान को यूरेनियम संवर्धन की अनुमति नहीं दी जा सकती।



## लोगों की ताकत और डर को खुद पर हावी न होने देने का शांत संकल्प कश्मीर की असली आत्मा: शेखावत

एजेंसी (हि.स.)
अनंतनाग

केंद्रीय पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने गुरुवार को पहलगाम आतंकी हमले वाली जगह का दौरा किया और कहा कि लोगों की ताकत और डर को खुद पर हावी न होने देने का शांत संकल्प कश्मीर की असली आत्मा है। शेखावत ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के मट्टन में प्राचीन मार्तंड सूर्य मंदिर का भी दौरा किया तथा अमरनाथ यात्रा के तीर्थयात्रियों के लिए सर्वोच्च सुरक्षा का वादा किया।



जम्मू-कश्मीर की अपनी दो दिवसीय यात्रा के तहत बुधवार की सुबह श्रीनगर पहुंचे केंद्रीय मंत्री शेखावत ने पहले मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने केंद्र शासित प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र के विकास पर सकारात्मक चर्चा की। दूसरे दिन यानी गुरुवार को शेखावत ने अनंतनाग जिले के पहलगाम में हरे-भरे पर्यटन स्थल का दौरा किया और स्थानीय लोगों तथा पर्यटकों से बातचीत की।

केंद्रीय मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि आज दोपहर पहलगाम में दिल भारी है, लेकिन उम्मीद से भरा हुआ है। मैंने नृशंस आतंकी हमले की जगह का दौरा किया और स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की, जिन्होंने इस क्षेत्र को फिर से जीवंत और रोजमर्रा की लय में ला दिया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि लोगों की ताकत उनका अटूट आतिथ्य और डर को खुद पर हावी न होने देने का शांत संकल्प है। उन्होंने कहा कि यही कश्मीर की असली आत्मा है। उन्होंने पर्यटकों के एक समूह के साथ अपनी बातचीत का एक वीडियो क्लिप भी साझा किया। बीते 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ है जिसमें 26 लोग मारे गए थे। इनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। पीड़ितों में एक स्थानीय टट्टू संचालक और एक नेपाली नागरिक भी शामिल हैं।

इससे पहले शेखावत ने बुधवार को तुलामुल्ला में माता खीर भवानी मंदिर और मध्य कश्मीर के गांदरबल में नारानाग मंदिर परिसर में पूजा-अर्चना की। गुरुवार को मार्तंड सूर्य मंदिर के दर्शन करने के बाद मंत्री ने तीर्थयात्रियों से घाटी के पर्यावरण और प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित करने की अपील की। मंदिर में दर्शन करने के बाद शेखावत ने कहा कि लोगों को अमरनाथ यात्रा के लिए आना चाहिए। अमरनाथ यात्रा सुरक्षित है, भारत सरकार और राज्य सरकार प्रतिबद्ध हैं और आपको एक खरोंच भी नहीं आएगी। वार्षिक अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से 9 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि मैं भारत के 140 करोड़ लोगों से अपील करता हूं कि वे कश्मीर की विरासत और इसकी ऐतिहासिक भव्यता और दिव्यता के साथ-साथ इसकी प्राकृतिक सुंदरता के बारे में भी जानने की कोशिश करें। घाटी में प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्मारकों के संरक्षण पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कुछ जीर्णोद्धार कार्य किए गए हैं लेकिन और अधिक करने की आवश्यकता है।

शेखावत ने मार्तंड मंदिर की अपनी यात्रा की तस्वीरें भी साझा कीं। उन्होंने राजसी मार्तंड मंदिर का दौरा किया, जो कश्मीर के सभ्यतागत अतीत के गौरव का गहरा प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा कि प्रसिद्ध राजा ललितादित्य द्वारा निर्मित सूर्य को समर्पित यह भव्य मंदिर भारत के सबसे पुराने और सबसे भव्य सूर्य मंदिरों में से एक है। अगर यह अपने पुराने स्वरूप में इतना विस्मयकारी दिखता है तो मंदिर के पैमाने, मूर्तिकला की समृद्धि और घाटी के ऊपर एक पठार के ऊपर रणनीतिक स्थान को देखते हुए इसकी प्राचीन भव्यता की कल्पना की जा सकती है।

## 55 साल के हुए राहुल गांधी, मोदी सहित तमाम नेताओं ने दी जन्मदिन की बधाई

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी आज अपना 55वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस अवसर पर देश की कई प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने उन्हें शुभकामनाएं भेजकर उनके दीघार्यु और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक्स के माध्यम से राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने



लिखा, राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। ईश्वर उन्हें लंबा एवं स्वस्थ जीवन प्रदान करें।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने राहुल गांधी को आदर्शों मेंसहोदर बताते हुए अपनी शुभकामनाएं भेजीं। उन्होंने एक पोस्ट में कहा, मेरे आदर्श भाई राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं- खून से नहीं, बल्कि विचार, दृष्टि और उद्देश्य से जुड़े हुए हैं आप दृढ़ रहें और साहस के साथ नेतृत्व करते रहें। उज्जवल भारत की ओर बढ़ते हमारे अभियान में विजय हमारी ही होगी।

केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने एक्स पोस्ट में कहा, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। मैं उनकी खुशहाली और लंबी एवं स्वस्थ जिंदगी की कामना करता हूं।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी का जन्म 19 जून 1970 को दिल्ली के होली फैमिली अस्पताल में हुआ था। वे पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी और कांग्रेस की राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की सबसे बड़ी संतान हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी तीन देशों की सफल यात्रा के बाद स्वदेश लौटे

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी साइप्रस, कनाडा और क्रोएशिया की अपनी तीन देशों की यात्रा पूरी करने के बाद गुरुवार को स्वदेश लौट आए। यह यात्रा रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने, द्विपक्षीय संबंधों को नया आयाम देने और वैश्विक मंच पर भारत की भूमिका को और सुदृढ़ करने के उद्देश्य से की गई थी। प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दिल्ली हवाई अड्डे पर मंत्रिमंडल के सदस्य, वरिष्ठ अधिकारी और भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। यात्रा की पहली कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी साइप्रस पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडुलाइड्स से मुलाकात की। दोनों देशों ने ऊर्जा, आईटी और निवेश के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। भारत और साइप्रस के बीच दोहरे कराधान से बचाव समेत तीन समझौतों पर हस्ताक्षर हुए।

कनाडा यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने अपने कनाडाई समकक्ष मार्क कार्नी से मुलाकात की और आपसी व्यापार, शिक्षा एवं सुरक्षा के मुद्दों पर व्यापक चर्चा की। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी ने टोरंटो में बसे भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए



कहा कि भारत की प्रगति में प्रवासी भारतीयों की भूमिका अहम है। कनाडा के साथ अनुसंधान और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े समझौतों को भी अंतिम रूप दिया गया।

यात्रा के अंतिम चरण में प्रधानमंत्री क्रोएशिया पहुंचे, जहां उन्होंने राष्ट्रपति जोरान मिलानोविच और प्रधानमंत्री आंद्रे प्लेंकोविच से बातचीत की। इस दौरान योग, आयुर्वेद और पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ रक्षा क्षेत्र में सहयोग की संभावनाओं पर विचार किया गया।

प्रधानमंत्री की यह यात्रा ऐसे समय में हुई है जब भारत विश्व मंच पर अपनी मजबूत स्थिति स्थापित कर रहा है। जानकारों का मानना है कि यह यात्रा भारत की ह्यएक्ट ईस्टह्व और ह्यलिंक वेस्टह्व नीति को संतुलित रूप से आगे बढ़ाने की दिशा में एक अहम कदम है।

### योगी ने लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं केक्रियान्वयन और आगामी रणनीति की समीक्षा की

## प्रमुख 18 योजनाओं के अन्तर्गत सभी जनपदों से आगामी30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए : योगी

संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी रणनीति के सम्बन्ध में समीक्षा की। इस बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ राज्य के समस्त जिलाधिकारीगण, विभिन्न विधानसभाओं के जनप्रतिनिधि और सम्बन्धित विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए।

मुख्यमंत्रीने निर्देश देते हुए कहा कि लोक निर्माण विभाग की प्रमुख 18 योजनाओं के अन्तर्गत प्रदेश के सभी 75 जनपदों से आगामी 30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। जिलाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर तय समयसीमा में भेजें। विकास का लाभ राजनीतिक क्षेत्रफल नहीं, बल्कि स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्रीने समावेशी विकास की संकल्पना के दृष्टिगत निर्देशित किया कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए। विकास कार्यों का भूमि पूजन अथवा शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधिगण के माध्यम से कराया जाए, ताकि विकास में



जनभागीदारी की भावना सशक्त हो।

मुख्यमंत्रीने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व एवं श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए और इन स्थलों को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए। धार्मिक स्थलों की बेहतर कनेक्टिविटी न केवल सांस्कृतिक अनुभव को समृद्ध करती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करती है।

मुख्यमंत्रीने राज्य की सड़कों की कनेक्टिविटी को एकीकृत दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पूर्वांचल, आगरा, यमुना, बुन्देलखण्ड और निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेस-वे ने प्रदेश की पूर्व-पश्चिम की कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। अब समय आ गया है कि उत्तर और दक्षिण के जनपदों को भी आपस में जोड़ने वाली संरचना तैयार की जाए, जिससे राज्य की आन्तरिक गति और समरसता को नई दिशा मिले।

मुख्यमंत्रीने सड़कों की गुणवत्ता, मरम्मत और सुरक्षा पर विशेष बल देते हुए निर्देश दिये कि प्रदेश के किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीडिंग और टूटी हुई सड़कें, सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं। इसलिए सभी डार्क स्पॉट चिन्हित किए जाएं और आवश्यकतानुसार टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं।

बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्रीने कहा कि लघु सेतु और सड़कें अक्सर जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में पूवार्नुमान के आधार पर पहले से ही प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि जैसे ही बरसात कम हो, कार्य आरम्भ कराया जा सके।

# एक देश-एक चुनाव पर सीएम सुक्खू की जेपीसी संग बैठक, दिए अहम सुझाव

एजेंसी (हि.स.)
शिमला



एक देश-एक चुनाव के प्रस्ताव पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) ने गुरूवार को शिमला में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की। यह बैठक संविधान (129वां संशोधन) विधेयक, 2024 और केंद्र शासित प्रदेश कानून (संशोधन) विधेयक, 2024 के संदर्भ में आयोजित की गई थी। समिति के अध्यक्ष पी.पी. चौधरी और अन्य सदस्यों का मुख्यमंत्री ने पारंपरिक हिमाचली टोपी और शॉल भेंट कर स्वागत किया। इस बैठक में उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और हमीरपुर से सांसद अनुराग ठाकुर भी उपस्थित रहे, जो समिति के सदस्य हैं।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू और उप-मुख्यमंत्री अग्निहोत्री ने राज्य सरकार की ओर से समिति को 'एक देश-एक चुनाव' के प्रस्ताव पर अपने विचार और सुझाव साझा किए। इस पर व्यापक चर्चा हुई। बाद में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री सुक्खू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस प्रस्तावित विधेयक का विरोध कर रही है। हालांकि लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के उद्देश्य से सरकार ने समिति को कुछ सुझाव भी दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने प्रस्ताव दिया है कि यदि कोई सीट रिक्त होती है तो एक वर्ष के भीतर उपचुनाव कराना अनिवार्य बनाया जाए। यह लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा।

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने राहुल गांधी को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं



शिमला। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी सिर्फ.एक राजनेता नहीं, बल्कि नफरत के इस दौर में मोहब्बत का विचार हैं। मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने संदेश में लिखा, राहुल गांधी उस विश्वास की धड़कन हैं जो देश के हर वर्ग के न्याय, समानता और समान भागीदारी के लिए धड़क रही है। जहाँ विभाजन की आहट है, वहाँ वह एकता की आवाज हैं। यदि किसी को डराया जाता है, तो वह निर्भयता से उसके साथ खड़े होते हैं। अगर सच्चाई पर पहरे लगाए जाते हैं, तब वह सच के प्रहरी बन जाते हैं। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी के साहस, संवेदना और सच्चाई के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को प्रेरणादायक और अनुकरणीय बताया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वंचितों की उम्मीद, किसानों की आशा और युवाओं की प्रेरणा हैं। साथ ही सुक्खू ने उन्हें अपना पथप्रदर्शक भी बताया। मुख्यमंत्री ने देवभूमि हिमाचल के देवी-देवताओं से राहुल गांधी के उत्तम स्वास्थ्य और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करते हुए जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# जुब्बल में ड्रग्स तस्करी में तीन तस्कर गिरफ्तार

एजेंसी (हि.स.)
शिमला



जिला शिमला की जुब्बल पुलिस ने नशे के खिलाफ अपनी मुहिम को जारी रखते हुए चिट्टा तस्करी से जुड़े एक मामले में तीन और लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले से दर्ज एक मामले की जांच के आधार पर की गई है।

मामला 10 जून को जुब्बल थाना में दर्ज हुआ था, जिसमें पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर खड़ापत्थर के पास एक गाड़ी को चेकिंग के लिए रोका था। इस दौरान गाड़ी में सवार मुनिश कुमार, निवासी गांव डीम और विक्रांत चौहान, निवासी गांव मदान तहसील जुब्बल के पास से 6.16 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया गया था। इस पर उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

इसी केस की अगली कड़ी में पुलिस ने अब तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 40 वर्षीय रजत औकटा उर्फ बन्नी निवासी ओल्ड जुब्बल (गंटू), 34 वर्षीय योगेश उर्फ काका निवासी क्यारी और 30 वर्षीय नितीश कुमार निवासी सिर्थी शामिल हैं। तीनों जुब्बल के रहने वाले हैं औ.र इनकी गिरफ्तारी एनडीपीएस एक्ट की धारा 29 के तहत की गई है, जो नशा तस्करी में साझेदारी और साजिश से जुड़ी है। शिमला के पुलिस अधीक्षक गौरव सिंह ने गुरूवार को बताया कि यह कार्रवाई नशे की जड़ों तक पहुंचने और इसमें शामिल सभी लोगों को पकड़ने की दिशा में एक और मजबूत कदम है। पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा और आने वाले दिनों में ऐसी कार्रवाइयां और तेज की जाएंगी।

## चिट्टे के मामले में बाप के बाद बेटा भी गिरफ्तार

धर्मशाला। पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे का काला कारोबार करने वालों के खिलाफ छेड़े गए अभियान के अन्तर्गत चिट्टे के एक मामले में पिता के बाद बेटा भी पुलिस के हत्थे चढ़ गया है। गौरतलब है कि बीते चार अप्रैल 2025 को पुलिस थाना डमटाल के तहत नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक्साइज बैरियर तौकी में नाकाबंदी के दौरान मोटर साईकिल पर सवार एक व्यक्ति के कब्जे से 74.83 ग्राम हीरोईन/चिटटा बरामद हुआ था। जिस पर उपरोक्त आरोपी को गिरफतार करके उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस जांच में पाया गया कि उपरोक्त मामले में गिरफ्तार आंचल पुत्र विधा सागर निवासी गांव व डाकखाना तौकी तहसील इंदौरा जिला कांगड़ा के अलावा उसका बेटा भी नशे के कारोबार में शामिल है। पुलिस द्वारा उपरोक्त आरोपी आंचल के बेटे सिंकदर उर्फ निम्मा की तलाश जिला पुलिस नूरपुर द्वारा लगातार अमल में लाई जा रही थी। हालांकि आरोपी सिंकदर उर्फ निम्मा ने गिरफ्तारी से बचने के लिये अतिरिक्त जिला एंव सत्र न्यायालय नूरपुर व उच्च न्यायालय शिमला में अग्रिम जमानत हेतु अपील की थी। जिसे जिला पुलिस की जांच के आधार पर दोनों अदालतों ने नामंजूर कर दिया था।

# सेना ने पर्यटकों की सुरक्षा के लिए भद्रवाह के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में गश्त तेज की

एजेंसी (हि.स.)
भद्रवाह



जम्मू और कश्मीर में प्रमुख पर्यटन स्थलों को फिर से खोलने के साथ ही सेना ने सभी आगंतुकों और स्थानीय लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। भारतीय सेना की 4 राष्ट्रीय राइफल्स ने जम्मू संभाग के भद्रवाह के घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में गश्त तेज की है। बढ़ी हुई गश्त का उद्देश्य निवासियों और पर्यटकों दोनों को आश्वस्त करने के साथ ही किसी भी असामाजिक या विघटनकारी गतिविधियों को रोकना है।

जम्मू और कश्मीर में प्रमुख पर्यटन स्थलों के हाल ही में खुलने के साथ ही भारतीय सेना ने क्षेत्र में आने या रहने वाले प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा उपाय बढ़ा दिए हैं। दूरदराज के इलाकों में हवाई निगरानी करने के लिए पैदल गश्त के साथ ड्रोन भी तैनात किये गए हैं, ताकि सेना कठिन इलाकों की अधिक प्रभावी ढंग से निगरानी कर सके। डोडा में सेना के आतंकवाद विरोधी अभियानों ने सकारात्मक परिणाम दिए हैं, जिससे क्षेत्रीय सुरक्षा और मजबूत हुई है।

सेना की 4 राष्ट्रीय राइफल्स के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हमारा ध्यान सुरक्षा ग्रिड में कोई कमी नहीं छोड़ना है। हम नियमित रूप से घने और दूरदराज के जंगलों में गश्त कर रहे हैं, ताकि क्षेत्र पर पूरा नियंत्रण सुनिश्चित हो सके और भद्रवाह में शांति और सुरक्षा बनी रहे। डोडा जिले में स्थित भद्रवाह में पहले भी आतंकी घटनाएं हो चुकी हैं। क्षेत्र में सेना की मजबूत मौजूदगी ने ऐसी गतिविधियों पर नजर रखने और उन्हें रोकने में मदद की है। सेना ने क्षेत्र में सक्रिय विदेशी आतंकवादियों को ट्रैक करने और उन्हें खत्म करने के लिए सक्रिय दृष्टिकोण अपनाया है।

# कार्यशाला में कारीगरों ने सीखे उद्यमी बनने के गुर




एजेंसी (हि.स.)
शिमला

प्रदेश सरकार पारंपरिक उद्योगों को संबल देने और कारीगरों की आर्थिकी सुधारने के लिए स्फूर्ति योजना के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इसी क्रम में गुरूवार को शिमला के उपनगर शोघी में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें स्थानीय कारीगरों, स्वयं सहायता समूहों और पंचायत प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर उद्योग विभाग शिमला के आर्थिक अन्वेषक प्रमोद शर्मा ने योजना की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार पारंपरिक उद्योगों से जुड़े छोटे कारीगरों को संगठित कर उन्हें आधुनिक तकनीक, प्रशिक्षण और बाजार से जोड़ने का प्रयास कर रही है। स्फूर्ति योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (टरटए) तथा ठअइउडठ के सहयोग से चलाई जा रही है। कार्यशाला में 70 से अधिक स्थानीय कारीगरों ने भाग लिया और अपने अनुभव साझा किए। उनका कहना था कि उन्हें पहली बार यह जानकारी मिली कि सरकार किस तरह से उन्हें आर्थिक मदद और प्रशिक्षण दे रही है। कार्यशाला में उन्हें व्यवसाय नियोजन, विपणन रणनीति, गुणवत्ता सुधार और उत्पाद विविधीकरण जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। शर्मा ने बताया कि प्रदेश के 12 जिलों में ऐसी कार्यशालाएँ आयोजित की जाएंगी ताकि दूरदराज के क्षेत्रों के कारीगर भी इस योजना का लाभ उठा सकें। स्फूर्ति योजना का उद्देश्य कारीगरों को क्लस्टर मॉडल में संगठित कर उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता और सतत आजीविका को बढ़ावा देना है।

## संक्षिप्त-समाचार

### एचएएस परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राज्यपाल से भेंट की

**शिमला।** वर्ष 2024 बैच के दो भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारियों और वर्ष 2025 बैच के हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक सेवा के 19 परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने आज राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। यह परिवीक्षाधीन अधिकारी वर्तमान में डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान में पेशेवर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राज्यपाल ने परिवीक्षाधीन अधिकारियों को प्रतिष्ठित प्रशासनिक सेवाओं में आने पर बधाई दी और उन्हें लोगों की सेवा के लिए पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण से कार्य करने को प्रोत्साहित किया। राज्यपाल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी को सदैव समाज हित के कार्यों को निजी उद्देश्यों की तुलना में प्राथमिकता देनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को किसी भी स्थिति में सामाजिक सेवा की भावना का क्षरण नहीं होने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सामाजिक दायित्वों को उत्कृष्टता से निभाने के लिए व्यवहार में विनम्रता नितांत आवश्यक है। जनता सर्वोपरि है तथा अधिकारियों को यह सदैव याद रखना चाहिए कि उनका दायित्व सेवाएं प्रदान करना है न कि शासन करना। कार्य के प्रति इस प्रकार की स्पष्टता न केवल जनता के लिए कल्याणकारी सिद्ध होती हैं बल्कि व्यक्ति को संतोष प्रदान करती है, जोकि खुशहाल जीवन के लिए अति आवश्यक है। इस अवसर पर परिवीक्षाधीन अधिकारियों ने राज्यपाल को अपना परिचय दिया और अनुभव साझा किए। उन्होंने विभिन्न प्रशासनिक एवं सामाजिक मुद्दों पर राज्यपाल के साथ विस्तृत चर्चा भी की। इससे पूर्व, संस्थान की निदेशक रूपाली ठाकुर ने राज्यपाल को प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संरचना, उद्देश्यों और विषय वस्तु आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने युवा अधिकारियों को प्रोत्साहन एवं मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए राज्यपाल का आभार व्यक्त किया।

### लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक ने ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स यूनिट का किया दौरा

**जम्मू।** उत्तरी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा ने गुरुवार को ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स यूनिट का दौरा किया और जम्मू-कश्मीर में ऑपरेशनल तत्परता को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे बदलावों की समीक्षा की। उन्होंने बहु-डोमेन ऑपरेशनल मांगों को पूरा करने के लिए रसद तत्परता की उच्च स्थिति के लिए कर्मियों की सराहना की। सेना के उत्तरी कमान मुख्यालय ने एक्स पर कहा कि लेफ्टिनेंट जनरल प्रतीक शर्मा सेना कमांडर उत्तरी कमान ने एक ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स यूनिट का दौरा किया जिसमें ऑपरेशनल तत्परता को बढ़ावा देने की दृष्टि से किए जा रहे ऑपरेशनल और लॉजिस्टिक्स परिवर्तन की समीक्षा की गई।

### आरक्षण मुद्दे से निपटने के जम्मू-कश्मीर सरकार के तरीके ने छात्रों का मोहभंग किया: वहीद पारा

**श्रीनगर।** पीडीपी नेता वहीद पारा ने गुरुवार को कहा कि आरक्षण मुद्दे से निपटने के जम्मू-कश्मीर सरकार के तरीके ने छात्रों का मोहभंग कर दिया है और व्यवस्था पर उनका भरोसा खत्म कर दिया है। पारा ने एक्स के माध्यम से कहा कि छह महीने पहले जम्मू-कश्मीर सरकार ने एक उपसमिति की रिपोर्ट के माध्यम से आरक्षण मुद्दे को हल करने का वादा किया था। वह समय सीमा बीत चुकी है जिससे हजारों छात्र निराश और हताश हैं, व्यवस्था पर उनका भरोसा टूट गया है और उनका भविष्य अधर में लटक गया है। पुलवामा से विपक्षी विधायक ने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) सरकार के पास एक ही प्रशासनिक आदेश से भाजपा द्वारा लागू की गई नीति को खत्म करने की शक्ति है लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी जिसने भाजपा के नुकसान को ठीक करने का वादा किया था, अब इसे जारी रखने में मिलीभगत कर रही है। उन्होंने कहा कि यह न्याय का जानबूझकर किया गया खंडन है। इन छात्रों ने पहले ही हिंसा, लॉकडाउन और खोए हुए अवसरों को झेला है। अब जब वह उचित प्रतिनिधित्व और तर्कसंगत आरक्षण की मांग कर रहे हैं तो सरकार उन्हें और भी हाशिए पर धकेल रही है।

### ईरान में फंसे नौ कश्मीरी छात्रों का पहला जत्था लौटा घर

**श्रीनगर।** क्षेत्रीय संघर्ष के बीच ईरान में फंसे नौ कश्मीरी छात्रों का पहला जत्था गुरुवार को घर लौट आया जिसके साथ ही बहुप्रतीक्षित निकासी अभियान की शुरूआत हो गई है। वापस लौटने वालों में सबा नाम की छात्रा भी शामिल है जो डाउनटाउन श्रीनगर के सफा कदल की निवासी है जिसका उसके परिवार के सदस्यों ने स्वागत किया। उसने कहा कि मुझे खुशी है कि मैं आखिरकार घर पहुंच गई। मैं ईरान से आठ अन्य छात्रों के साथ आई थी। हालांकि उसने दिल्ली से श्रीनगर तक हवाई यात्रा की व्यवस्था न होने पर अपनी निराशा भी व्यक्त की। उसने कहा कि लंबी और थकाऊ यात्रा के बाद हमें सरकार से बेहतर सहायता की उम्मीद थी लेकिन हमें एसआरटीसी बसों में यात्रा करने के लिए कहा गया। उसने उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि वह लौटने वाले छात्रों के लिए सीधी उड़ानें उपलब्ध नहीं करा रही है। इससे पहले जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री कार्यालय ने एक पोस्ट में कहा था कि सीएम उमर अब्दुल्ला ने परिवहन मुद्दों पर ध्यान दिया था और रेजिडेंट कमिश्नर को निकाले गए छात्रों के लिए डीलक्स स्लीपर बसों की व्यवस्था करने के लिए जेकेआरटीसी के साथ समन्वय करने का निर्देश दिया था। बयान में कहा गया है कि सरकार उनके घर वापसी के लिए सुचारू यात्रा की व्यवस्था कर रही है। इस बीच जम्मू और कश्मीर छात्र संघ (जेकेएसए) ने भी हस्तक्षेप को स्वीकार करते हुए कहा कि हालांकि हमारी प्राथमिक मांग कनेक्टिंग फ्लाइट्स की है लेकिन हम सीएम के सलाहकार नासिर असलम वानी साहब की त्वरित प्रतिक्रिया और हस्तक्षेप की सराहना करते हैं जिन्होंने स्लीपर बसों की व्यवस्था सुनिश्चित की।

# इस्तीफे की नौबत नहीं आई, ट्रांसफर माफिया पर लगे लगाम : मंत्री चंद्र कुमार

एजेंसी (हि.स.)
शिमला



हिमाचल प्रदेश की सियासत उस समय गरमा गई जब कृषि एवं पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार के बेटे और पूर्व सीपीएस नीरज भारती ने सोशल मीडिया पर इस्तीफे को लेकर टिप्पणी की। उन्होंने एक पोस्ट में लिखा कि मंत्री चंद्र कुमार इस्तीफा देंगे क्योंकि काम अगर दलालों के होंगे तो मंत्री बनकर क्या फायदा। इस पोस्ट के बाद सियासी गलियारों में हलचल तेज हो गई।

हालांकि गुरूवार को खुद मंत्री चंद्र कुमार ने स्थिति साफ करते हुए कहा कि इस्तीफे की कोई जरूरत नहीं पड़ी और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बातचीत कर मामला सुलझा लिया गया है। उन्होंने पत्रकारों के सवाल पर कहा कि ट्रांसफर और एडजस्टमेंट को लेकर पूरे प्रदेश में गंभीर स्थिति है, खासकर शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग में जहां ट्रांसफर माफिया सक्रिय है और कुछ कार्यकताओं ने इसे पेशा बना लिया है।

चंद्र कुमार ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र में भी कई लोग ट्रांसफर और एडजस्टमेंट के मामलों को लेकर बार-बार दबाव बनाते हैं, लेकिन नीतिगत निर्णयों की बात कोई नहीं करता। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ कार्यकर्ता ऐसे व्यवहार कर रहे हैं जैसे वे खुद विधायक हों और हर नियुक्ति और ट्रांसफर में हस्तक्षेप करना उनका हक है। मंत्री ने कहा कि यह प्रवृत्ति न केवल असंवैधानिक है, बल्कि सरकार की साख को भी नुकसान पहुंचा रही है।

मंत्री चंद्र कुमार ने यह भी कहा कि ट्रांसफर को लेकर एक ठोस नीति बनाने की चर्चा सरकार में कई बार हुई है, लेकिन अब तक वह अमल में नहीं लाई जा सकी। इस पूरे विवाद की जड़ नीरज भारती की वह सोशल मीडिया पोस्ट बनी जिसमें उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफे की बात करते हुए ट्रांसफर सिस्टम पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने लिखा था काम अगर दलालों के होंगे तो मंत्री बनकर क्या फायदा। इस पोस्ट के सामने आते ही राजनीतिक हलकों में बवाल मच गया। हालांकि कुछ ही घंटों बाद नीरज ने दूसरी पोस्ट डालकर लिखा कि उन्हें चौधरी साहब (चंद्र कुमार) से आश्वासन मिल गया है और वे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर अपनी बात रखेंगे।

यह पहली बार नहीं है जब नीरज भारती ने अपनी ही पार्टी और सरकार के खिलाफ सार्वजनिक तौर पर नाराजगी जताई हो। पिछले महीने नगरोटा सूरियां में एक बैठक के दौरान उन्होंने तीखे शब्दों में सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। इस दौरान मंत्री चंद्र कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा 2023 की प्राकृतिक आपदा के लिए भेजी गई 2006 करोड़ की राहत राशि को ऊंट के मुंह में जीरा बताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नुकसान का जो आकलन किया गया था, उसके मुकाबले यह राशि बेहद कम है। उन्होंने केंद्र से मांग की कि वह हिमाचल के साथ न्यायपूर्ण व्यवहार करे।

# नूरपुर में आधा किलो चरस के साथ तीन युवक गिरफ्तार

एजेंसी (हि.स.)
धर्मशाला



पुलिस जिला नूरपुर द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये गये अभियान के अन्तर्गत नूरपुर पुलिस ने तीन युवकों से 538 ग्राम चरस बरामद की है। नशा माफिया के खिलाफ बड़ी कार्यवाही अमल में लाते हुये पुलिस थाना नूरपुर के तहत कंडवाल बैरियर में नाकाबंदी के दौरान एक गाड़ी से यह चरस की खेप बरामद की है। आई 20 गाड़ी नम्बर डीएल10-सीडी-9222 में सवार हर्ष डोगरा पुत्र नरेश डोगरा, अक्षित रांचल पुत्र हर्षित कुमार व दुष्यन्त पुत्र अश्वनी कुमार तीनों निवासी पठानकोट के कब्जे से 538 ग्राम चरस बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। नूरपुर पुलिस थाना में उपरोक्त तीनों आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

एसपी नूरपुर अशोक रत्न ने बताया कि उपरोक्त मामले में नियमानुसार आगामी कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जिला पुलिस नूरपुर का नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

मौसम

## 21 से 25 जून तक भारी वर्षा की चेतावनी

# हिमाचल प्रदेश में दो-तीन दिनों में दस्तक देगा मानसून

एजेंसी (हि.स.)
शिमला



हिमाचल प्रदेश में मानसून के आगमन की उलटी गिनती शुरू हो गई है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार राज्य में आगामी दो से तीन दिनों में मानसून दस्तक दे सकता है। सामान्यतः प्रदेश में मानसून 25 जून के आसपास प्रवेश करता है और इस बार मानसून के निर्धारित समय से थोड़ा पहले पहुंचने के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 21 जून से लेकर 25 जून तक राज्य में भारी से बहुत भारी वर्षा की चेतावनी जारी की है। इसके लिए येलो और ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है।

मौसम विभाग द्वारा गुरूवार को जारी सात दिवसीय पूर्वानुमान के अनुसार 19 जून और 20 जून को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में आंशिक बादल छाए रहने की संभावना है और इन दो दिनों में बारिश को लेकर किसी भी प्रकार की चेतावनी जारी नहीं की गई है। 19 जून को आसमान में छिटपुट बादल रहेंगे जबकि 20 जून को मौसम कुछ अधिक बदला हुआ नजर आएगा और बादल पूरी तरह से छाए रह सकते हैं। हालांकि इन दोनों दिनों में भारी बारिश की कोई आशंका नहीं जताई गई है।

21 जून से मौसम में बड़ा बदलाव आने के संकेत मिल रहे हैं। इस दिन से प्रदेश में अनेक स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग ने स्पष्ट किया है कि 21 जून को राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा हो सकती है, जिसे लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है। 22 जून को बारिश और अधिक तेज होने की संभावना है और इस दिन कई इलाकों में भारी से बहुत भारी वर्षा हो सकती है। इस दिन के लिए विभाग ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है जो यह दर्शाता है कि मौसम की स्थिति और अधिक गंभीर हो सकती है।

23 जून को भी स्थिति कमोबेश ऐसी ही बनी रहने की उम्मीद है। विभाग ने इस दिन भी राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। 24 जून को फिर से भारी वर्षा की संभावना है और इस दिन येलो अलर्ट जारी किया गया है। 25 जून को भी विभाग ने भारी से बहुत भारी वर्षा की संभावना व्यक्त की है और इस दिन के लिए भी ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है।

गौरतलब है कि पिछले वर्षों में भी हिमाचल में मानसून लगभग इन्हीं तारीखों के आसपास दस्तक देता रहा है। वर्ष 2023 में मानसून ने 24 जून को राज्य में प्रवेश किया था, जबकि वर्ष 2022 में यह 29 जून को पहुंचा था। इस वर्ष मानसून के समय से पहले सक्रिय हो जाने की संभावना जताई जा रही थी, लेकिन अब अनुमान यह है कि यह अपने सामान्य समय के आसपास ही राज्य में दस्तक देगा।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और जिला प्रशासन को पहले से ही सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। खासकर उन क्षेत्रों में जहां भू-स्खलन और नदियों-नालों के उफान पर आने की आशंका अधिक रहती है, वहां विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पर्यटकों और स्थानीय निवासियों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। नदी किनारे और भूस्खलन संभावित क्षेत्रों में अनावश्यक रूप से जाने से परहेज करने को कहा गया है।

प्रदेश में मानसून के दौरान अक्सर भूस्खलन, सड़क बंद होने, बिजली गुल रहने और यातायात अवरुद्ध होने जैसी समस्याएं सामने आती हैं। ऐसे में सरकार और प्रशासन ने आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से चाक-चौबंद रखने का दावा किया है। स्वास्थ्य, लोक निर्माण, जल शक्ति, विद्युत और परिवहन विभागों को अलर्ट मोड पर रखा गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके।

इस बीच गुरुवार को राजधानी शिमला सहित अन्य हिस्सों में बादल छाए हैं। पिछले 24 घण्टों के दौरान सिरमौर जिला के पच्छाद में सर्वाधिक 7.4 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है। इसके अलावा मंडी जिला के सुंदरनगर में 5.8 मिमी, कसौली व बजुआरा में 3-3 मिमी, जोत में 2.2, भरविन व चम्बा में 2, सांगला में 1.8 व कुफरी में 1 मिमी वर्षा रिकार्ड हुई है। बादलों के बरसने से तापमान में गिरावट आई है, जिससे लोगों को उमस भरी गर्मी से राहत मिल रही है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
नवोन्मेषकः स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापकः सतपॉल शर्मा
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेंजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित- 160036
सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।
स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्कः 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# अधिकारी शिशु व पर्यवेक्षण गृहों का करें नियमित दौरा: श्रुति चौधरी

## मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने किए बाल संरक्षण व एमआईएस प्रणाली पोर्टल लांच

संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा की महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिशुगृहों व पर्यवेक्षण गृहों तथा निरीक्षण गृहों का नियमित दौरा करें और उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की समीक्षा कर उन्हें रिपोर्ट सौंपे। इस मामले में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मंत्री यहां महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रही थी। श्रीमती चौधरी ने इस अवसर पर लाभार्थियों के विकास एवं संरक्षण के लिए दो प्रमुख पोर्टल भी लॉन्च किए, जिनमें बाल संरक्षण पोर्टल, प्ले स्कूल व क्रैंच के लिए एमआईएस प्रणाली पोर्टल शामिल हैं।

बैठक में मंत्री को अवगत कराया कि बाल संरक्षण पोर्टल मिशन वात्सल्य के तहत बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की निगरानी में मददगार होगा। इसमें पुलिस द्वारा एफआईआर पंजीकरण व जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड द्वारा की गई कार्रवाई से लेकर प्रत्येक बच्चे के लिए पुनर्वास योजना तक मामले की निगरानी रखी जा सकेगी। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शीघ्र प्रदेश में बाल सुधार गृहों में रह रहे बच्चों की रिपोर्ट उन्हें उपलब्ध कराएं।

बैठक में जानकारी दी गई कि दूसरा पोर्टल प्ले स्कूल व क्रैच के लिए एमआईएस प्रणाली पर आधारित है। महिला एवं बाल विकास विभाग के पास प्रदेश में 4000 प्ले स्कूल हैं, जिनमें 50 हजार से अधिक बच्चे नामांकित हैं। इसके अलावा 450 से अधिक शिशु गृहों में 7500 से अधिक बच्चे हैं। एमआईएस पोर्टल के माध्यम से एंड टू एंड प्रबंधन के साथ-साथ सभी सेवाओं की जानकारी मिलेगी, जिसमें शिक्षण प्रबंधन, हाजिरी प्रबंधन, विकास निगरानी व भोजन ट्रैकिंग भी शामिल है।

बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री सुधीर राजपाल व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

चंडीगढ़। सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रीमती श्रुति चौधरी ने मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति से निपटने के लिए सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। यह बैठक मंत्री श्रुति चौधरी के चंडीगढ़ स्थिति आवास कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे आईएएस अधिकारी मोहम्मद शाईन, विभाग के ईआईसी राकेश चौहान, बीरेंद्र सिंह, एसएस कादियान समेत सभी उच्च अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में मंत्री श्रुति चौधरी ने बरसात की आमद के बाद आज जिलेवार बाढ़ नियंत्रण परियोजनाओं की प्रगति को लेकर सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी समीक्षा बैठक की। उन्होंने हरियाणा राज्य सूखा राहत एवं बाढ़ नियंत्रण बोर्ड की बैठक में लिए गए फैसलों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी परियोजनाओं को समय रहते पूरा किया जाए ताकि प्रदेश में मानसून के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न ना हो।

# ऊर्जा मंत्री अनिल विज ने सुनीं जन समस्याएं अधिकारियों को दिए कार्रवाई के निर्देश

संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने आज अंबाला छावनी में अपने आवास पर अम्बाला छावनी के लोगों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दिशा-निर्देश दिए। अंबाला छावनी निवासी एक युवती ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को अपनी शिकायत देते हुए बताया कि उनके घर के पास ही रहने वाले युवक ने उसका मोबाइल नंबर कुछ अश्लील संदेशों के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उसका आरोप था कि युवक द्वारा जानबूझकर उसे बदनाम करने की नीयत से ऐसा किया गया है। श्री विज ने मौके पर मौजूद डीएसपी रमेश कुमार को इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। वशिष्ठ नगर से आई महिला ने श्री विज को शिकायत देते हुए बताया कि घर की पुश्तैनी जमीन बेचने को लेकर उनका सौदा हुआ था, मगर उसे अभी तक उसके हिस्से के 16 लाख रुपए नहीं मिले हैं। श्री विज ने मामले में डीएसपी, अंबाला कैंट को जांच के निर्देश दिए। इसी तरह, अंबाला छावनी सदर क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने अपने बेटे को विदेश भेजने के नाम पर ठगी की शिकायत दी। उसका कहना था कि उसके बेटे को कुरुक्षेत्र निवासी एजेंट ने विदेश भेजने के लिए सौदा किया और इसके लिए उन्होंने 5.10 लाख रुपए की राशि एजेंट को दी। मगर एजेंट ने न तो उसे विदेश भेजा और न ही राशि वापस लौटाई। इस मामले में श्री विज ने पुलिस को कार्रवाई के निर्देश दिए।



श्री विज ने अंबाला के हाउसिंग बोर्ड क्षेत्र में पुलिस गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए। इस क्षेत्र के लोगों ने ऊर्जा मंत्री अनिल विज को शिकायत दी कि क्षेत्र में शरारती किस्म के लोग अक्सर घूमते हैं तथा बीते कुछ समय में यहां चोरियां भी हुई हैं। लोगों की शिकायत पर मंत्री अनिल विज ने डीएसपी कैंट को कार्रवाई के निर्देश दिए।

ऊर्जा मंत्री अनिल विज को आज पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर यूनियन सदस्यों ने अपना मांग पत्र सौंपा। इस दौरान यूनियन सदस्यों ने कई सूत्रीय मांग ज्ञापन के माध्यम से उठाई। इसके अलावा ,श्री विज के समक्ष अन्य कई शिकायतें आई जिन पर उन्होंने संबंधित विभागों को कार्रवाई के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर परिषद के उपाध्यक्ष ललता प्रसाद, डीएसपी रमेश कुमार के अलावा अलग-अलग विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# नायब सैनी ने विजय रूपाणी के निधन पर जताया दुःख

संवाददाता
चंडीगढ़



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को गुजरात के गांधीनगर पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री श्री विजय रूपाणी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख व्यक्त किया और परिवारजनों का ढांढस बंधाया।

अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि श्री विजय रूपाणी जी का एक लंबा राजनीतिक सफर रहा है। उनका जीवन सादगी भरा रहा और वे सदैव जनसेवा के लिए समर्पित रहे। हम लगातार संपर्क में थे, हमेशा एक- दूसरे से मिलते थे। उनके निधन से सिर्फ परिवार को ही नहीं, बल्कि गुजरात की जनता और पूरे देश में लोगों को गहरा सदमा पहुंचा है। मेरी भगवान से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और अपने श्रीचरणों में स्थान दें।

श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हाल ही में अहमदाबाद में हुआ विमान हादसा बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण घटना थी, जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने इस घटनाक्रम में सभी मृतकों को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए ईश्वर से परिजनों को दुःख सहन करने और दिवंगत आत्माओं को श्रीचरणों में स्थान देने की प्रार्थना भी की। इस मौके पर हरियाणा भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष श्री मोहन लाल कौशिक भी मौजूद रहे।

# योग जागरण यात्रा का किया गया आयोजन

संवाददाता
लाडवा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ब्रह्म सरोवर कुरुक्षेत्र के सफल आयोजन हेतु पतंजलि योग समिति लाडवा की तरफ से आज नगर में योग जागरण यात्रा का आयोजन किया गया जिसमें पतंजलि योग समिति के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं ने हर घर योग घर-घर योग, सुबह की शुरूआत योग के साथ, योग युक्त नशा मुक्त हरियाणा, करो योग रहो निरोग, गली-गली में जाएंगे सबको योग सिखाएंगे, गांव-गांव में जाएंगे सबको योग सिखाएंगे, नारे लगा करके शहर वासियों को योग के प्रति जागरूक किया। रैली का शुभारंभ भाजपा लाडवा के मंडल अध्यक्ष शिव गुप्ता जी ने ओम का झंडा दिखाकर किया।



रैली में सभी योग साधकों ने शॉप टू शॉप जाकर सभी दुकानदार व्यापारी वर्ग ग्राहक रेडी वाले चाय वाले सबको अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का निमंत्रण दिया । रैली के दौरान लोगों ने अपनी दुकानों से बाहर निकाल कर अपना रजिस्ट्रेशन करवाया एवं योग ऋषि स्वामी रामदेव जी महाराज एवं हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी जी का धन्यवाद किया कि उन्होंने कितने ऐतिहासिक कार्यक्रम के लिए कुरुक्षेत्र की भूमिका चुनाव किया।

यह रैली रामकुंडी शिवाला से चलकर मुख्य बाजार होती हुई रविदास मंदिर अंबेडकर चौक से पुनः रामकुंडी तक पहुंची। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए संयोजक डॉ मुकेश कुमार जिला प्रभारी पतंजलि परिवार हिसार एवम योगाचार्य कमल किशोर ने बताया कि 21 जून को अकेले लाडवा क्षेत्र से प्रत्येक गांव से सैकड़ो सैकड़ो की संख्या में लोग भाग लेंगे और शहर के लोगों में भी इसके लिए अत्यंत उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि कार्यकताओं ने प्रत्येक गांव व शहर के अलग-अलग वार्ड एवं रियासी क्षेत्र में लोगों को घर-घर जाकर योग के प्रति जागरूक किया है । उन्होंने यह भी बताया कि 19 एवं 20 जून को पुनः योग साधकों के घर-घर जाकर उनसे संपर्क किया जाएगा ताकि अधिकतम लोग इस विश्व रिकॉर्ड में शामिल हो सके एवं इतिहास के साक्षी बने। सामाजिक संस्थाएं धार्मिक संगठन आदि भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लेंगे।

इस कार्यक्रम में पतंजलि परिवार लाडवा से ओमप्रकाश मल्होत्रा, बबीता, योगाचार्य सुमन गर्ग, बलराम त्यागी, वीरभान बावा,ओम सिंह, अजय पोपली, तिलक राज कक्कड़, अशोक सेन, देवराज आर्य, विजय तनेजा, मास्टर नरेश, अनिल पानू, सतीश, वीरपाल सिंह, विपिन आर्य, जयकुमार, जोगिंदर सिंह, जोगेंद्र दलाल, विकास, नरेश, विनय मल्होत्रा, सीमा मल्होत्रा, पतंजलि योगपीठ से स्वामी प्रज्ञान देव, विज्ञान देव, विश्व देव, आचार्य विकास, विजेंद्र जांगड़ा, कुलदीप शर्मा, राहुल, अंग्रेज सिंह, प्रशांत शर्मा, राजवीर बल्हारा, अभिषेक सोलंकी, रामकुमार व विजेंद्र आर्य एवं नगर के गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

## संक्षिप्त-समाचार

### डिंपल बिंद्रा साउंड-रिकॉर्डिस्ट के पद पर पदोन्नत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के टेक्निकल असिस्टेंट के पद पर कार्यरत श्री डिंपल बिंद्रा को साउंड-रिकार्डिस्ट के पद पर पदोन्नत करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। वह फिलहाल मुख्य सचिव के कार्यालय में कार्यरत हैं।

### बिजली उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण आज

**चंडीगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली की आपूर्ति के लिए प्रतिबद्ध है। उपभोक्ता संतुष्टिह्व के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए बिजली निगम द्वारा अनेक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम प्रारंभ किये गए हैं ताकि उपभोक्ताओं की समस्याओं को त्वरित रूप में सुलझाया जा सके। बिजली निगम के प्रवक्ता ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच रेगुलेशन 2.8.2 के अनुसार में एक लाख रुपये से अधिक और 3 लाख रुपये तक की राशि के वित्तीय विवादों से संबंधित शिकायतों की सुनवाई करेगा। रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों नामतः करनाल, पानीपत, सोनीपत, झज्जर और रोहतक के उपभोक्ताओं की शिकायतों का निवारण रोहतक जोन की उपभोक्ता शिकायत निवारण मंच की कार्यवाही 20 जून को रोहतक में किया जायेगा। उन्होंने बताया कि रोहतक जोन के अंतर्गत आने वाले जिलों के उपभोक्ताओं के गलत बिलों, बिजली की दरों से सम्बंधित मामलों, मीटर सिक्योरिटी से जुड़े मामलों, खराब हुए मीटरों से सम्बंधित मामलों, वोल्टेज से जुड़े हुए मामलों का भी निपटान किया जाएगा।

### विश्व के 10 स्कूलों में रा.क.सी.से. स्कूल एनआईटी-5 फरीदाबाद का नाम शामिल होना है बड़ी उपलब्धि: महीपाल ढांडा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री श्री महीपाल ढांडा ने कहा कि ळ-4 एजुकेशन द्वारा विश्व के शीर्ष 10 स्कूलों में राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल एनआईटी-5 फरीदाबाद को शामिल किया गया है। यह उपलब्धि प्रदेश के राजकीय स्कूलों के लिए प्रेरणादायक है। इससे यह भी साबित होता है कि सरकारी स्कूल वैश्विक मंच पर श्रेष्ठता प्राप्त कर सकते हैं। प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट क्लासरूम, एसटीईएम लैब और शिक्षकों के प्रशिक्षण जैसी शिक्षा सुधार पहलों को नई ऊर्जा मिलेगी। मंत्री ने कहा कि राजकीय कन्या सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद की यह सफलता पूरे प्रदेश के लिए मार्गदर्शक है और सरकारी स्कूलों को नवाचार और समग्र छात्र कल्याण की दिशा में प्रेरित करती है।

### हरियाणा में एक आईएएस अधिकारी का तबादला

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने तुरंत प्रभाव से ऊर्जा विभाग के सचिव तथा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के प्रबंध निदेशक श्री ए. श्रीनिवास को श्री पंकज अग्रवाल के स्थान पर, हरियाणा का मुख्य निर्वाचन अधिकारी तथा विभाग का आयुक्त एवं सचिव लगाया है।

### ई-रिक्शा की चपेट में आने से बच्चे की मौत

**पानीपत।** समालखा के इंडस्ट्रियल एरिया में गुरुवार को खेलते समय अचानक चले ई-रिक्शा की चपेट में आने से छह वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। पुलिस ने शव को सरकारी अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। हादसे को लेकर अभी कोई शिकायत दर्ज नहीं करवाई गई है। बताया गया समालखा के इंडस्ट्रियल एरिया में दो बच्चे वहां खड़े ई-रिक्शा में खेल रहे थे। एक बच्चा गली में खेल रहा था। तभी अचानक रिक्शा ढलान से लुढ़क गया और छह वर्षीय मानव को अपनी चपेट में लिया। ई रिक्शा बच्चे के पेट और पैरों के ऊपर चढ़कर गुजर गया। इस दौरान उसके सिर में भी गंभीर चोट आई है। उसके कान और मुंह से खून निकलने लगा। परिजन तुरंत बच्चे को लेकर अस्पताल पहुंचे। डॉक्टरों ने प्राथमिक जांच के बाद मानव को मृत घोषित कर दिया। मृतक छह भाई-बहनों में से पांचवे नंबर का बच्चा था। मानव के पिता सुशील इंडस्ट्रियल एरिया में रहते हैं।

# संकल्प से सिद्धि और सिद्धि से समृद्धि तहत लाड़वा व गुढ़ा मे हुए कार्यक्रम

अनिल गोयल
लाड़वा

संकल्प से सिद्धि व सिद्धि से समृद्धि तक कार्यक्रम के तहत विश्व पर्यावरण दिवस, पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस, आपातकाल के काले अध्याय का 50 वर्ष पूरे होने पर लाड़वा रामकुंडी मे भाजपा संघठन का कार्यक्रम किया गया। जिसमे कुरुक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल ने मुख्यातिथि के रूप मे शिरकत की। उन्होंने पार्टी की नीतियों के बारे मे बताया और 21 जून हो होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए निमंत्रण दिया। उन्होंने कहा कि ये योग दिवस एक रिकार्ड कायम करेगा। साथ ही पशुधन विभाग के चेयरमैन धर्मबीर मिजार्पुर ने विस्तार से भाजपा की नीतियों और सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे विस्तार से बताया। डॉक्टर गणेश ने भी मंच के द्वारा सरकार की नीतियों का प्रचार किया व देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की दूरगामी सोच के बारे मे कार्यकताओं को बताया। साथ ही मुख्यमंत्री नायब सैनी के मिलनसार स्वभाव व उनके कार्य करने के तरीके की सराहना। वहीं लाड़वा विधानसभा के गुढ़ा मण्डल मे भी मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के प्रतिनिधि कैलाश सैनी जी गुढ़ा मण्डल के गाँव गुढ़ा पहुंचे। उन्होंने वहाँ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे मे लोगों को जागरूक किया व साथ ही 21 जून को कुरुक्षेत्र मे होने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के लिए हल्का वासियों को न्योता दिया। इस अवसर पर पशुधन विभाग के चेयरमैन धर्मवीर मिजार्पुर, मुख्यमंत्री प्रतिनिधि कैलाश सैनी, शाहबाद से सुभाष कलसाना, कुरुक्षेत्र सांसद नवीन जिंदल, कवलजीत कौर, डॉक्टर गणेश दत्त, लाड़वा मण्डल अध्यक्ष शिव गुप्ता, अंकुश गोयल, अमरजीत डांगी, गुढ़ा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र देबखेड़ा, मंडल महामंत्री जगदीप सैनी, विजय गाबा, यशपाल ध्यांगला, नैब सिंह पटाकमाजरा और राजकुमार सैनी, अमन सिंगला, राहुल छलोंदी के साथ भारी संख्या मे भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# गुरुग्राम विवि में तीन व चार जुलाई को होगा शहरी स्थानीय निकायों का राष्ट्रीय सम्मेलन

एजेंसी (हि.स.)
गुरुग्राम

जिला में आगामी 3-4 जुलाई को होने वाले शहरी स्थानीय निकायों के राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी आरंभ हो चुकी है। लोकसभा सचिवालय ने इस महत्वपूर्ण सम्मेलन के आयोजन की जिक्वमेवारी हरियाणा विधानसभा को दी है। गुरुवार को हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों को लेकर पीडबल्यूडी रेस्ट हाऊस में अधिकारियों की बैठक ली। डा. कृष्ण लाल मिड्ढा ने कहा कि इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों से शहरी स्थानीय निकाय संस्थाओं के मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन का आयोजन 3-4 जुलाई को गुरुग्राम विश्वविद्यालय परिसर में होगा। इस सम्मेलन में देश के सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के 500 से अधिक डेलिगेट्स भागीदारी करेंगे। इस सम्मेलन के लिए डेलिगेट्स का आगमन दो जुलाई को होगा, ऐसे में सभी के ठहरने की व्यवस्था गुरुग्राम में की जाएगी। उन्होंने डेलिगेट्स के स्वागत, ठहरने, आयोजन स्थल तक आवागमन, सम्मेलन के लिए पंजीकरण, राउंड द क्लॉक स्वास्थ्य सुविधाएं, यातायात प्रबंधन व सुरक्षा सहित अन्य इंतजामों को लेकर जिला प्रशासन गुरुग्राम के अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विधानसभा उपाध्यक्ष ने बताया कि लोकसभा सचिवालय से मिली जानकारी के अनुसार गुरुग्राम विश्वविद्यालय के मुख्य सभागार में उद्घाटन व समापन सत्र आयोजित होंगे। परिसर में ही पांच अलग-अलग थीम पर आधारित डेलिगेट्स के लिए विशेष सत्र आयोजित किए जाएंगे। आयोजन स्थल पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन व व्यापक प्रचार-प्रसार सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा द्वारा की जाएगी। सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। उन्होंने विभिन्न व्यवस्थाओं को लेकर विभाग की तैयारियों से आयोजन समिति को अवगत कराया।



# जुलाई में हो सकता है सीईटी

- हरियाणा के मुख्य सचिव ने की तैयारियों की समीक्षा

संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी ने ग्रुप-सी और डी पदों की भर्ती के लिए होने वाली सामान्य पात्रता परीक्षा (सीईटी) की तैयारियों की समीक्षा के लिए आज राज्य के सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की। सीईटी अगले महीने यानी जुलाई में लिए जाने की संभावना है।

मुख्य सचिव ने यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि परीक्षा स्वतंत्र, निष्पक्ष, सुचारू और पारदर्शी तरीके से आयोजित की जाए। बैठक के दौरान बताया गया कि सीईटी के लिए लगभग 13,48,697 आवेदन प्राप्त हुए हैं। आवेदकों की बड़ी संख्या और परीक्षा के पैमाने को देखते हुए, हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग यानी एचएसएससी ने दो से तीन दिनों की समय अवधि में परीक्षा आयोजित करने का प्रस्ताव दिया है।

श्री रस्तोगी ने सभी उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे अगले तीन दिनों के भीतर अपने-अपने जिलों में उपयुक्त परीक्षा केंद्रों की पहचान करने की प्रक्रिया शुरू करें। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि केंद्रों का चयन सुरक्षा, रसद, परिवहन पहुंच और उम्मीदवारों को समायोजित करने की क्षमता को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। उन्होंने उपायुक्तों को निर्देश दिए कि वे इन सभी केंद्रों का पुलिस और नागरिक प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से निरीक्षण करवाएं।

**जन्मदिन की बधाई**



रॉयल सुपुत्र विनोद यादव लाडवा को उस के 5 वें जन्मदिन की हार्दिक बधाई

पौधरोपण

## एचएसआईआईडीसी बनाएगी विस्तृत कार्य योजना, 15 जुलाई को होगा मास पौधारोपण अभियान

# मानसून से पहले एक्सप्रेसवे के दोनों ओर बड़े पैमाने पर होगा पौधारोपण: राव नरबीर सिंह

संवाददाता
चंडीगढ़

हरियाणा के पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री श्री राव नरबीर सिंह ने निर्देश दिए हैं कि कुंडली–मानेसर–पलवल (ङ्कटढ) एक्सप्रेसवे के दोनों ओर पेड़ लगाने की प्रक्रिया को तेज किया जाए और इस मानसून से पहले एचएसआईआईडीसी एक ठोस कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा कि पौधे वन विभाग द्वारा उपलब्ध करवाए जाएंगे, लेकिन इनकी देखभाल, सुरक्षा और रखरखाव की जिम्मेदारी पूरी तरह एचएसआईआईडीसी की होगी, और इन पौधों पर वन विभाग का मालिकाना हक नहीं रहेगा।

राव नरबीर सिंह आगामी वन महोत्सव को लेकर आयोजित विभिन्न विभागों की समन्वय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस मानसून में राज्यभर में बड़े पैमाने पर पौधारोपण किया जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि 15 जुलाई को राज्यभर में एक साथ मास पौधारोपण किया जाएगा। यह अभियान सार्वजनिक स्थलों, तालाबों, नदियों के किनारे और पंचायत भूमि पर चलेगा। इसमें एनजीओ, सामाजिक संस्थान, औद्योगिक घरानों का सहयोग लिया जाएगा। शहरी क्षेत्रों के प्रमुख चौराहों पर पौधारोपण का जिम्मा उद्योगों को सौंपा जाएगा और इन स्थानों पर संबंधित कंपनी की पट्टिका लगाई जाएगी।



श्री राव नरबीर ने बताया कि ङ्कटढ एक्सप्रेसवे पर पौधारोपण दो चरणों में किया जाए। पहला चरण कुंडली से मानेसर और दूसरा मानेसर से पलवल तक। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक हो तो किसी अनुभवी लैंडस्केप एजेंसी की सेवाएं ली जा सकती हैं। उन्होंने अधिकारियों को 26 जून तक विस्तृत कार्य योजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने रायपुर नर्सरी में नीम, पीपल, पिलखन, अर्जुन, बड़ जैसे पेड़ों को तीन–चार वर्षों तक पाल–पोसकर परिपक्व बनाया जाएगा ताकि बाद में उन्हें विभिन्न स्थानों पर रोपित किया जा सके। वहीं, दक्षिण हरियाणा में खेजड़ी, रोहेड़ा, जाल, रोंझ जैसे प्रजातियों को प्रोत्साहित करने हेतु किसानों को योजना के तहत लाभ देने पर भी चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि ठल्अक और रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (फ्ꕂळर) की परियोजनाओं में हरियाणा वन विकास निगम को पौधारोपण का कार्य सौंपा गया है। ङ्कटढ के 12-13 फीट ऊंचे स्ट्रक्चर पर तीन लाइनों में अलग-अलग प्रजातियों के पौधे लगाने का सुझाव दिया गया। इसके अलावा, एचएसआईआईडीसी के औद्योगिक क्षेत्रों में सड़कों के नाम के अनुरूप पौधों की प्रजातियों को चिह्नित कर रोपण किया जाएगा।

बैठक में उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के सचिव एवं आयुक्त डॉ. अमित अग्रवाल, हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के चेयरमैन श्री विनीत गर्ग, एचएसआईआईडीसी के प्रबंध निदेशक श्री यश गर्ग तथा वन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## संपादकीय

# इजराइल और ईरान में जारी सैन्य संघर्ष को झेल रहे सैकड़ों भारतीय छात्र -छात्राएं, उम्मीद है तो बस केवल भारत सरकार पर

जी हां अब चूंकि इजराइल और ईरान के बीच जारी सैन्य संघर्ष सीधा युद्ध का रूप लेता दिखाई दे रहा है और पश्चिम एशिया में तनाव अपने चरम पर है। सबसे ज्यादा चिंता ईरान में फंसे हजारों भारतीय छात्र-छात्राओं की हो रही है जो आज भी वहां से किसी तरह से भी निकल कर वतन वापिसी की बाट जोह रहे हैं। गौरतलब है कि ईरान में लगभग 4000 भारतीयों में से 2000 से अधिक छात्र अलग-अलग मेडिकल और तकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत हैं। गर हम दोनों देशों की बीच चल रही सैन्य कार्रवाई की बात करें तो बीते एक सप्ताह से दोनों देशों की सैनाओं ने मध्य पूर्व की सुरक्षा को खतरे में डाल दिया है, इतना ही नहीं इस बेवजह के कथित युद्ध ने पूरी दुनिया की कूटनीतिक व्यवस्था को भी चुनौती दे दी है। युद्ध की पृष्ठभूमि में जहां तेल बाजार उथल-पुथल से गुजर रहे हैं, वहीं आम नागरिक, विदेशी नागरिक और विशेष रूप से छात्र वर्ग सबसे अधिक प्रभावित हो रहे हैं। इस सीधे टकराव की शुरूआत 13 जून, 2025 को इजराइल के उस कदम से हुई जब इसने ईरान के परमाणु और सैन्य ठिकानों पर बड़े पैमाने पर हवाई हमले किए। इस कदम को ह्यऑपरेशन राइजिंग लायनह्ल का नाम दिया, जिसमें इजराइली वायुसेना ने अत्याधुनिक मिसाइलों और ड्रोन का उपयोग किया। जवाब में ईरान ने 150 से अधिक मिसाइलें और दर्जनों कामिकाजे ड्रोन इजराइल की ओर दागे, जिससे दोनों देशों की सीमाओं पर और प्रमुख शहरों में तबाही का मंजर देखा गया। इस संघर्ष में सबसे अधिक नुकसान आम नागरिकों और प्रवासी लोगों को उठाना पड़ा है। बमबारी और ब्लैकआउट के बीच छात्रों को सुरक्षित आश्रय स्थलों तक पहुंचाने में भारी दिक्कतें आ रही हैं। कई छात्रों को 1000 किलोमीटर से अधिक की दूरी सड़क मार्ग से तय करनी पड़ रही है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने हालात की गंभीरता को देखते हुए 17 जून से 'ऑपरेशन सिंधु' की शुरूआत की। इसके तहत विशेष उड़ानों और सड़क मार्ग के जरिए अपने नागरिकों को ईरान से सुरक्षित निकाला। पहले चरण में 110 भारतीय छात्र उरमिया यूनिवर्सिटी से निकालकर आर्मेनिया होते हुए दिल्ली लाए गए। भारत सरकार ने तेहरान और यरवेन (आर्मेनिया) स्थित दूतावासों में 247 हेल्पलाइन नंबर सक्रिय कर दिए हैं। निकासी के लिए इराक, आर्मेनिया और तुर्कमेनिस्तान जैसे पड़ोसी देशों की मदद ली जा रही है। अमेरिका, रूस, चीन, फ्रांस और भारत जैसे बड़े देश इस संघर्ष को लेकर चिंता जता चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने भी दोनों देशों से संयम बरतने और वार्ता के माध्यम से विवाद का समाधान निकालने की अपील की है। ईरानी सेना ने दावा किया है कि उसने इजराइली हमलों का सफलतापूर्वक जवाब दिया है। वहीं तेहरान, मशहद और इस्फहान जैसे शहरों में रुक-रुक कर ब्लैकआउट, साइरन और फाइटर जेट्स की आवाजें लोगों को भयभीत कर रही हैं। देश का एयरस्पेस अब भी अधिकांश हिस्सों में बंद है। इजराइल का दावा है कि उसके हमलों का उद्देश्य ईरान के परमाणु हथियारों के संभावित विकास को रोकना है। रक्षा मंत्री योव गैलांत ने बयान में कहा– 'हम अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे, चाहे वह किसी भी सीमा तक क्यों न जाए।' अब बात करते हैं ईरान में फंसे छात्रों की भयावह स्थिती की। ईरान में फंसे भारतीय छात्रों ने हालात को डरावना और अराजक बताया है। मेडिकल छात्रा फातिमा खाखी ने कहा– 'हम डॉक्टर बनने आए थे, युद्ध झेलने नहीं। मिसाइल की आवाज, ब्लैकआउट और सायरन हमारी दिनचर्या बन गई है।' कई छात्रों ने बताया कि वे सीमाओं तक पहुंचने के लिए कई दिनों तक भूखे-प्यासे रहे। कोलकाता की प्रोफेसर फलगुनी डे ने कहा– 'बॉर्डर पर सिस्टम नहीं, सिर्फ इंसानियत काम आई।' छात्रावासों में पर्याप्त भोजन या दवाओं की कमी से तनाव और बढ़ गया। कई छात्रों ने 1000 किमी से अधिक दूर आस्टरा (ईरान-आजरबाइजान सीमा) की कठिन यात्रा के बाद आश्रय केंद्र हासिल किया। इस मानवीय संकट में जब विस्फोटों की आवाजों ने नींद तक छीन ली, तब इन छात्रों ने सिर्फ साहस ही नहीं, बल्कि अद्भुत आत्मसंयम का परिचय भी दिया। तेहरान की इस्लामी एजाद यूनिवर्सिटी की छात्रा ने कहा–ऱहम यहां पढ़ाई के लिए आए थे, लेकिन अब हर दिन बम धमाकों और सायरनों की आवाज में जागते हैं। यह युद्ध हमसे हमारी मानसिक शांति, शिक्षा और सुरक्षा सब कुछ छीन रहा है।' वे बताती हैं कि हर रात छात्रावास के कमरे ब्लैकआउट में डूबे होते हैं, ताकि ड्रोन हमलों से बचा जा सके। नींद में भी डर बना रहता है कि कब कोई धमाका सब कुछ तहस-नहस कर दे। उरमिया मेडिकल यूनिवर्सिटी के छात्र निखिल वर्मा ने बताया कि उन्हें और उनके साथियों को रातोंरात एक बस में बैठाकर ईरान-आर्मेनिया बॉर्डर की ओर रवाना किया गया। कोई ठोस जानकारी नहीं दी गई थी, बस कहा गया: 'बस में बैठो और जल्दी निकलो।' 'हमारे पास न खाने का इंतजाम था, न किसी को यह पता था कि हम किस शहर में हैं। 20 घंटे के सफर में सिर्फ एक बार खाने के लिए रुके। सबसे कठिन बात यह थी कि हमें अपने कई जरूरी सामान वहीं छोड़ने पड़े।' एक अन्य छात्रा रुचि सिंह, जो फारसी सीख रही हैं, बताती हैं कि जिस दिन इजराइल ने पहले हमले किए, उस दिन उनकी क्लास चल रही थी। अचानक खिड़कियों के बाहर तेज गूंज और फिर हड़कंप मच गया। 'हम सोच भी नहीं सकते थे कि वो आवाज मिसाइल की थी। फिर सभी को बंकर जैसी जगह में ले जाया गया। हम 5 घंटे वहीं रहे, न कोई नेटवर्क, न जानकारी। बस एक डर था - कि अब क्या होगा?' 'बैंक बंद हैं, रुपये खत्म हो गए हैं, एटीएम काम नहीं कर रहे। पर लोगों ने हमें खाना दिया, कपड़े दिए। प्रशासनिक प्रक्रिया जैसे वीजा, इमीग्रेशन कोड–सब ध्वस्त हैं।' तमाम छात्र यही कह रहे हैं कि वे भारत सरकार के संपर्क में हैं, लेकिन उन्हें डर है कि कहीं वे इस वैश्विक कूटनीतिक संघर्ष में ह्यउपेक्षित नागरिकह्ल न बन जाएं। 'माँ हर दिन रोती है फोन पर। हम भी अंदर से टूट चुके हैं। हमें किसी एयरलिफ्ट की नहीं, सुरक्षित लौटने की जरूरत है।' – यह कहना था तेहरान विश्वविद्यालय के छात्र अनिकेत सिंह का। इन छात्रों की आपबीती इस बात का प्रमाण है कि युद्ध की कीमत केवल सैनिक नहीं, आम नागरिक–खासतौर पर छात्र–भी चुकाते हैं। शिक्षा, सपना और ज़िंदगी–सब कुछ अनिश्चितता में घिर गया है। दूसरी ओर भारत सरकार ने ऐसे फंसे हुए छात्रों के लिए इंडियन एम्बेसी, 247 हेल्पलाइन नंबर और स्थानीय इमरजेंसी कंट्रोल रूम लॉन्च किए। एम ई ए ने इजराइल-ईरान संघर्ष पर गहरी चिंता जताई है। विदेश मंत्री जयशंकर ने दोनों देशों से त्वरित संकल्प की अपील की, जिससे उच्च वोल्टेज युद्ध ना बढ़े। भारत की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा रही है। 247 हेल्पलाइन नंबर और ईम्बेसी कंसुलेट्स ईरान, येरवेन, तुर्कमेनिस्तान और भारत के टोकियों में सक्रिय है। सरकार को भी राहत कार्य करने में कई चुनौतियां देखने को मिल रही हैं। आर्मेनिया, तुर्कमेनिस्तान के रास्ते समेत स्थानीय सरकारों व भारतीय दूतावासों के बीच त्वरित समन्वय जरूरी है जो अभी उम्मीद से कम है। छात्रों को नकद सहायता और वीजा सुविधा की व्यवस्था क्रूर हवा में उन्हें चलने में मदद कर सकती है। इमरजेंसी में फंसे छात्र अवसाद, पीटीएसडी जैसी चुनौतियों से निपट रहे हैं। इसलिए भारत सरकार को साइको-सोशल सहायता त्वरित देनी होगी। अंत में कह सकते हैं कि ईरानी एयरस्पेस में अस्थिरता, मिसाइल हमले, यात्रा प्रतिबंध ने भारतीय छात्रों का जीवन एक तीव्र मानवाधिकार संकट में बदल दिया है। भारत सरकार को भविष्य में ऐसी स्थिति से निपटने के लिए विदेशी संकट प्रबंधन में तेजी लानी होगी। सहयोगी देशों के साथ समय पर संकल्प करना होगा। सरकारी सहायता त्वरित तौर पर उपलब्ध करवानी होगी। यदि संघर्ष गहराता है तो भारत को द्विपक्षीय व बहुपक्षीय मंचों पर शांतिपूर्ण समावेशी हल प्रस्तावित करना चाहिए।

## आज का राशिफल

**मेषः** आज महिलाओं को सोशल मीडिया पर अत्यधिक सक्रियता से बचना चाहिए। किसी की बातों में आकर अपने पारिवारिक रिश्तों को खराब न करें। माता-पिता की सेहत पर ध्यान देना आवश्यक है। छात्र वर्ग पढ़ाई में लापरवाही न करें वरना परिणाम प्रभावित हो सकते हैं।

**वृषभः** आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और कार्यक्षेत्र में आप पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करेंगे। हालांकि एसिडिटी या पाचन से जुड़ी समस्या हो सकती है, खान-पान पर संयम रखें। अविवाहित लोगों के लिए विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं। व्यापार में विस्तार की योजना सफल हो सकती है।

**मिथुनः** नौकरी या व्यवसाय में आप कुछ नये प्रयोग करेंगे जो सफल भी हो सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्रेम और मधुरता बनी रहेगी। घर का वातावरण शांत और सहयोगी रहेगा। भावनात्मक संबंधों में गहराई आयेगी। छोटी दूरी की यात्रा से लाभ मिल सकता है। व्यावसायिक साझेदारी भी मजबूत हो सकती है।

**कर्कः** पैतृक व्यापार से लाभ की संभावना है। आप अपने नये लक्ष्यों की दिशा में मजबूती से बढ़ेंगे। घर में सकारात्मक और शांतिपूर्ण वातावरण बना रहेगा। दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी जिससे कार्य में गति मिलेगी। विद्यार्थी पढ़ाई को लेकर गंभीर रहेंगे।

**सिंहः** आज कार्यों में अपेक्षित गति नहीं मिलेगी। थकान और ऊर्जा की कमी महसूस हो सकती है। परिवार का पूर्ण सहयोग न मिलने से मन व्यथित हो सकता है। कानूनी मामलों में उलझनें बढ़ सकती हैं। बच्चों की तबीयत को लेकर चिंता बनी रहेगी।

**कन्याः** पुराने मित्रों से शुभ समाचार मिल सकता है। संपत्ति से जुड़े मामलों में लाभ के संकेत हैं। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और आप ऊजार्वान महसूस करेंगे। लोग आपकी कार्यशैली और सोच की सराहना करेंगे। हालांकि, मन में कई विचार एक साथ आ सकते हैं जिससे थोड़ी बेचैनी रह सकती है।

**तुलाः** आज आप व्यापार के विस्तार की योजना बना सकते हैं। घर के लिए कोई नयी चीज खरीद सकते हैं। समय का उपयोग आप बेहद सृजनात्मक ढंग से करेंगे। किसी कला या रचनात्मक गतिविधि में आपकी विशेष रुचि हो सकती है। खान-पान पर संयम रखें, खासकर तले-भुने पदार्थों से बचें।

**वृश्चिकः** आज आप अपनी संतान की शिक्षा को लेकर गंभीर रहेंगे और उसमें निवेश कर सकते हैं। सोच-समझकर काम करने से लाभ मिलेगा। खर्चों पर नियंत्रण रखने की जरूरत होगी। प्रेम संबंधों में नजदीकियां बढ़ेंगी। प्रतिस्पर्धी भावनाएं भी उभर सकती हैं, जिससे प्रेरणा मिलेगी लेकिन जल्दबाजी न करें।

**धनुः** अपनी बातों पर अड़ जाने की प्रवृत्ति को नियंत्रित करें। शिक्षा क्षेत्र में कार्यरत लोगों को सम्मान प्राप्त होगा। स्वास्थ्य में थोड़ी गड़बड़ी संभव है। जीवनसाथी आपसे विशेष उपहार की अपेक्षा कर सकता है। आर्थिक मामलों में थोड़ी परेशानी संभव है, विशेषकर संपत्ति से जुड़े मामलों में।

**मकरः** विदेशी संपर्क या व्यवसाय से आपको लाभ मिल सकता है। नई योजनाओं पर कार्य शुरू कर सकते हैं। वरिष्ठ अधिकारियों का समर्थन मिलेगा। वैवाहिक जीवन में चल रहा तनाव दूर हो सकता है। नए संपर्क व्यापार को बढ़ावा देंगे। स्वास्थ्य संबंधी चिंता दूर होगी।

**कुंभः** रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा जिससे आत्मबल बढ़ेगा। दोस्तों के साथ समय बिताकर तनाव से राहत मिलेगी। आर्थिक मामलों में दिन शुभ है, विशेषकर फाइनेंस या बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए। आप अपनी पसंदीदा गतिविधियों में समय बिता सकते हैं।

**मीनः** आपकी कार्यकुशलता लोगों को प्रभावित करेगी। उच्च पदस्थ लोगों को कार्य में सफलता मिलेगी। वचनबद्धता निभाने में आप सफल होंगे। घरेलू खर्चों पर नियंत्रण रहेगा। परिवार में प्रेम और सहयोग का माहौल बना रहेगा। फैशन, मीडिया या फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोग लोकप्रिय हो सकते हैं।

# डूंगरपुर के लोक में बसा बालिका कालीबाई का बलिदान

रमेश शर्मा (हि.स.)



यह घटना उन दिनों की है जब अंग्रेजों ने भारत से जाने की घोषणा कर दी थी और भारत विभाजन की प्रकिया भी आरंभ हो गई थी। लेकिन अंग्रेज जाते जाते कुछ ऐसा करके जाना चाहते थे चर्च की जमाशट पर कोई अंतर न आये और न उनकी कोई सांस्कृतिक परंपरा प्रभावित हो। इसके लिये उनके कुछ स्लीपर सेल सक्रिय थे जो देशभर में काम रहे थे। इसी षड्यंत्र में इस बालिका का बलिदान हुआ।

कालीबाई एक तेरह वर्षीय वनवासी बालिका थी। यह राजस्थान के डूंगरपुर जिले के वनांचल की रहने वाली थी। कालीबाई का जन्म कब हुआ इसका इसका उल्लेख कहीं नहीं मिलता। अनुमानतः कालीबाई का जन्म जून 1934 माना गया। अंग्रेजीकाल में चर्च ने वनवासी अंचलों में अपने विद्यालय आरंभ करने का अभियान चलाया हुआ था। जिनका उद्देश्य वनवासी समाज को उनके मूल से दूर करना था। उनकी शिक्षा की शैली कुछ ऐसी थी कि वनवासी क्षेत्र में मतान्तरण तेजी से होने लगा था।

उस समय के अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और सामाजिक सांस्कृतिक संगठन इसके लिये चिंतित थे। विशेषकर ऐसे स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जो आर्यसमाज या राम-कृष्ण मिशन से जुड़े हुये थे उनमें यह भाव अधिक प्रबल था। राजस्थान में स्वामी दयानन्द सरस्वती और स्वामी विवेकानंद के बहुत प्रवास हुये थे इसलिये राजस्थान क्षेत्र में इन दोनों संस्थाओं का प्रभाव था। सुप्रसिद्ध स्वाधीनता सेनानी नानाभाई खांट आर्यसमाज से जुड़े थे। उन्होंने डूंगरपुर जिले के रास्तापाल गांव में एक विद्यालय आरंभ किया। विद्यालय में वनवासी बच्चों की शिक्षा का प्रबंध किया गया था। विद्यालय में उस समय की आधुनिक शिक्षा तो दी जाती थी पर भारतीय गुरु शिष्य परंपरा को भी जीवंत किया था।

विद्यालय ने शाम को एक प्रार्थना सभा का आरंभ भी किया। जिसमें वनवासी परिवार भी आने लगे। इस विद्यालय में मुख्य शिक्षक सेंगाभाई थे। वनवासी बालिका कालीबाई भी यहां पढ़ने आती थी। यह भील समाज से संबंधित थी। उसकी आयु अनुमानित तेरह वर्ष थी। यह क्षेत्र डूंगरपुर रियासत के अंतर्गत आता था। आर्यसमाज ने विद्यालय आरंभ करने की अनुमति महारावल डूंगरपुर से ले ली थी। इस क्षेत्र में एक चर्च भी सक्रिय था। इस विद्यालय और उसकी गतिविधि से वनवासी समाज चर्च से दूर होने लगा।

चर्च को आपत्ति हुई। चर्च ने कमिश्नर को शिकायत की। अंग्रेजों ने भले भारत से जाने की घोषणा कर दी थी पर उनकी पूरी प्रशासनिक व्यवस्था और रियासतों पर रुतबा कम न हुआ था। शिकायत मिलते ही कमिश्नर ने डूंगरपुर के महारावल पर दबाब बनाया और विद्यालय बंद करने के आदेश हो गये। आदेश मिलते ही नानाभाई ने विद्यालय तो यथावत रखा और उन्होने महाराज से मिलने का प्रयास किया लेकिन अनुमति न मिली। मिलने का समय टाला गया। नानभाई को आशा थी महाराज से मिलने के बाद अनुमति यथावत हो जायेगी, इसलिये विद्यालय बंद न हुआ। वे यह भी जानते थे कि अंग्रेज तो जाने वाले हैं। तब चर्च और अंग्रेज अधिकारियों के आगे क्यों झुकना। उनके इनकार करने से अधिकारी बौखला गये।

भारी पुलिस बल के साथ अधिकारी विद्यालय पहुंचे। वे ताला लगाकर विद्यालय सील करना चाहते थे। किन्तु शिक्षक सेंगाभाई ने विद्यालय के द्वार पर खड़े होकर रास्ता रोकना चाहा। पुलिस ने पकड़ कर किनारे किया और विद्यालय पर ताला लगा दिया। शिक्षक सेंगाभाई को रस्सी से गाड़ी के पीछे बांध दिया गया। गाड़ी रवाना हुई तो शिक्षक सेंगाभाई घसीटते हुये जा रहे थे। उनका पूरा शरीर लहूलुहान हो गया। रास्ते में कालीबाई खेत में काम कर रही थी। उसने देखा कि उनके गुरु को पुलिस गाड़ी में पीछे बांधकर घसीटते हुये लेकर जा रही है।

कालीबाई के हाथ में हंसिया था। वह हंसिया लेकर दौड़ी और रस्सी काट दी। पुलिस इससे और बौखला गई। पुलिस ने गोलियां चला दीं। पुलिस की गोली से कालीबाई का शरीर छलनी हो गया। गोली की आवाज सुनकर भील समाज एकत्र हो गया। सबने शिक्षक की दुर्दशा और अपनी बेटी का शव देखा। पूरा भील समाज आक्रोशित हो गया और पुलिस दोनों को छोड़कर भाग गई।

कालीबाई का बलिदान मौके पर ही हो गया था। यह घटना 19 जून 1947 की बताई जाती है। सेंगाभाई इतने घायल हो गये थे कि रात में उनका भी प्राणांत हो गया। अगले दिन 20 जून को दोनों का अंतिम संस्कार किया गया। गुरु के प्राण बचाने के लिये बालिका कालीबाई का बलिदान इतिहास की पुस्तकों में आज भी लोकगीतों के रूप में दर्ज है। स्वतंत्रता के बाद उस स्थान पर एक पार्क बनाया गया है। इस पार्क में कालीबाई की प्रतिमा भी स्थापित है।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# चेतना के दो रूप हैं कैलाश और केदार



कैलाशी पीयूष शर्मा (हि.स.)

हर साल जून का महीना उत्तराखंड त्रासदी के जख्म हरे कर जाता है। 16 जून 2013-यह एक ऐसा कालखंड है, जिसे स्मरण करते ही हिमालय की शांत घाटियां सिसकियां भरती प्रतीत होती हैं और पवित्र नदियां अपने प्रवाह में एक गहरी वेदना लेकर बहती हैं। उत्तराखंड की इस त्रासदी ने हजारों श्रद्धालुओं, यात्रियों, ग्रामीणों और जीवन से भरे घाटियों को चिर शांति में लीन कर दिया। यह केवल एक प्राकृतिक आपदा नहीं थी, यह उस चेतावनी का रूप थी जिसे प्रकृति ने हमें चेतने के लिए भेजा था।

मैं स्वयं उस समय कैलाश मानसरोवर यात्रा पर था। यह यात्रा उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल से होकर निकलती है-अल्मोड़ा, धारचूला, नारायण स्वामी आश्रम से होते हुए भारत-नेपाल की सीमा रेखा काली नदी के किनारे-किनारे चलते हुए यात्री लिपुलेख दर्रे को पार कर तिब्बत (अब चीन-शासित क्षेत्र) की ओर बढ़ते हैं, जहां श्रद्धालु बाबा भोलेनाथ के पावन धाम कैलाश पर्वत के दिव्य दर्शन के साथ परिक्रमा लगाते हैं फिर ब्रह्मा जी के मानस से निर्मित पवित्र मानसरोवर झील में स्नान कर हवन-पूजन कर अपने आप को धन्य अनुभव करते है।

किंतु उसी समय 15 जून की रात्रि से ही गढ़वाल मंडल की केदार घाटी में भीषण त्रासदी प्रकट हो रही थी। मूसलधार बारिश, बादल फटने और भूस्खलनों ने वहां का पूरा जीवन अस्त-व्यस्त कर दिया था। हजारों श्रद्धालु असमय काल के ग्रास बने। असंख्य परिवार उजड़ गए। और उस तीर्थभूमि ने रक्त और आंसू का ऐसा संगम देखा, जिसे कोई शब्द पूर्णतः व्यक्त नहीं कर सकता।

हमारा जत्था हिमालय की ऊंचाइयों में था। मौसम की मार से रास्ते बंद हो गए थे। संपर्क कट चुका था और आवश्यक संसाधनों की आपूर्ति भी बाधित हो चुकी थी। बाद में वायुसेना के वीरों ने हमें हेलीकॉप्टरों से सुरक्षित निकाला। लेकिन उस संकट की घड़ी में, पूज्य गुरुजी की एक सीख गूंजती रही-ऱपहाड़ पर पहाड़ जैसे रहना, जैसा वह रखे वैसा रहना।' इसने हमें संयम, श्रद्धा और संकल्प के साथ परिस्थिति को स्वीकारने और आनंद के साथ जीने की शक्ति दी।

कैलाश यात्रा अपने आप में केवल एक तीर्थयात्रा नहीं है-यह आत्मा की यात्रा है। यह रोमांच से अधिक आत्मसमर्पण की यात्रा है। जहां सांसें थम जाती हैं, वहीं ध्यान जागता है। हिमालय की गोद में शिव स्वयं उपस्थित हैं-वटवृक्ष नहीं, ऊंचे पर्वत ही उनके आसन हैं। यहां मनुष्य को अपने सबसे सूक्ष्म रूप में अपने आप से साक्षात्कार होता है।

उत्तराखंड की संस्कृति हिमालय जितनी ही ऊंची और नदियों जितनी ही गहराई लिए होती है। यहां के गांवों में लोकगीतों में शिव बसते हैं, और यहां की स्त्रियां दुर्गा की तरह श्रमशील और शक्तिशाली होती हैं। यहां के बच्चे भी गाय-भेड़ें चराते हुए नंदा देवी की कहानी सुनाते हैं। यह केवल भौगोलिक भूमि नहीं, यह देवभूमि है-जहां प्रकृति और परमात्मा दोनों का साक्षात्कार होता है।

2013 की आपदा ने हमें यह सिखाया कि प्रकृति के साथ संतुलन ही उत्तर है। यदि हमने अपने पहाड़ों को, नदियों को, और पर्वतीय जीवनशैली को नहीं समझा, तो यह सौंदर्य विनाश का कारण बन सकता है। आज हम उन सभी श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं जो केदार घाटी की त्रासदी में कालवश हो गए। वे तीर्थ यात्री नहीं, हमारे सनातन विश्वास के वीर सैनिक थे, जिन्होंने परम पथ की ओर यात्रा करते हुए देह का त्याग किया।

और साथ ही, यह भी प्रण लें कि हिमालय की गोद में बसे इस प्राकृतिक धरोहर को सुरक्षित रखें। विकास के नाम पर विनाश की राह न चुनें। यात्राओं को श्रद्धा और संयम से करें। पर्यावरण के नियमों और स्थानीय संस्कृति के साथ समन्वय बनाकर आगे बढ़ें। कैलाश और केदार दोनों एक ही चेतना के दो रूप हैं। एक मौन तपस्या है, दूसरा प्रकट करुणा। और दोनों हमें यही सिखाते हैं-जो गया है, वह भी शिव में लीन हुआ है। और जो बचा है, वह भी शिव की इच्छा से ही बचा है। ॐ नमः शिवाय। ॐ शांति! शांति!! शांति!!!

दुर्भाग्य से केदारनाथ त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान 12 साल बाद भी रहस्य बनी हुई है। बड़ा रहस्य उन 702 लोगों की पहचान का है, जिनके डीएनए नमूनों की रिपोर्ट पुलिस के पास है। आपदा में लापता हुए अपनों की पहचान के लिए 6000 से अधिक लोगों ने अपने डीएनए नमूने लैब को दिए थे। इनमें से भी इन 702 लोगों की पहचान नहीं हो पाई। ऐसे में अब इन डीएनए नमूनों का अपनों के लिए इंतजार बढ़ता जा रहा है।

भारत में सदी की सबसे बड़ी त्रासदियों में से एक 2013 केदारनाथ त्रासदी में देश के हजारों परिवारों ने अपनों को खोया था। पुलिस ने कई हजार लोगों को बचाया भी था, लेकिन केदार घाटी और आसपास के इलाकों में वर्षों तक शव और उनके हिस्से पुलिस को मिलते रहे हैं। सैकड़ों शवों और कंकालों का पुलिस ने ही अंतिम संस्कार कराया था। आज भी कहीं-कहीं कंकाल और अवशेष मिलते रहते हैं।

**(लेखक, धर्म और आस्था के केंद्रों के यायावर हैं।)**

# विमान हादसे का सच उगलता है ब्लैक बॉक्स



बाल मुकुन्द ओझा

जब कभी कोई विमान हादसा होता है, तो सभी एजेंसियां विमान के ब्लैक बॉक्स को खोजने में लग जाती हैं। अहमदाबाद में हाल ही हुए विमान हादसे के बाद एक बार फिर ब्लैक बॉक्स की चर्चा सरगर्म है।

ब्लैक बॉक्स बरामद भी कर लिया गया है जिसकी गहन जाँच की जा रही है। यह एक बहुत महत्वपूर्ण उपकरण है जिसकी ज्यादा चर्चा नहीं होती मगर जब भी कोई हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त होता है तो तत्काल बाद इस उपकरण की खोज शुरू हो जाती है ताकि दुर्घटना के असली कारणों का पता लगाया जा सके। जब भी कोई हवाई जहाज दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है तो उसकी जांच की शुरूआत ब्लैक बॉक्स से ही होती है। जाँच एजेंसिया सबसे पहले ब्लैक बॉक्स को ही खोजते है ताकि विमान के क्रेस होने की सही सही जानकारी मिल सके। गत 68 सालों से ब्लैक बॉक्स ही वो चीज है जो विमान दुर्घटनाओं के बाद जांचकताओं की मदद करती है। उड़ान अभिलेखक जिसे अंग्रेजी में ब्लैक बॉक्स कहा जाता है, वायुयान में उड़ान के दौरान विभिन्न सूचनाओं को क्रियान्वित करने वाला महत्वपूर्ण उपकरण है।

ब्लैक बॉक्स काले रंग का बॉक्स होता है जो फ्लाइट के दौरान के सभी अहम रिकॉर्ड को सुरक्षित रखता है। दुर्घटना से पहले के आखिरी संवाद इसमें रिकॉर्ड हो जाते हैं। ब्लैक बॉक्स टाइटेनियम धातु का बना होता है और इसकी खास बात ये है कि दुर्घटना की स्थिति में ये पानी, चट्टान, जंगल कहीं भी गिरने पर भी पूरी तरह सुरक्षित रहता है और इसके जरिए विमान की दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा सकता है। ब्लैक बॉक्स में हवाई जहाज से जुड़ी जानकारियाँ, जैसे कि विमान की गति, ऊँचाई, इंजन तथा अन्य यंत्रों की ध्वनी, यात्रियों और पायलटों की बातचीत आदि, दर्ज होती रहती है।

इन सूचनाओं के विश्लेषण द्वारा विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की स्थिति में दुर्घटना के कारणों की पहचान की जाती है। दुनिया के देशों को वर्ष 1953-1954 में हवाई हादसों की श्रंखला के बाद हवाई जहाज में एक ऐसा उपकरण लगाने की जरूरत महसूस की जो कि दुर्घटना के समय या उससे तुरंत पहले वायुयान में होने वाले हलचलों और आँकड़ों को संग्रहित कर रख सके तथा जो दुर्घटनाओं में सुरक्षित रहे। ब्लैक बॉक्स बेहद मजबूत धातु टाइटेनियम का बना होता है। किसी भी एयरक्राफ्ट में लगने वाले ये रिकॉर्डर बहुत सारे परीक्षणों से गुजरते हैं।

डिवाइस में डेटा डिजिटली सुरक्षित होता है वो नष्ट न हो इसलिए इन्हें शॉक-प्रूफ बनाया जाता है। साथ ही यह एक घंटे तक 1,110 डिग्री सेंटीग्रेड के तापमान को और कम से कम दस घंटे तक ढाई सौ डिग्री सेंटीग्रेट के तापमान को सहने की क्षमता रखते हैं। आमतौर पर इन डिवाइस को एयरक्राफ्ट के पिछले हिस्से यानी टेल में लगाया जाता है. ताकि प्लेन के क्रैश होने की स्थिति में भी इन डिवाइस के सुरक्षित रहने की ज्यादा से ज्यादा संभावना रहे। विमान में लगा ब्लैक बॉक्स सही सलामत बच जाता है। दरअसल, यह टाइटेनियम का बना होता है जो काफी मजबूत धातु मानी जाती है। ब्लैक बॉक्स को टाइटेनियम के एक डिब्बे में बंद करके रखा जाता है।

इसी कारण अगर ब्लैक बॉक्स काफी ऊंचाई से गिरता है तो भी उसे नुकसान नहीं पहुंचता। साल 1953-54 में हवाई हादसों की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए विमान बनाने वाली कंपनियों ने विमान में ऐसे उपकरण लगाने की बात की जो हादसों के सही कारण को बता सके ताकि भविष्य में हादसों से सीख कर बचा जा सके। इसके लिए ब्लैक बॉक्स का आविष्कार किया गया। ब्लैक बॉक्स का रंग लाल होता है।

# पंजाब सरकार बनी बेसहारा बच्चों का सहारा; गोद लेने की प्रक्रिया को कानूनी और सुरक्षित बनाएंगे: डॉ. बलजीत कौर

## एडॉप्शन रेगुलेशन-2022 को प्रभावी रूप से लागू करने पर दिया गया जोर, बेसहारा बच्चों के सुनहरे भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

संवाददाता
चंडीगढ़

पंजाब सरकार राज्य के बेसहारा बच्चों के सुनहरे भविष्य को सुनिश्चित करने के लिए गोद लेने की प्रक्रिया को कानूनी और सुरक्षित बनाएगी।

यहां महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में ह्यएडॉप्शन रेगुलेशन-2022ह्व संबंधी राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अवसर पर संबोधित करते हुए पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास मंत्री डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि बेसहारा बच्चों को कानूनी और सुरक्षित तरीके से गोद लेने की प्रक्रिया को प्रभावी बनाना जरूरी है। उन्होंने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य संबंधित विभागों के अधिकारियों को गोद लेने की प्रक्रिया की जानकारी देना है, ताकि गोद लेने के बाद किसी भी प्रकार की कानूनी अड़चन न आए।

यह कार्यक्रम सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग पंजाब द्वारा केंद्रीय दत्तक ग्रहण संसाधन प्राधिकरण (कारा) और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ पब्लिक कोऑपरेशन एंड चाइल्ड डेवेलपमेंट (निपसड) मोहाली के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि यह हमारे समाज की एक दुखद सच्चाई है कि कई बार नवजात बच्चों को छोड़ दिया जाता है या उनकी जान लेने जैसी घटनाएं घटित होती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि जो परिवार सक्षम हैं और सुख-सुविधाओं से संपन्न हैं, वे इंसानियत के नाते ऐसे अनाथ और बेसहारा बच्चों को कानूनी प्रक्रिया के तहत गोद लेने के लिए आगे आएं। इससे बच्चे को माता-पिता का प्यार मिलेगा और उसका भविष्य भी सुरक्षित होगा।




मंत्री ने कहा कि इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गोद लेने की प्रक्रिया से जुड़े सभी भागीदारों को इसकी कानूनी प्रक्रिया की पूरी जानकारी हो। इससे भविष्य में प्रत्येक गोद लेने की प्रक्रिया नियमों के अनुसार और बेहतर ढंग से पूरी हो सकेगी। डॉ. बलजीत कौर ने कहा कि मुख्यमंत्री स भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार हर बच्चे को प्यार, सुरक्षा और अच्छे भविष्य की गारंटी देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि एडॉप्शन रेगुलेशन-2022 को राज्य में लागू करके बिना माता-पिता वाले बच्चों की ज़िंदगी में नए रंग भरने और उन्हें एक प्यार भरा घर उपलब्ध करवाने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

पंजाब राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग के चेयरमैन कंवरदीप सिंह ने इस राज्य स्तरीय कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजनों से गोद लेने की प्रक्रिया से सीधे जुड़े अधिकारियों और कर्मचारियों के ज्ञान में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार द्वारा कानूनी और सुरक्षित प्रक्रिया के तहत गोद लेने की व्यवस्था लागू करने से न केवल अनाथ और बेसहारा बच्चों को एक प्यार भरा घर मिलेगा, बल्कि उनका भविष्य भी उज्ज्वल होगा।

कारा की सीईओ भावना सक्सेना ने भी एडॉप्शन रेगुलेशन-2022 के तहत आयोजित इस राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि गोद लेने की कानूनी प्रक्रिया काफी जटिल और संवेदनशील होती है। इसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि बच्चे और माता-पिता दोनों के लिए भविष्य में गंभीर समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का नियमित आयोजन बहुत जरूरी है, ताकि न केवल अधिकारियों की योग्यता और जानकारी में वृद्धि हो, बल्कि समाज में भी जागरूकता बढ़े और इन बच्चों को प्यार भरा घर मिल सके।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा, महिला एवं बाल विकास विभाग की डायरेक्टर डॉ. शैना अग्रवाल, विशेष सचिव केशव हिंगोनिया, अतिरिक्त सचिव विम्मी भुल्लर के अलावा ज़िला मैजिस्ट्रेट कार्यालयों, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, चाइल्ड वेलफेयर कमेटियों (सी डब्ल्यू सी), स्पेशल एडॉप्शन एजेंसियों (एस एस ए), ज़िला बाल संरक्षण इकाइयों (डी सी पी यू) और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

## युद्ध नशों विरुद्ध के 110वें दिन पंजाब पुलिस द्वारा 132 नशा तस्कर गिरफ्तार

संवाददाता
चंडीगढ़

राज्य में से नशों के मुकम्मल खात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निदेर्शों पर शुरू किये गए युद्ध नशों विरुद्ध के 110वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 132 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्जे में से 1.08 किलो हेरोइन और 87, 540 रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ. 110 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 18,236 हो गई है। यह आपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निदेर्शों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया। जिक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है। आपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 96 गजटिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों की शमूलियत वाली 220 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 544 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 100 ऐफआईआरज दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस आपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 571 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की।

> नशा छुड़ाने सम्बन्धी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 67 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राजी किया

## भारत निर्वाचन आयोग ने उपचुनावों में कई नवाचार किए: मोबाइल जमा सुविधा, उन्नत वोटर टर्नआउट रिपोर्टिंग प्रक्रिया, सभी मतदान केंद्रों पर 100% वेबकास्टिंग

संवाददाता
चंडीगढ़

भारत निर्वाचन आयोग (एउक) द्वारा आज पांच विधानसभा क्षेत्रों में कराए गए उपचुनावों के दौरान आयोग द्वारा पिछले चार महीनों में शुरू किए गए कई महत्त्वपूर्ण नवाचारों का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन हुआ। ये नवाचार मुख्य निर्वाचन आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार एवं निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की सोच के अनुरूप लागू किए गए। उपचुनाव गुजरात की 24-कड़ी (अनुसूचित जाति) और 87-विसावदर, केरल की 35-नीलांबुर, पंजाब की 64-लुधियाना पश्चिम और पश्चिम बंगाल की 80-कालिगंज विधानसभा सीटों पर आयोजित किए गए। इन उपचुनावों में कुल 1354 मतदान केंद्रों पर मतदान हुआ।

इन नवाचारों में सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा करने की सुविधा, मतदाता उपस्थिति रिपोर्टिंग (श्ळफ) प्रक्रिया को उन्नत बनाकर मतदान प्रवृत्तियों को तेजी से अपडेट करना (जिसके तहत पीठासीन अधिकारी मतदान समाप्ति के बाद मतदान स्थल छोड़ने से पहले श्ळफडेटा दर्ज करते हैं), 100% वेबकास्टिंग द्वारा पूरे मतदान प्रक्रिया पर लगातार निगरानी, तथा सभी पीठासीन अधिकारियों को व्यक्तिगत मॉक पोल प्रशिक्षण शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, लगभग दो दशकों के बाद पहली बार उपचुनावों से पूर्व मतदाता सूची का विशेष सारांश पुनरीक्षण (ररफ) भी किया गया।

इन उपचुनावों के दौरान पहली बार सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं के लिए मोबाइल जमा सुविधा प्रदान की गई। यह सुविधा मोबाइल फोन के व्यापक उपयोग को ध्यान में रखते हुए तथा खासकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्र में प्रवेश से पूर्व मोबाइल रखने में होने वाली कठिनाई को देखते हुए शुरू की गई थी। इसके तहत मतदान केंद्र के प्रवेश द्वार पर सादे कबूतरखानेनुमा डिब्बे या जूट के बैग रखे गए, जहां मतदाता अपने मोबाइल फोन जमा कर सके। इस प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए स्वयंसेवकों की तैनाती भी की गई थी।



उन्नत साझाकरण प्रक्रिया के तहत, प्रत्येक मतदान केंद्र के पीठासीन अधिकारी ने मतदान दिवस पर हर दो घंटे में नए एउक्छएळ ऐप में सीधे वोटर टर्नआउट डेटा दर्ज किया, जिससे मतदान रुझानों को तेजी से अपडेट करने में मदद मिली। यह डेटा स्वतः विधानसभा क्षेत्र स्तर पर संकलित हुआ और हर दो घंटे में अनुमानित मतदान प्रतिशत जारी किया गया। मतदान समाप्ति के तुरंत बाद, पीठासीन अधिकारियों ने एउक्छएळ ऐप में अंतिम डेटा दर्ज किया, ताकि हर विधानसभा क्षेत्र के लिए मतदान समाप्त होने के बाद तुरंत अपडेटेड मतदान प्रतिशत उपलब्ध हो सके (नेटवर्क कनेक्टिविटी की उपलब्धता के अधीन)। जहां मोबाइल नेटवर्क उपलब्ध नहीं था, वहां डेटा ऑफलाइन दर्ज किया गया और कनेक्टिविटी बहाल होते ही सिंक किया गया।

पूर्व में, वोटर टर्नआउट डेटा सेक्टर अधिकारियों द्वारा मैन्युअल रूप से एकत्र किया जाता था और रिटर्निंग अधिकारियों को फोन कॉल, एसएमएस या मैसेजिंग ऐप्स के माध्यम से भेजा जाता था। यह डेटा हर दो घंटे में संकलित कर श्ळफऐप पर अपलोड किया जाता था। मतदान समाप्ति के बाद, पीठासीन अधिकारी पहले सभी कानूनी कर्तव्यों (जैसे फॉर्म 17उ भरना, मतदान एजेंट्स से हस्ताक्षर लेना, ईवीएम को सील करके स्ट्रॉंग रूम में जमा करना आदि) पूरे करने के बाद ही अंतिम श्ळफ डेटा अपडेट करते थे, जिससे मतदान प्रतिशत देर रात 10-11 बजे या अगले दिन तक अपडेट होता था। अब उन्नत प्रणाली के तहत, मतदान केंद्र छोड़ने से पहले ही पीठासीन अधिकारी एउक्छएळ में डेटा दर्ज कर देते हैं जिससे इस देरी को काफी हद तक कम कर दिया गया है।

निर्वाचन आयोग ने पांचों उपचुनाव वाली विधानसभा सीटों पर मतदान दिवस की गतिविधियों की 100% वेबकास्टिंग सुनिश्चित की (सिवाय एक केंद्र के)। वेबकास्टिंग की निगरानी यह सुनिश्चित करने के लिए की गई कि सभी प्रमुख गतिविधियां सुचारु रूप से चल रही हैं और कोई नियमों का उल्लंघन नहीं हो रहा है। रिटर्निंग ऑफिसर (फड), जिला निर्वाचन अधिकारी (ऊएड) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (उएड) स्तर पर समर्पित निगरानी टीमें पूरे मतदान की कड़ी निगरानी में जुटी रहीं।

## पंजाब में एनटीईपी और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की राज्यपाल द्वारा समीक्षा

संवाददाता
चंडीगढ़

पंजाब के माननीय राज्यपाल श्री गुलाब चंद कटारिया की अध्यक्षता में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान (पीएमटीबीएमबीए) के क्रियान्वयन की समीक्षा हेतु एक उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक प्रताप सिंह, स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी घनश्याम थोरी, आईएएस, मिशन निदेशक, एनएचएम पंजाब, और डॉ. राजेश भास्कर, राज्य क्षय रोग अधिकारी, पंजाब उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान माननीय राज्यपाल ने बल दिया कि जिन क्षय रोगियों ने गोद लिए जाने की सहमति दी है, उन्हें समय पर पोषण और चिकित्सीय सहायता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि राजभवन में समर्पित निक्षय मित्रों को सम्मानित किया जाए ताकि उनके योगदान को मान्यता मिले और इस पहल में अधिक लोगों की भागीदारी प्रोत्साहित हो। राज्यपाल ने क्षय रोग के खिलाफ अपनी व्यक्तिगत प्रतिबद्धता दोहराते हुए, पंजाब के विभिन्न जिलों से टीबी रोगियों को स्वयं गोद लेने की इच्छा भी व्यक्त की।

समीक्षा में एनटीईपी के प्रमुख संकेतकों, जैसे कि संभावित टीबी परीक्षण दर, टीबी मामलों की अधिसूचना, उपचार की सफलता दर और निक्षय मित्र पहल में सहभागिता का मूल्यांकन किया गया। राज्यपाल ने पंजाब के सभी उपायुक्तों से आग्रह किया कि वे अपने-अपने जिलों में टीबी रोगियों को गोद लेने की प्रक्रिया में तेजी लाएं और निक्षय मित्र योजना की सक्रिय रूप से निगरानी करें। उन्होंने यह भी चिंता व्यक्त की कि राज्य में लगभग 11,000 टीबी रोगियों को अब भी सहायता की प्रतीक्षा है, जिसे शीघ्रता से दूर किया जाना आवश्यक है।

अंत में, राज्यपाल ने निर्देश दिया कि एनटीईपी और प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए, ताकि इनके प्रभावी क्रियान्वयन और परिणामोन्मुख प्रयास सुनिश्चित किए जा सकें। इस बैठक के माध्यम से पंजाब की टीबी उन्मूलन के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया गया और शासन के सभी स्तरों पर समन्वित प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया गया ताकि कोई भी टीबी रोगी पीछे न छूटे।

बैठक में उपस्थित प्रमुख अधिकारियों में श्री विवेक प्रताप सिंह, माननीय राज्यपाल के प्रधान सचिव, श्री घनश्याम थोरी, मिशन निदेशक, एनएचएम एवं विशेष सचिव, स्वास्थ्य और डॉ. राजेश भास्कर, राज्य क्षय रोग अधिकारी, पंजाब शामिल थे।

## हरभजन सिंह ई.टी.ओ. द्वारा राज्य में ट्रैफिक सैंसस करवाने के आदेश

संवाददाता
चंडीगढ़

पंजाब के लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने आज राज्य में ट्रैफिक सैंसस करवाने के आदेश दिए हैं।

उन्होंने अधिकारियों को हिदायत की कि राज्य की सड़कों पर 30 सितम्बर, 2025 तक ट्रैफिक सैंसस को मुकम्मल कर लिया जाये जोकि सड़कों की अपग्रेडशन और नए निर्माण को और तर्कसंगत बनाने में सहायक सिद्ध होगा। इसके इलावा ट्रैफिक सैंसस से सम्बन्धित डाटा के द्वारा सड़कों के नवनिर्माण, चौड़ीकरण और अन्य आवश्यक सुधारों के बारे जानकारी प्राप्त करके सड़क यातायात को और सुरक्षित बनाया जा सकेगा जिससे दुर्घटनाओं में होते कीमती जानमाल के नुकसान से भी बचाव होगा।



यहाँ लोक निर्माण मंत्री स. हरभजन सिंह ई.टी.ओ. ने लोक निर्माण विभाग और पंजाब मंडी बोर्ड के अधिकारियों के साथ राज्य की सड़कों और पुलों को बेहतरीन बनाने के लिए किये जाने वाले कामों सम्बन्धी एक सांझी मीटिंग की अध्यक्षता की।

मीटिंग में विभिन्न स्कीमों के अधीन और विशेष तौर पर लिंक सड़कों संबंधी प्रस्तावित और चल रहे कामों का जायजा लिया गया। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग प्रशासनिक सचिव श्री रवि भगत और पंजाब मंडीकरण बोर्ड के सचिव श्री रामवीर के साथ-साथ विशेष सचिव श्रीमती हरगुनजीत कौर और विभागों के उच्च अधिकारी मौजूद थे। मुख्य इंजीनियर लोक निर्माण द्वारा बताया गया कि पी. एम. जी. एस. वाई. स्कीम के अधीन एफ. डी. आर भाव फुल डेप्थ रिक्लेमेशन के द्वारा 581 कि.मी. लिंक सड़कों के निर्माण के टैंडर माँगे जा रहे हैं। नाबार्ड स्कीम के अधीन 281 करोड़ रुपए की लागत के साथ राज्य की मौजूदा ग्रामीण सड़कों के मजबूतीकरण और नवनिर्माण के काम भी शुरू किये जा जा रहे हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने सराहना की

**चंडीगढ़।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने हाल ही में हाइब्रिड मॉडल पर आयोजित 15वें कार्डियोमर्सन ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के दौरान भारत में हृदय रोगों के व्यापक प्रबंधन के लिए इंटीग्रेटेड अप्रोच को बढ़ावा देने के प्रयासों के लिए सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. दीपक पुरी की सराहना की है। नड्डा ने कहा, ₹मैं पिछले 15 वर्षों में कार्डियोमर्सन के योगदान की सराहना करता हूं, जिसने सुरक्षित और लागत प्रभावी हस्तक्षेप प्रदान करने के लिए नवीनतम और उन्नत तकनीकों के बारे में जागरूकता फैलाई है। कार्डियोमर्सन व्यापक प्रबंधन की सबसे उपयुक्त भूमिका पर जोर देने में एक सराहनीय काम कर रहा है, जिसमें हृदय संबंधी समस्याओं के बढ़ते खतरे के प्रबंधन में प्राथमिक, प्राथमिक और माध्यमिक रोकथाम के साथ-साथ रिहैबिलिटेशन भी शामिल है।₹ ग्लोबल कॉन्फ्रेंस के दौरान डॉ. पुरी ने दो प्रेजेंटेशन दीं। अपने पहले प्रेजेंटेशन में उन्होंने यूनिपोर्टल वीडियो-असिस्टेड थोरैकोस्कोपिक सर्जरी का एक नया संशोधन पेश किया, जो एक ऐसी तकनीक है जो जटिल थोरेसिक प्रोसीजर को एक ही 3 सेमी चीरा के माध्यम से करने की अनुमति देती है। विशेष रूप से डिजाइन किए गए रिट्रैक्टर और एक रिफाइंड एंटीरियर- पोस्टीरियर अप्रोच के साथ, यह संशोधित यूनिपोर्टल वीडियो-असिस्टेड थोरैकोस्कोपिक सर्जरी ओपन थोरैकोटॉमी के तुलनीय प्रत्यक्ष दृश्य प्रदान करता है, जबकि पोस्टऑपरेटिव दर्द, लागत और रिकवरी समय को कम करता है। अपने दूसरे प्रेजेंटेशन में उन्होंने तेजी से बिगड़ते इस्केमिक हार्ट फेलियर के प्रबंधन को संबोधित किया। यह एक ऐसी स्थिति जो अक्सर मल्टी-वेसल कोरोनरी धमनी रोग वाले रोगियों में देखी जाती है, जो दिल के दौरे की शुरूआत के बाद देर से मौजूद होती है और तेजी से बिगड़ती है लेकिन पक्यूर्टेनियस हस्तक्षेप के लिए अयोग्य होती है। 25 देशों के 112 प्रतिष्ठित विशेषज्ञ अत्याधुनिक विज्ञान को वास्तविक दुनिया के नैदानिक अभ्यास से जोड़ने के लिए एकत्रित हुए। उन्नत रोबोटिक्स और एआई-संचालित निदान से लेकर नई शल्य चिकित्सा तकनीकों और निवारक स्वास्थ्य पहलों तक कॉन्फ्रेंस में हृदय विज्ञान में अग्रणी अनुसंधान, एआई में नवाचारों और हृदय देखभाल के लिए समग्र दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला गया।

### ए लाइफ अनफिल्टर्ड: वेडेड टू सेबर, फ्लर्टिंग विद क्विल – एक सैनिक की आत्मीय कथा यात्रा

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना के अधिकारी और प्रख्यात लेखक कर्नल एच. पी. सिंह, (वीएसएम) ने अपनी बहुप्रतीक्षित पुस्तक ए लाइफ अनफि ल्टर्ड: वेडेड टू सेबर, फ्लर्टिंग विद क्विल का विमोचन किया। यह पुस्तक पाठकों के लिए 60 लेखों का एक प्रभावशाली संकलन प्रस्तुत करती है, जो उनके व्यक्तिगत अनुभवों, चतुराईपूर्ण हास्य, दार्शनिक दृष्टिकोण और गहरी भावनाओं पर आधारित हैं। एक सैनिक की धारदार अनुशासनात्मक दृष्टि को एक अनुभवी लेखक की भावनात्मक गहराई से समेटते हुए, कर्नल सिंह पाठकों को एक ऐसी आकर्षक यात्रा पर ले जाते हैं, जो बोर्डिंग स्कूल के बचपन की स्मृतियों से शुरू होकर युद्ध क्षेत्रों और हेलीकॉप्टर कॉकपिट के निर्णायक क्षणों तक पहुँचती है। एक सैनिक की तेज सटीकता को एक अनुभवी कथाकार की संवेदनशीलता के साथ पिरोते हुए कर्नल सिंह पाठकों को एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाते हैं जो बोर्डिंग स्कूल के बचपन की स्मृतियों से शुरू होकर युद्ध क्षेत्रों और हेलीकॉप्टर कॉकपिट के निर्णायक क्षणों तक पहुँचती है। उनके ये लेख पिछले एक दशक में लिखे गए हैं, जिनमें से कई देश के प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशित हो चुके हैं। प्रत्येक लेख चतुराईपूर्ण हास्य, आत्ममंथन और दार्शनिक दृष्टिकोण से भरपूर है। कर्नल सिंह कहते हैं कि सेना में अनुशासन और दिनचर्या आपका परिचय बनती हैं। मेरे लिए लेखन एक मानसिक मुक्ति बन गया – विचारों का सार। यह किताब केवल मेरी ज़िंदगी की नहीं है, बल्कि हमारे साझा अनुभवों की कहानी है – हमारी छोटी-छोटी खुशियाँ, ठोकरें और जीतें। अगर इसे पढ़ने के बाद एक भी पाठक कलम उठाने को प्रेरित होता है, तो मैं अपना उद्देश्य सफल मानूंगा।

समारोह

**कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानमंत्री के संबोधन के प्रसारण के साथ होगा**

## भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, चंडीगढ़ मंडल पंजाब और हरियाणा के प्रतिष्ठित स्मारकों पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन करेगा

संवाददाता
चंडीगढ़

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), चंडीगढ़ मंडल, संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में 21 जून, 2025 को पंजाब और हरियाणा के प्रमुख ऐतिहासिक स्थलों पर 11वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) का आयोजन करेगा। कार्यक्रम शनिवार को सुबह 6:00 बजे से 7:45 बजे तक मनाया जाएगा। इसकी शुरूआत प्रधानमंत्री के संबोधन के सीधे प्रसारण से होगी, जिसके बाद सभी प्रतिभागियों के लिए योग सत्र आयोजित किया जाएगा। योग दिवस का आयोजन स्वास्थ्य और कल्याण के लिए एक समग्र दृष्टिकोण के रूप में योग को प्रोत्साहन देने की वैश्विक विषयवस्तु के अनुरूप है।




संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 2014 को 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में नामित किया था। तब से दुनिया भर में लाखों लोग योग अभ्यास के लिए एकजुट होकर हर वर्ष इस दिन को मनाते हैं। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस ने सफलतापूर्वक 10 साल पूरे कर लिए हैं। वर्ष 2025 में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) एक महत्वपूर्ण कदम होगा। शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक कल्याण को प्रोत्साहन देने वाले योग को एक वैश्विक आंदोलन के रूप में बढ़ावा देकर 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को वास्तव में वैश्विक और समावेशी रूप से मनाया जाएगा।

एएसआई इस ऐतिहासिक वर्ष की स्मृति में पांच विरासत स्मारकों पर योग सत्र का आयोजन करेगा। इसमें से चार स्थान पंजाब में और एक हरियाणा में होगा। ये सभी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2025 समारोहों के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा चयनित 100 प्रतिष्ठित स्थलों में से हैं।

स्थान और कार्यक्रम की मुख्य विशेषताएं:

**1. बठिंडा किला, बठिंडा, पंजाब**

मुख्य अतिथि: श्री अमरजीत मेहता, अध्यक्ष, पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन

सहयोग: आर्ट ऑफ लिविंग, बठिंडा चैप्टर

नोडल अधिकारी: डॉ. अर्किता प्रधान, उप अधीक्षण पुरातत्वविद्, एएसआई, चंडीगढ़ मंडल

**2. शमशेर खान का मकबरा, बटाला, जिला गुरदासपुर, पंजाब**

मुख्य अतिथि: श्री अमंशेर सिंह (शेरी कलसी), एम.एल.ए., बटाला

सहयोग: दृष्टि कल्याण संगठन और भारतीय योग संस्थान

नोडल अधिकारी: श्री एम.सी. शर्मा, सहायक अधीक्षण पुरातत्व अभियंता, एएसआई

**3. महाराजा रणजीत सिंह किला, फिल्लौर, जिला जालंधर, पंजाब**

मुख्य अतिथि: श्री परमजीत सिंह, पीपीएस, एसएसपी, पंजाब पुलिस

सहयोग: पंजाब पुलिस अकादमी, फिल्लौर किला

नोडल अधिकारी: श्रीमती ममता पांगटे, उप अधीक्षण पुरातत्व रसायन विज्ञान, एएसआई, चंडीगढ़

**4. जलियांवाला बाग राष्ट्रीय स्मारक, अमृतसर, पंजाब**

मुख्य अतिथि: डॉ. अजय गुप्ता, विधायक

सहयोग: ब्रह्माकुमारी संगठन

नोडल अधिकारी: श्रीमती कामेई अथोइलू काबुई, अधीक्षण पुरातत्वविद्, एएसआई, चंडीगढ़ मंडल

**5. जर्जर किला (पृथ्वीराज चौहान का किला), हांसी, जिला हिसार, हरियाणा**

मुख्य अतिथि: श्री विनोद भयाना, विधायक, हांसी और श्री प्रवीण ऐलावादी, अध्यक्ष, नगर समिति, हांसी

नोडल अधिकारी: श्री अनुराग लोहचब, वरिष्ठ संरक्षण सहायक, एएसआई

एएसआई स्थानीय नागरिकों, छात्रों, सरकारी अधिकारियों, संगठनों के सदस्यों और आम जनता को इन ऐतिहासिक स्थलों पर आयोजित होने वाले समारोह में भाग लेने के लिए आमंत्रित करता है। यह पहल योग के शाश्वत ज्ञान को दुनिया के साथ साझा करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ स्वास्थ्य को जोड़ती है।

# बिहार के बेगूसराय में नदी में डूबने से चार बच्चों की मौत, तीन बच्चों को बचाया

## नुरुल्लाहपुर गांव के बच्चे बूढ़ी गंडक नदी के सहनी घाट पर स्नान करने आये थे

**मौके पर पहुंची पुलिस, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है**

एजेंसी (हि.स.)

पटना

बिहार के बेगूसराय जिले में नदी में नहाने के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई है, वहीं तीन बच्चों को बचा लिया गया है। मृतकों में सभी बच्चे एक ही गांव के हैं, जिसमें दो बच्चे जुड़वां भाई थे। घटना के सूचना मिलने के बाद स्थानीय गोताखोरों के द्वारा चारों शव को बारी-बारी से बाहर निकाला गया।

पुलिस के मुताबिक जिले के खोदाबंदपुर थाना क्षेत्र में सागी पंचयात के नुरुल्लाहपुर गांव के बच्चे बूढ़ी गंडक नदी के सहनी घाट पर स्नान करने आये थे। स्नान करने के दौरान चार बच्चों की डूबने से मौत हो गई, वहीं तीन बच्चे जैसे-तैसे बाहर निकल आये। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतकों में नुरुल्लाहपुर गांव के ब्रह्मस्थान के रहने वाले कल्लर दास का 12 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार, वहीं कल्लर दास के दो जुड़वां पोते और चांदसी दास के पुत्र अविनाश कुमार और अभिषेक कुमार के रूप में हुई है। चौथे मृतक की पहचान रामशोभित दास के 14 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार के रूप में की गई है।



फोटोः हि.स.

## असमः ब्रह्मपुत्र नदी में नाव पलटी, पांच स्कूल बच्चों समेत छह लोग लापता

**नलबाड़ी /असम।** नलबाड़ी जिले के मुकालमुआ में ब्रह्मपुत्र नदी में गुरुवार सुबह नाव पलटने से पांच स्कूली बच्चों समेत छह लोग लापता हो गए। हालांकि, नाव पर सवार अन्य लोगों को बचा लिया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है।जानकारी के अनुसार नलबाड़ी जिलांतर्गत बरखेत्री सर्कल के मुकालमुआ में ब्रह्मपुत्र नदी में एक यंत्र चालित नाव नादिया चर (नदी का छाड़न वाला क्षेत्र) से लारकुची पाराधरा पारघाट आ रही थी। इसी दौरान नाव दुर्घटना का शिकार हो गयी।जिला प्रशासन के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद एक वयस्क व्यक्ति और पांच स्कूली छात्र-छात्राएं लापता हैं। हालांकि, विस्तृत रिपोर्ट का इंतजार है।सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और पुलिस की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान आरंभ किया। एनडीआरएफ के सूत्रों ने बताया है कि टीम मौके पर पहुंचकर राहत एवं बचाव अभियान चला रही है। बताया जा रहा है कि नाव पर 20 से 25 लोग सवार थे जिसमें स्कूली बच्चों की संख्या अधिक थी।



# उत्तर बिहार के लोगों को मिलेगी वंदे भारत की सौगात , पीएम करेंगे उद्घाटन

एजेंसी (हि.स.)

पूर्वी चंपारण

रेलवे ने चंपारण और मुजफ्फरपुर समेत उत्तर बिहार को बड़ी सौगात दी है।अब गोरखपुर से पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन दौड़ेगी जिसकी शुरूआत 20 जून को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सिवान में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से करेंगे।

इस ट्रेन की शुरूआत होने से पूर्वी व पश्चिमी चंपारण के साथ मुजफ्फरपुर और वैशाली जिले के लोगो को कम समय में पटना पहुंचने में सहुलियत होगी। रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार उद्घाटन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन पाटलिपुत्र से रवाना होकर दोपहर दो बजे के करीब बापूधाम मोतिहारी स्टेशन पहुंचेगी। जहां सांसद सह पूर्व केन्द्रीय कृषि मंत्री राधामोहन सिंह ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर अगले स्टेशन के लिए रवाना करेंगे। वंदे भारत ट्रेन की सुरक्षा को लेकर आरपीएफ लगातार जागरूकता अभियान चला रही है।वही इस ट्रेन को लेकर रेलवे बोर्ड ने समय सारणी जारी किया है।

जिसके अनुसार, गाड़ी संख्या 26502 गोरखपुर-पाटलिपुत्र बंदे भारत एक्सप्रेस गोरखपुर से सुबह 05:40 बजे खुलकर, 06:24 बजे कप्तानगंज, 07:05 बजे पनियहवा, 07:30 बजे बगहा, 08:05 बजे नरकटियागंज, 08:35 बजे बेतिया, 08:50 बजे सुगौली,, 9:08 बजे बापूधाम मोतिहारी, मुजफ्फरपुर, 10:50 11:40 बजे हाजीपुर होते हुए दोपहर 12:45 बजे पाटलिपुत्र पहुंचेगी।वापसी में गाड़ी संख्या 26501 पाटलिपुत्र-गोरखपुर बंदे भारत एक्सप्रेस दोपहर 02:25 बजे पाटलिपुत्र से खुलकर 03:00 बजे हाजीपुर, 03:55 बजे मुजफ्फरपुर, शाम 05:38 बजे बापूधाम मोतिहारी, 06:05 बजे बेतिया, 06:33 बजे नरकटियागंज, 07:02 बजे बगहा, 07:50 बजे पनियहवा, 08:24 बजे कप्तानगंज होते हुए रात्रि 09:35 बजे गोरखपुर पहुंचेगी। शनिवार को छोड़कर यह ट्रेन सप्ताह में छह दिन चलेगी।

## बिहार के सीवान में प्रधानमंत्री मोदी आज जनसभा को करेंगे सम्बोधित, सभी तैयारी पूर्ण

**पटना (हि.स.)।** बिहार में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सभी राजनीतिक दलों ने तैयारी तेज कर दी है। कई पार्टियों के शीर्ष नेतृत्व का बिहार दौरा हो रहा है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 20 जून यानी शुक्रवार को सीवान जिले के पचरुखी प्रखंड के जसौली में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। उनके कार्यक्रम को लेकर सभी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। सीवान प्रशासन से मिली जानकारी के मुताबिक तैयारियों को लेकर बताया जा रहा है कि आमजनों की सुविधा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभा स्थल पर विशेष प्रवेश द्वार बनेगा। इन प्रवेश द्वारों पर आधुनिक मेटल डिटेक्टर लगाए जाएंगे, जिससे होकर गुजरने के बाद ही लोग पंडाल में प्रवेश कर सकेंगे। इतना ही नहीं, हर गेट पर सुरक्षाकर्मियों की तैनाती रहेगी और लोगों की सघन तलाशी ली जाएगी। जिसके बाद ही एंट्री की अनुमति मिलेगी। किसी भी तरह की आपत्तिजनक वस्तु के प्रवेश पर पूरी तरह से रोक रहेगी। इसके साथ ही अस्थायी शौचालय की व्यवस्था की गई है। तैयारियों को लेकर पुख्ता इंतजाम किया गया है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने लोगों से बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।



# विमान दुर्घटना : क्रू मेंबर लमनुंथेम सिंगसन का शव लेने परिवार और समुदाय के लोग डिमापुर रवाना




फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)

इंफाल

हाल ही में अहमदाबाद में एयर इंडिया दुर्घटना के शिकार हुई हवाई जहाज की क्रू मेंबर लमनुंथेम सिंगसन के पार्थिव शरीर को लेने के लिए कंगपोकपी से परिवार के सदस्य और समुदाय के प्रतिनिधि गुरुवार की को डिमापुर हवाई अड्डे के लिए रवाना हुए। पहला काफिला, जिसमें सिंगसन स्थित पीड़िता के परिवार, करीबी रिश्तेदार और स्थानीय नागरिक समाज के लोग शामिल थे। लगभग दस वाहनों का दूसरा, बड़ा काफिला सुबह 7:30 बजे कुकी छात्र संगठन सदर हिल्स (केएसओ-एसएच) और सदर हिल्स प्राइवेट स्कूल्स एसोसिएशन (एसएचआईपीएस) के सदस्यों के नेतृत्व में रवाना हुआ। मृतक के शव को लेकर उसके दो सगे बड़े भाई और एक चचेरे भाई आज सुबह लगभग 8:00 बजे अहमदाबाद से लेकर चले हैं। वे दोपहर में डिमापुर हवाई अड्डे पर पहुंचने वाले हैं। डिमापुर एयरपोर्ट पर कुकी यूनियन डिमापुर के बैनर तले शोक सभा की योजना बनाई गई है। नागा काउंसिल डिमापुर के प्रतिनिधियों और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, डिमापुर के निदेशक के भी इस समारोह में शामिल होने की उम्मीद है। शव लेने के बाद काफिला कांगपोकपी के लिए वापसी की यात्रा करेगा। खराब सड़क की स्थिति और मार्ग के किनारे शुभचिंतकों और समुदाय के सदस्यों द्वारा शोक सभाओं के कारण गंतव्य तक काफिला के पहुंचने में देरी होने की संभावना जताई जा रही है।

## रांची और पटना में नीट पेपर लीक मामले में ईडी की छापेमारी

**रांची (हि.स.)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम नीट पेपर लीक मामले में रांची और पटना में छापेमारी कर रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार गुरुवार की सुबह ईडी की टीम रांची के बरियातू और पटना के कई ठिकानों पर पहुंच कर तलाशी ले रही है। नीट पेपर लीक मामले में गिरफ्तार हुए मास्टरमाइंड संजीव मुखिया के रिश्तेदार के ठिकानों पर ईडी की टीम छापेमारी कर रही है। यह छापेमारी नीट पेपर लीक मामले में हुई मनी लॉन्ड्रिंग को लेकर की जा रही है। सीबीआई की ओर से दर्ज मामले के आधार पर ईसीआईआर तैयार करने के बाद ईडी ने यह कार्रवाई की है। उल्लेखनीय है कि 5 मई 2024 को नीट परीक्षा के बाद पेपर लीक की खबरें सामने आई थीं। इस मामले की जांच सबसे पहले पटना की आर्थिक अपराध इकाई ने शुरू की थी। बाद में यह मामला सीबीआई को सौंप दिया गया था। सीबीआई ने इस केस में अब तक आठ लोगों को आरोपित बनाया है। इनमें संजीव मुखिया, सिकंदर यादवेंदु, आयुष राज, रॉकी, अमित आनंद, नीतीश कुमार, बिट्टू और अखिलेश शामिल हैं।

# झारखंड शराब घोटालाः छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को एसीबी ने किया गिरफ्तार

**सिद्धार्थ को रायपुर कोर्ट में पेशी के बाद ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जाएग**

एजेंसी (हि.स.)

रांची

झारखंड के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शराब घोटाला केस में छत्तीसगढ़ के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया को गिरफ्तार कर लिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि सिद्धार्थ सिंघानिया को रायपुर से गिरफ्तार किया गया है। सिद्धार्थ को रायपुर कोर्ट में पेशी के बाद ट्रांजिट रिमांड पर रांची लाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के शराब कारोबारी सिद्धार्थ के खिलाफ एसीबी ने पिछले दिनों कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट हासिल किया था। इससे पहले एसीबी ने निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी और नेक्सजेन के मालिक विनय कुमार सिंह के खिलाफ वारंट लिया था।




फोटोः हि.स.

झारखंड शराब घोटाला मामले में एसीबी की लगातार कार्रवाई जारी है। इससे पहले मंगलवार (17 जून) को एसीबी की टीम ने पूर्व उत्पाद कमिश्नर अमित प्रकाश को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तार करने के बाद अमित प्रकाश से एसीबी मुख्यालय में पूछताछ की गयी थी। शराब घोटाला केस में झारखंड एसीबी की टीम ने सिद्धार्थ सिंघानिया के रूप में यह सातवीं गिरफ्तारी की है। इससे पूर्व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग प्रधान सचिव आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे, पूर्व उत्पाद आयुक्त अमित प्रकाश को गिरफ्तार किया गया।

संयुक्त आयुक्त उत्पाद गजेंद्र सिंह, पूर्व महाप्रबंधक वित्त सुधीर कुमार दास, पूर्व महाप्रबंधक वित्त सह अभियान सुधीर कुमार, प्लेसमेंट एजेंसी मार्शन इन्नोवेटिव के स्थानीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह को एसीबी ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। सभी आरोपित न्यायिक हिरासत में रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं।

## रूस ने यूक्रेन के 81 यूएवी रोके या मार गिराए

**मास्को।** रूस की वायुरक्षा प्रणालियों ने रात भर में देश के 11 स्थानों में 81 यूक्रेनी मानवरहित हवाई वाहनों (यूएवी) को रोका या नष्ट कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने आज यह जानकारी दी। यूक्रेन ने रात लगभग नौ बजे से सुबह तक कई स्थानों पर यूएवी हमले का प्रयास किया। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास की खबर के अनुसार, रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा, ₹18 जून को रात 9:20 बजे मास्को समय (जीएमटी +3) से लेकर 19 जून को सुबह 6:40 बजे तक 81 यूक्रेनी फिक्स्ड-विंग यूएवी को वायुरक्षा इकाइयों ने रोका या नष्ट कर दिया। ब्रांस्क क्षेत्र में 19, कुर्स्क क्षेत्र में 17, स्मोलेंस्क क्षेत्र में 13, वोल्गोग्राड क्षेत्र में सात, ओर्योल क्षेत्र में छह, रोस्तोव क्षेत्र में पांच, क्रीमिया गणराज्य में पांच, बेलगोरोड में तीन, अस्त्राखान क्षेत्रों में तीन, रियाजान क्षेत्र में दो और मास्को क्षेत्र में एक यूएवी को या रोक दिया गया या मार गिराया गया। ब्रांस्क क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज ने कहा कि सीमावर्ती रूसी क्षेत्र में 19 फिक्स्ड-विंग यूएवी नष्ट होने के बाद कोई चोट या क्षति नहीं हुई।

## भाजपा सांसद अभिजीत गांगोपाध्याय की हालत गंभीर, आईसीयू में शिफ्ट किया



फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)

कोलकाता

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सांसद और कोलकाता हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस अभिजीत गांगोपाध्याय की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हें कोलकाता के वुडलैंड्स मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल के गहन चिकित्सा कक्ष (आईसीयू) में शिफ्ट किया गया है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है। 63 वर्षीय गांगोपाध्याय को 14 जून को पेट दर्द, उल्टी और पेट फूलने की शिकायत के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जांच में तीव्र पैंक्रियाटाइटिस और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल सेप्सिस की पुष्टि हुई। अस्पताल के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी रूपक बरुआ ने बुधवार रात बताया कि गांगोपाध्याय की हालत 24 घंटों में थोड़ी बेहतर जरूर हुई है, लेकिन उन्हें आईसीयू में विशेष निगरानी में रखा गया है। उन्होंने कहा, "स्थिति गंभीर है और हम कोई जोखिम नहीं ले रहे हैं। विशेषज्ञ डॉक्टरों की मल्टी स्पेशलिस्ट टीम उनकी देखभाल कर रही है।" इस टीम में आंतरिक चिकित्सा विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ, फेफड़े के रोग विशेषज्ञ, एंडोक्रिनोलॉजिस्ट, गैस्ट्रोएंट्रोलॉजिस्ट और पाचन तंत्र के सर्जन शामिल हैं।

# बांग्लादेश में आम चुनाव की प्रचार सामग्री से 'पोस्टर' होंगे गायब

एजेंसी (हि.स.)

बांग्लादेश

बांग्लादेश के आम चुनाव के इतिहास में पहली बार प्रचार सामग्री से पोस्टर गायब होंगे। चुनाव आयोग ने आज अगले राष्ट्रीय चुनाव में प्रचार अभियान को अधिक पर्यावरण-अनुकूल और अनुशासित बनाने के प्रयासों के तहत पोस्टरों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने का निर्णय लिया है। चुनाव आयुक्त अबुल फजल मोहम्मद सनाउल्लाह ने ढाका स्थित अपने मुख्यालय में आज अपराह्न करीब तीन बजे हुई आयोग की सातवीं बैठक के बाद यह घोषणा की।



फोटोः हि.स.

दे डेली स्टार अखबार की वेबसाइट के अनुसार, चुनाव आयुक्त सनाउल्लाह ने बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पहले बिलबोर्ड का इस्तेमाल नहीं होता था, लेकिन अब उन्हें शुरू किया जा रहा है। पोस्टर के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव सुधार आयोग की ओर से आया था और हम इससे सहमत हैं। पोस्टर के इस्तेमाल को खत्म करने पर आम सहमति है।

उन्होंने कहा कि बैनर और तोरण को फिर से परिभाषित किया गया है। इस बार चुनाव प्रचार में पर्यावरण अनुकूल सामग्रियों के उपयोग पर जोर दिया गया है। इसके अलावा मतदाता पर्चियों को शुरू करने का निर्णय लिया गया है। टी-शर्ट और जैकेट जैसी वस्तुओं के संबंध में जिन पर पहले प्रतिबंध था, अब अधिक सहज दृष्टिकोण अपनाया गया है।

चुनाव आयुक्त ने कहा कि आज की आयोग की बैठक में दो एजेंडा आइटम शामिल थे- राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के लिए 2025 की आचार संहिता को अंतिम रूप देना और संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा। उन्होंने कहा कि आज हम पहला एजेंडा पूरा करने में सफल रहे। समय की कमी और कुछ आंकड़ों की अनुपलब्धता के कारण संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन पर चर्चा आज नहीं हो सकी। अब आरपीओ की धारा 91 (जीएचए) के तहत एक प्रावधान को शामिल करना है, जो गंभीर अपराधों के मामलों में उम्मीदवारी को रद्द करने की अनुमति देता है।

## संक्षिप्त-समाचार

### ईडी का बिहार कांस्टेबल भर्ती घोटाले में कई राज्यों में छापा

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बिहार में 2023 के दौरान कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले की मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में कई राज्यों में करीब एक दर्जन स्थानों पर छापा मारा है। सूत्रों ने बताया कि ईडी ने बिहार में 2023 के दौरान कांस्टेबलों की भर्ती में कथित घोटाले के सिलसिले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत कई राज्यों में छापा मारा है। बिहार के पटना, नालंदा, झारखंड के रांची, उत्तर प्रदेश के लखनऊ और पश्चिम बंगाल के कोलकाता में कम से कम एक दर्जन स्थानों पर यह कार्रवाई जारी है। बताया जा रहा है कि इस कथित घोटाले के मास्टरमाइंड 2024 के नीट यूजी पेपर लीक घोटाले के मास्टरमाइंड हैं।

### नीट यूजी पेपर लीक मामले में ईडी की पटना, नालंदा में छापेमारी

**पटना।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले साल के नीट-यूजी प्रश्न-पत्र पेपर लीक मामले में गुरुवार को पटना,नालंदा और रांची में कई ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले की साजिशकर्ता संजीव मुखिया के नालंदा जिले के नगरनौसा के घर पर छापेमारी कर तलाशी ले रही है। संजीव के घर छापेमारी की सूचना पर बड़ी संख्या में ग्रामीण उसके घर पहुंच गए और वहां मौजूद ईडी के एक अधिकारी का फोन भी छीन लिया गया। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने लोगों को समझा कर वहां से हटाया और अधिकारी का मोबाइल वापस दिलवाया। संजीव मुखिया पेपर लीक मामले में ही अभी जेल में बंद है। ईडी ने रांची के बरियातू इलाके में मुखिया के करीबी सिकंदर प्रसाद यादवेंद्र से जुड़े घरों और कार्यालयों की तलाशी ली और पटना में यादवेंद्र के बेटे डॉ शिव के घरों और कार्यालयों की तलाशी ली। नालंदा में भी समानांतर छापेमारी की गई है।

### बांग्लादेश में मादक पदार्थ तस्करों ने दो पुलिस अधिकारियों को गोली मारी

**ढाका।** बांग्लादेश में सक्रिय मादक पदार्थ तस्करों के एक बड़े समूह ने दो पुलिस अधिकारियों को गोली मार दी। दोनों पुलिस अफसरों को गंभीर अवस्था में ढाका मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। यह दोनों अधिकारी ढाका मेट्रोपॉलिटन पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच (डीबी) के सदस्य हैं। ढाका ट्रिब्यून अखबार की खबर के अनुसार, यह दोनों अधिकारी पलटन थाना क्षेत्र के नशा विरोधी अभियान से जुड़े थे। दोनों को रात के वक्त एक अभियान के दौरान ड्रग डीलरों ने गोली मारी। गोली लगने से जख्मी सहायक उप निरीक्षक अतीक हसन और कांस्टेबल सुजोन को गंभीर हालत में ढाका मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कालेज पुलिस चौकी के एसआई मोहम्मद मसूद ने इसकी पुष्टि की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह वारदात पलटन थाना अंतर्गत क्षेत्र में सड़क के दूसरी ओर स्थित सेंट्रल पुलिस अस्पताल के पास हुई। इस अभियान का नेतृत्व लालबाग डिवीजन के वरिष्ठ सहायक पुलिस अधीक्षक इनायत कबीर कर रहे थे। टीम ने एक कार को रुकने का इशारा किया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों पर फायरिंग कर दी। घायल अधिकारियों को पहले सेंट्रल पुलिस अस्पताल ले जाया गया और फिर वहां से उन्हें मेडिकल कालेज स्थानांतरित कर दिया गया। दोनों आईसीयू में भर्ती किया गया है। अतीक हसन के पेट में गोली लगी है। उनकी हालत गंभीर है। सुजोन के बाएं पैर में गोली लगी है।

### बारिश के कारण तीन सौ साल पुराना बरगद पेड़ गिरा

**खूंटी।** लगातार बारिश के कारण कर्रा के बडाईक टोली में लगभग 300 साल पुराना विशाल बरगद का पेड़ जड़ सहित गिर गया। गनीमत रही कि जिस समय पेड़ धाराशाही हुआ, उस समय वहां पर कोई क्यक्ति मौजूद नहीं था। ग्रामीणों का कहना है कि यह विशाल बरगद का पेड़ इस क्षेत्र का मान और शान था। गर्मी बरसात और जाड़े के मौसम में लोग यहां बैठकर दिन व्यतीत करते थे। लगातार बारिश होने के कारण कर्रा प्रखंड में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गई है। लोगों को पीने का पानी भी नसीब नहीं हो रहा है।

### लुधियाना में उप चुनाव के लिए मतदान शांतिपूर्ण संपन्न

**चंडीगढ़।** पंजाब के लुधियाना पश्चिम विधानसभा में उप चुनाव के लिए गुरुवार शाम सात बजे तक 51.33 प्रतिशत मतदाताओं ने मताधिकार का प्रयोग किया। निर्वाचन आयोग द्वारा फाइनल डेटा जारी किया जाएगा। चुनाव प्रक्रिया संपन्न होने के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी ईवीएम को खालसा कॉलेज फॉर वीमेन में बनाए स्ट्रॉन्ग रूम में पहुंचा दी है। इसके नतीजे 23 जून को घोषित किए जाएंगे। मतदान सुबह 7 बजे से शुरू हुआ और 6 बजे खत्म हो गया। वोटिंग के लिए 194 मतदान केंद्र बनाए गए थे। इस सीट पर 2022 में आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार गुरप्रीत गोगी की जीत हुई थी। कुछ समय पहले उनकी गोली लगने से मौत हो गई, जिसके बाद गुरुवार को यहां उप चुनाव कराया गया। आम आदमी पार्टी ने यहां से राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को उम्मीदवार बनाया। मतदान प्रकिया के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना तो नहीं हुई लेकिन फर्जी वोटिंग को लेकर कई बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस प्रत्याशियों और उनके समर्थकों के बीच मामूली झड़प होती रही। कई बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। शाम छह बजे के बाद बूथों पर पहुंचे सभी मतदाता रात नौ बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके थे। पोलिंग पार्टियों द्वारा ईवीएम जमा करवाए जाने की प्रक्रिया जारी है।

### मछली मारने गये दो लोग कोयल नदी में फंसे

**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र कें कोटांगेर के पास भारी बारिश के कोयल नदी में दो 2 लोग पानी के तेज बहाव में फंस गये हैं। जानकारी के अनुसार दोनो व्यक्ति मछली मारने के लिए नदी गये गये थे और अचानक बाढ़ आ जाने से दोनों नदी के बीच एक चट्टान पर फंस गये। इसकी सुचना जैसे ही विधायक सुदीप गुड़िया को मिली, वे तुरंत घटनास्थनल पर पहुंचे और एनडीआएफ की टीम को सूचना दे कर कोटांगेर पहुंचने का निर्देश दिया। विधायक ने दोनों लोगों के परिवार वालों से बातचीत की और कहा कि हर संभव मदद दी जाएगी।

**बैठक**

## मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग की कार्ययोजना सम्बन्ध में उच्च स्तरीय बैठक की

# सभी 75 जिलों से 30 जून तक भेजे जाएं प्रस्ताव, गुणवत्तापूर्ण हो कार्य : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

एजेंसी (हि.स.)

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग की प्रमुख योजनाओं के क्रियान्वयन और आगामी रणनीति के सम्बंध में उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ राज्य के समस्त जिलाधिकारीगण, विभिन्न विधानसभा के जनप्रतिनिधि और संबंधित विभागीय अधिकारी वर्चुअल माध्यम से सम्मिलित हुए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए कि लोक निर्माण विभाग की प्रमुख 18 योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश के सभी 75 जिलों से 30 जून तक प्रस्ताव अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि जिलाधिकारी स्थानीय जनप्रतिनिधियों से समन्वय स्थापित करते हुए, स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप प्रस्ताव तैयार कर तय समयसीमा के भीतर भेजें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास का लाभ राजनीतिक क्षेत्रफल नहीं, बल्कि स्थानीय आवश्यकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने समावेशी विकास की संकल्पना को केंद्र में रखते हुए निर्देशित किया कि सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों को कम से कम 2-3 योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ अवश्य मिलना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास कार्यों का भूमि पूजन अथवा शिलान्यास स्थानीय जनप्रतिनिधियों के माध्यम से कराया जाए, ताकि विकास में जनभागीदारी की भावना सशक्त हो।

मुख्यमंत्री ने धार्मिक पर्यटन को आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण निर्देश देते हुए कहा कि हर वर्ष प्रदेश के टॉप-50 धार्मिक स्थलों का चयन उसकी ऐतिहासिकता, महत्व एवं श्रद्धालुओं की संख्या के आधार पर किया जाए और इन स्थलों



फोटोः हि.स.

को जोड़ने वाले मार्गों के निर्माण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों की बेहतर कनेक्टिविटी न केवल सांस्कृतिक अनुभव को समृद्ध करती है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी प्रोत्साहित करती है।

मुख्यमंत्री ने राज्य की सड़कों की कनेक्टिविटी को एकीकृत दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल, आगरा, यमुना, बुंदेलखंड और निमार्णाधीन गंगा एक्सप्रेसवे ने पूर्व-पश्चिम की कनेक्टिविटी को नया आयाम दिया है। अब समय आ गया है कि उत्तर और दक्षिण के जनपदों को भी आपस में जोड़ने वाली संरचना तैयार की जाए, जिससे राज्य की आंतरिक गति और समरसता को नई दिशा मिले।

उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता, मरम्मत और सुरक्षा पर भी विशेष बल देते हुए निर्देश दिया कि प्रदेश के किसी भी मार्ग पर गड्ढे नजर नहीं आने चाहिए। उन्होंने कहा कि ओवरस्पीडिंग और टूटी हुई सड़कें, सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण हैं, इसलिए सभी डार्क स्पॉट चिन्हित किए जाएं और आवश्यकतानुसार टेबल टॉप स्पीड ब्रेकर बनवाए जाएं।

बाढ़ और अतिवृष्टि से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए विशेष रणनीति अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि लघु सेतु और सड़कें अकसर जलभराव के कारण क्षतिग्रस्त होती हैं। ऐसे में पूवार्नुमान के आधार पर पहले से ही प्रस्ताव तैयार कर भेजे जाएं, ताकि जैसे ही बरसात कम हो, कार्य आरम्भ कराया जा सके।

मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों की समयबद्धता और गुणवत्ता को सुनिश्चित करने हेतु जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक जिले में एक नोडल अधिकारी नामित करें, जो साप्ताहिक

### लोक निर्माण विभाग की महत्वपूर्ण 18 योजनाएं

लोक निर्माण विभाग की 18 महत्वपूर्ण योजनाओं में ब्लॉक और तहसील मुख्यालय, प्रमुख और अन्य जिला मार्ग, स्टेट हाईवे, धर्मार्थ मार्ग, औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक्स पार्क हेतु मार्गों का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण, शहरों में बाईपास, रिंग रोड, फ्लाईओवर के निर्माण, अंतरराज्यीय /अंतरराष्ट्रीय सीमा पर पड़ने वाले मार्गों का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण तथा इन पर गेट का निर्माण, केंद्रीय मार्ग एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत मार्गो का चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण, केंद्रीय मार्ग और अवसंरचना निधि सेतु बंधन, रेल ऊपरिगामी /अधोगामी सेतु, दीर्घ /लघु सेतु का निर्माण, चीनी मिल परिक्षेत्र में कृषि विपणन सुविधाओं हेतु मार्गो का चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण, सड़क सुरक्षा, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क /अनजुड़ी बसावट योजनांतर्गत ग्रामीण मार्गों का नवनिर्माण तथा नॉर्थ साउथ कॉरिडोर के कार्य शामिल हैं।

# फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप: पहले दिन कर्नाटक, तमिलनाडु व पंजाब की जीत

## कर्नाटक ने रचा इतिहास, स्नेहा की हैट्रिक से 7-0 की बड़ी जीत

### महाराष्ट्र को मिला वॉकओवर

एजेंसी (हि.स.)
चेन्नई

चेन्नई में शुरू हुए फर्स्ट हॉकी इंडिया मास्टर्स कप 2025 में पहले दिन महिला और पुरुष वर्ग में कुल चार मुकाबले खेले गए, जहां हॉकी कर्नाटक, हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु और हॉकी पंजाब ने शानदार जीत दर्ज की। वहीं, महिला वर्ग में हॉकी महाराष्ट्र को हॉकी हिमाचल के खिलाफ आधिकारिक फॉरफिट के जरिए 5-0 की जीत मिली।



फोटोः हि.स.

महिला वर्ग के पहले मुकाबले में हॉकी कर्नाटका ने केरल हॉकी को 7-0 से रौंदा। इस मुकाबले में स्नेहा सी (15', 17', 50') ने टूनामेंट की पहली हैट्रिक लगाई और टीम को मजबूत शुरूआत दिलाई। कप्तान के.के. कृतिक (42', 55') ने दो गोल किए, जबकि उषा विनायकुमार (22') और जोसेफिन लोरे सिक्वेरा (50') ने भी एक-एक गोल दागा।

दूसरे महिला मुकाबले में हॉकी महाराष्ट्र को हॉकी हिमाचल के खिलाफ आधिकारिक वॉकओवर मिला, जिसके तहत उन्हें 5-0 से विजेता घोषित किया गया।

### पंजाब ने ले पुडुचेरी को हराया

पुरुष वर्ग में हॉकी पंजाब और ले पुडुचेरी हॉकी के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले में पंजाब ने 3-2 से जीत दर्ज की। पंजाब की ओर से पवनींदर सिंह, धर्मपाल सिंह और कप्तान रिपुदमन कुमार ने गोल किए। वहीं पुडुचेरी की ओर से दिल्हिगणेश और एन. कमलाकन्नन ने वापसी की कोशिश की, लेकिन टीम हार गई।

### तमिलनाडु ने केरल को हराया

दिन के अंतिम मुकाबले में हॉकी यूनिट ऑफ तमिलनाडु ने केरल हॉकी को 8-0 से करारी शिकस्त दी। रामदास वी ने दो गोल दागे और बाकी छह गोल सुधर्शन एस, थमरैकन्नन, कप्तान एडम एंटनी सिनक्लेयर , विनोद कुमार एपी , सेड्रिक मार्सलिन डी क्रूज और सतीश कुमार ने किए।

# सीपीएल 2025: डिफेंडिंग चैंपियन सेंट लूसिया किंग्स ने टिम डेविड के साथ किया करार


फोटोः हि.स.

### मोईन अली सीपीएल में, राशिद खान बाहर

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) 2025 के लिए डिफेंडिंग चैंपियन सेंट लूसिया किंग्स ने आईपीएल विजेता टिम डेविड को ड्राफ्ट के पहले राउंड में अपनी टीम में शामिल किया है। हालांकि, टीम इस बार अपने कप्तान फाफ डु प्लेसिस के बिना मैदान में उतरेगी, जिन्होंने इस बार सीपीएल के बजाय द्यद हंड्रेड' में खेलने को प्राथमिकता दी है।

डु प्लेसिस सदर्न ब्रेव के लिए खेलेंगे, जो कि आईपीएल टीम दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर ग्रुप की संभावित नई संपत्ति है। जीएमआर ग्रुप ने पिछले साल होस्ट काउंटी हैम्पशायर का अधिग्रहण किया था। इंग्लैंड के ऑलराउंडर मोईन अली, जिन्होंने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिया था, इस बार द्यद हंड्रेड' छोड़कर सीपीएल खेलेंगे।

उन्हें गयाना अमेजन वॉरियर्स ने सातवें राउंड में दोबारा साइन किया। वहीं इमरान ताहिर (46 वर्ष) को भी अमेजन वॉरियर्स ने पहले पिक के रूप में बनाए रखा। दिग्गज स्पिनर राशिद खान इस बार भी सीपीएल में नहीं खेलेंगे, लेकिन अफगानिस्तान के अन्य खिलाड़ियों की उपस्थिति बनी रहेगी। एएम गजनफर, जो इस समय टी20 ब्लास्ट में डबीर्शायर के लिए शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं, फाल्कन्स में शामिल होंगे।

### अन्य प्रमुख ट्रांसफर और साइनिंग

त्रिनबागो नाइट राइडर्स (टीकेआर) ने मोहम्मद आमिर और पहली बार खेलने जा रहे उस्मान तारीक को साइन किया है। फाल्कन्स ने इमाद वसीम और शाकिब अल हसन को अपनी शुरूआती पसंद के रूप में जोड़ा। बारबाडोस रॉयल्स के लिए मुझेब उर रहमान और अजमतुल्लाह ओमारजई वापसी करेंगे। ग्लेन फिलिप्स अमेजन वॉरियर्स में शामिल होंगे, जबकि टिम सिफर्ट किंग्स में बने रहेंगे। कोलिन मुनरो और डैरेन ब्रावो टीकेआर में वापसी करेंगे, जहां ड्वेन ब्रावो अब मुख्य कोच की भूमिका में होंगे।

### ब्रेकआउट लीग से उभरते खिलाड़ियों को मौका

सीपीएल 2025 में हर फ्रेंचाइजी को हर मैच में ब्रेक आउट लीग का कम से कम एक खिलाड़ी खिलाना अनिवार्य होगा। इससे फ्रेंचाइजी को अपनी प्लेइंग इलेवन में पांच विदेशी खिलाड़ी शामिल करने का विकल्प भी मिलेगा। सेंट लूसिया किंग्स ने लोकल खिलाड़ी अकीम ऑगस्टे को दोबारा टीम में शामिल किया।त्रिनिदाद एंड टोबैगो लीजियंस को ब्रेकआउट लीग खिताब जिताने वाले कप्तान जोशुआ डा सिल्वा अब अपने घरेलू फ्रेंचाइजी टीकेआर से जुड़ेंगे।जाइड गूली, जो हाल ही में सीनियर वेस्टइंडीज टीम में चयनित हुए हैं, को पैट्रियट्स ने साइन किया है।

# भारत की अंडर-23 टीम ताजिकिस्तान के खिलाफ दोस्ताना मुकाबले में 2-3 से हारी

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

तुरसुंजोदा स्थित टेल्को एरीना में बुधवार को खेले गए एक अंतरराष्ट्रीय दोस्ताना फुटबॉल मुकाबले में भारत की अंडर-23 पुरुष फुटबॉल टीम को ताजिकिस्तान के हाथों 2-3 से हार का सामना करना पड़ा।

मोहन बागान सुपर जाइंट्स के फॉरवर्ड सुहैल अहमद भट ने 33वें मिनट में गोल कर भारत को शुरूआती बढ़त दिलाई। यह गोल मैकार्टन की तेज रफ्तार से दाहिनी ओर से भेजी गई लो क्रॉस पर हुआ, जिसे सुहैल ने एक ही टच में गोल में तब्दील कर दिया। हालांकि, भारत को जल्द ही झटका लगा जब एफसी गोवा के मिडफील्डर आयुष देव छेत्री को रेड कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर कर दिया गया। इसके बाद 59वें मिनट में मुसो खाखोरोव की क्रॉस पर अंसोर खबीबोव ने गोल कर ताजिकिस्तान को बराबरी दिला दी। हालांकि, 85वें मिनट में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड के फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई ने मोहम्मद ऐमन के पास पर गोल करते हुए भारत को एक बार फिर से बढ़त दिलाई। ऐमन ने हाफलाइन के पास से इंटरसेप्शन किया और सटीक थ्रू बॉल पर पार्थिब ने गोलकीपर को चकमा देकर गेंद को नेट में डाला।



फोटोः हि.स.

लेकिन भारत की खुशी ज्यादा देर नहीं टिक सकी।इंजरी टाइम में मेजबान टीम ने दो सेट-पीस पर गोल कर मुकाबला अपने नाम कर लिया। पहले मुहम्मदइकबोल ने अबूबाकर सुलेमोनोव की फ्री-किक पर गोल कर स्कोर 2-2 किया, फिर अजीजबोएव ने कॉर्नर किक पर हेडर के जरिए विजयी गोल दागा।

ब्लू कोल्ट्स के लिए यह मैच सितंबर में होने वाले एफसी अंडर-23 एशियन कप 2026 क्वालिफायर्स की तैयारियों का हिस्सा है।

# फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025: वाल्वरडे ने गंवाया पेनल्टी मौका, अल हिलाल ने रियल मैड्रिड को ड्रॉ पर रोका

एजेंसी (हि.स.)
मियामी

फेडेरिको वाल्वरडे द्वारा इंजरी टाइम में पेनल्टी चूकने के चलते रियल मैड्रिड को फीफा क्लब वर्ल्ड कप 2025 में सऊदी अरब की टीम अल हिलाल के खिलाफ 1-1 के ड्रॉ से संतोष करना पड़ा। यह मुकाबला बुधवार को मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला गया, जिसमें 62,415 दर्शकों की भारी भीड़ मौजूद थी। रियल मैड्रिड के लिए यह नया युग था, क्योंकि क्लब के नए मैनेजर जाबी अलोंसो की यह पहली आधिकारिक मुकाबला थी, लेकिन शुरूआत उम्मीद के मुताबिक नहीं रही। वहीं अल हिलाल की कमान पहली बार संभाल रहे इटली के कोच सिमोने इंजागी ने अपने डेब्यू मुकाबले में टीम से शानदार प्रदर्शन करवाया।अल हिलाल ने मुकाबले की शुरूआत आक्रामक अंदाज में की और 19वें मिनट में सलेम अलदोसारी के वॉली पर मार्कोस लियोनार्डो का शॉट जरा सा बाहर चला गया।रेनान लोडी ने भी नेट में गेंद डाली, लेकिन वह प्रयास ऑफसाइड करार दिया गया।


फोटोः हि.स.

रियल धीरे-धीरे मैच में लौटने लगा और 31वें मिनट में रॉड्रिगो का शॉट बार के ऊपर से गया। आखिरकार 34वें मिनट में रियल को बढ़त मिली जब गैरमौजूद किलियन एम्बाप्पे की जगह खेल रहे गोंजालो ने शानदार काउंटर अटैक के दौरान रॉड्रिगो की क्रॉस पर बढ़िया फिनिश कर गोल दागा।

हालांकि, अल हिलाल ने हिम्मत नहीं हारी और 41वें मिनट में मार्कोस लियोनार्डो पर राउल एसेन्सियो द्वारा फाउल के चलते मिली पेनल्टी को

# सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर पेगुला को हराया

**बर्लिन।** लियुडमिला सैमसोनोवा ने दो मैच प्वाइंट बचाकर बुधवार को यहां तीसरी रैंकिंग की जेसिका पेगुला को 6-7 (8), 7-5, 7-6 (5) से हराकर बर्लिन ओपन टेनिस टूनामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। विश्व में 20वीं रैंकिंग की खिलाड़ी सैमसोनोवा ने इस ग्रास कोर्ट टूनामेंट में तीन घंटे 21 मिनट तक चले मैच में गत विजेता के खिलाफ 18 ऐस लगाए।इससे पहले मंगलवार को नाओमी ओसाका को तीन सेटों में हराने वाली सैमसोनोवा ने पेगुला के खिलाफ निर्णायक सेट में 5-4 के स्कोर पर अपनी सर्विस पर दो मैच प्वाइंट बचाए। शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका का क्वालीफायर रेबेका मासरोवा के खिलाफ मैच बीच में स्थगित कर दिया गया क्योंकि कोर्ट फिसलन भरा हो गया था। सबालेंका ने पहला सेट 6-2 से जीता था जिसके बाद खेल रोक दिया गया।

# भारतीय जूनियर तीरंदाजों का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी

एजेंसी (हि.स.)
सिंगापुर

भारतीय जूनियर तीरंदाजों ने अपना दबदबा कायम रखते हुए गुरुवार को यहां एशिया कप के दूसरे चरण में तीन स्पधाओं के फाइनल में प्रवेश किया। दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय पुरुष रिकर्व टीम ने एकतरफा सेमीफाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त बांग्लादेश को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका सामना तीसरी वरीयता प्राप्त जापान से होगा। विष्णु चौधरी, पारस हुड्डा और जुयेल सरकार की तिकड़ी ने शुरू से ही दबदबा बनाते हुए पहला सेट 55-48 से जीता।

दूसरा सेट 55-55 से बराबर रहा, लेकिन भारतीय टीम ने अच्छी वापसी की और तीसरे सेट में सिर्फ एक अंक गंवाकर 59-56 से सेट और मैच अपने नाम कर दिया। वैष्णवी पवार, कीर्ति और तमन्ना की भारतीय महिला रिकर्व टीम को हालांकि निराशा हाथ



फोटोः हि.स.

लगी। भारत की पांचवीं वरीयता प्राप्त टीम पांच सेट तक चले क्वार्टर फाइनल के इस मुकाबले में शूट-ऑफ में चौथी वरीयता प्राप्त जापान से 4-5 (26-28) से हार गई। भारतीय टीम ने पहला सेट 47-49 से गंवा दिया और दूसरे सेट में जापान के 55 अंकों के मुकाबले केवल 34 अंक ही हासिल कर सकी। भारतीय खिलाड़ियों ने हालांकि शानदार वापसी की तथा तीसरा सेट 55-53 से और चौथा सेट 54-52 से जीतकर स्कोर 4-4 से बराबर कर दिया। शूट-ऑफ में जापान सिर्फ दो अंकों से आगे रहा। भारत ने कम्पाउंड पुरुष टीम स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने से एक और पदक पक्का किया।



# घर पर बनाएं ऐसी कटहल की सब्जी जिसके साथ बच्चे दो रोटी ज्यादा खा लेंगे

**गर्मियों की बात करें तो इस सीजन में लौकी, तोरई, भिंडी, टिंडे, करेला और कटहल जैसी सब्जियां आती हैं, जो बच्चों के साथ-साथ बड़ों को भी पसंद नहीं आती। इसी के चलते हम आपको कटहल की ऐसी सब्जी बनाएंगे जिसे बड़े तो खाएंगे ही , बल्कि बच्चे भी एक बार खाकर दोबारा इसे मांगेंगे। कटहल की सब्जी ग्रेवी और सूखी दोनों तरह की बन सकती है, लेकिन हम आपको कटहल की सूखी सब्जी बनाना सिखाएंगे।**



### सामान

- कटहल-500 ग्राम
- सरसों का तेल-3-4 टेबलस्पून
- हींग-1 चुटकी
- जीरा- 1/2 चम्मच
- अदरक-लहसुन का पेस्ट -1 टेबलस्पून
- टमाटर- 2
- हल्दी पाउडर - 1/2 चम्मच
- लाल मिर्च पाउडर-1 चम्मच
- धनिया पाउडर-1 चम्मच
- गरम मसाला-1/2 चम्मच
- नमक
- हरा धनिया

### कटहल की सब्जी बनाने की विधि

इस सब्जी को बनाने के लिए सबसे पहले आपको कटहल को छोटे-छोटे टुकड़ों में काट लेना है। इसके बाद कुकर में डालकर एक दो सीटी लगाएं। ताकि ये थोड़ा पक जाए। यदि आप कटहल को उबालकर बनाएंगी तो ये ज्यादा अच्छा बनेगा। जब ये उबल जाए तो उसे पानी में से निकालकर अलग रख दें और सूखने दें। अब बारी आती है इसका मसाला तैयार करने की तो सबसे पहले एक कढ़ाही में सरसों का तेल गरम करें जब तक वो धुआं छोड़ने लगे। तेल के गर्म होने के बाद इसमें इसमें हींग और जीरा डालें। जब जीरा भुन जाए तो अदरक-लहसुन पेस्ट डालकर 1-2 मिनट भूनें। इसके बाद अब इसमें टमाटर डालें, साथ में हल्दी, धनिया, मिर्च और नमक डालें। मसाले को तब तक भूनें जब तक तेल न छोड़ने लगे। जब मसाले तेल छोड़ दें तो फिर उसमें उबले कटहल को डालें। उबला हुआ कटहल डालकर मसालों में अच्छी तरह मिला लें। इसे अब आपको तब तक पकाना है, जब तक ये सुनहरा न हो जाए। 19 मिनट तक इसे पकाएं और इसे बीच-बीच में चलाते रहें। सबसे आखिर में इसमें गरम मसाला डालकर इसे मिक्स करें। अब जब ये पूरी तरह से पक जाए तो इसमें हरा धनिया डालें। अब ये परोसने के लिए तैयार है। इसे रोटी, पराठा और चावल के साथ परोसा जा सकता है।

# फफूंदी लगे अचार को कैसे बनाएं खाने योग्य

गर्मी के मौसम में हर भारतीय घर में अचार डाला जाता है। ये अचार इतना होता है कि सालों-साल बड़ी ही आसानी से चल जाता है। पर, जब बारिश का मौसम आता है और हर तरफ नमी आने लगती है तो इस मौसम का प्रभाव सीधा अचार पर पड़ता है। इस नमी वाले मौसम की वजह से अचार में धीरे-धीरे फंफूदी पड़ने लगती है। बहुत से लोगों को लगता है कि यदि अचार में फंफूदी लग गई तो इसे फेंकना बेहतर होता है। जबकि ऐसा नहीं हैं। आप कुछ टिप्स अपनाकर फंफूदी लगे अचार को सही कर सकते हैं। जी हां कुछ ऐसी आसान टिप्स होती हैं, जिनको आजमाकर आप फंफूदी लगे अचार को भी दोबारा खाने के योग्य बना सकते हैं।



### पहले करें चेक

यदि अचार में फफूंदी लग गई है तो पहले ये चेक करें कि ये अंदर तक तो नहीं लगी। क्योंकि सिर्फ ऊपर लगी हुई फफूंदी को हटाया जा सकता है। अगर फफूंदी अंदर तक चली गई है तो इसे फेंकना ही बेहतर विकल्प है, क्योंकि इसके सेवन से फूड पॉइजनिंग, गैस्ट्रिक इंफेक्शन, या लिवर इंफेक्शन जैसी समस्याएं हो सकती हैं। यदि ये सिर्फ ऊपर ही लगी है तो हमारे बताए नुस्खों को आजमा लें।

### ऊपर से हटा लें

यदि अचार में फफूंदी लग गई है तो सबसे पहले तो जितने हिस्से में फफूंदी लगी है उसके थोड़े नीचे तक का हिस्सा निकालकर फेंक दें। फफूंदी वाला अचार जब हटा दें तो उसके बाद भी चेक कर लें कि फफूंदी का कुछ हिस्सा भी उसमें रह न जाए, वरना ये दिक्कत पैदा कर सकता है।

### अब डालें सरसों का तेल

अक्सर फफूंदी अचार में तब लगती है, जब अचार तेल में डूबा नहीं रहता है। बाहर निकला अचार नमी के संपर्क में आता है, जिससे इसमें फंगस लगती है। ऐसे में फफूंदी वाले अचार को फेंक कर इसमें सरसों का तेल भर दें, ताकि ये डूबा रहे।

### सिरका मिलाएं

अचार में फफूंद लगने लगी है तो उसे हटाकर उसमें थोड़ा सा सिरका मिला दें। सिरके की वजह से अचार सालों-साल खराब नहीं होता है। ये फफूंदी को बढ़ने से रोकने में मदद करता है।

### लगाएं धूप

जब नमी आने लगे तो अचार को बीच-बीच में चलाएं और धूप में रखें। धूप में रखने से इससे नमी कम होगी और बैक्टीरिया मरते हैं। धूप में रखने से पहले और बाद में भी इसे चलाएं अवश्य, ताकि तेल मिक्स होता रहे।

### प्लास्टिक के डिब्बे से निकाल दें

यदि आपने अचार को प्लास्टिक के डिब्बे में रखा है तो उसे उसमें से निकाल लें, क्योंकि प्लास्टिक के डब्बों में अक्सर नमी रुक जाती है, जिससे फफूंद लग सकती है। अचार हमेशा चीनी मिट्टी या फिर कांच के जार में रखा जाता है। इसलिए इसे कांच के जार में रखें।



# घर पर बनाएं ऐसे क्रिस्पी समोसे जो पूरे महीने रहेंगे ताजे और स्वादिष्ट



शाम 4 बजते ही हर किसी का मन कुछ चटपटा खाने को करने लगता है।ऐसे में लोग बाजार में मिलने वाले समोसे, चाट, पापड़ी, मोमो, गोलगप्पे खाकर अपना मन खुश करते हैं। पर रोज-रोज बाहर का खाना आपकी सेहत को भी नुकसान पहुंचा सकता है।ऐसे में हम आज आपको कुछ ऐसा नाश्ता तैयार करने की विधि बताएंगे, जिसे एक बार बनाकर आप महीने भर के लिए स्टोर कर सकते हैं। यहां हम बात कर रहे हैं दाल के समोसे की, जी हां मूंग दाल का समोसा आसानी से एक महीने तक चल जाता है और इसके खराब होने की संभावना नहीं होती। ऐसे में आप भी बनाकर स्टोर कर लीजिए और रोज-रोज बाहर के खाने के छुट्टी पाइए।

### मूंगदाल की स्टफिंग बनाने का सामान

- मूंग दाल (बिना छिलके) -1 कप
- सौंफ - 1 टीस्पून
- धनिया पाउडर - 1 टीस्पून
- लाल मिर्च पाउडर - ½ टीस्पून
- अमचूर पाउडर -1 टीस्पून
- गरम मसाला - ½ टीस्पून
- नमक -स्वादानुसार
- हींग -1 चुटकी
- तेल

### विधि

समोसा बनाने के लिए सबसे पहले मैदा गूंथ कर साइड में रखनी है, क्योंकि इस मैदा को सेट होने में थोड़ा समय लगता है। मैदा गूंथने के लिए सबसे पहले मैदे में नमक, अजवायन और मोयन का तेल डालें। अब इसे हाथ से धीरे-धीरे मिक्स करें। जब ये हल्का गुंथ जाए तो थोड़ा-थोड़ा पानी डालते हुए इसका टाइट मैदा गूंथ लें। जब ये पूरी तरह से सेट हो जाए तो इसे ढक कर रख दें। इसके बाद बारी आती है स्टफिंग तैयार करने की तो सबसे पहले तो भीगी हुई मूंग की दाल को मिक्सी में डालकर दरदरा पीस लें। इसके बाद कढ़ाही गर्म करें और उसमें थोड़ा सा तेल डालें। अब इस तेल में सौंफ और हींग डालकर भूनें। इसके बाद पिसी हुई दाल इसमें डालें और सुनहरा होने तक अच्छी तरह से भूनें। इसके बाद इसमें सभी बचे हुए मसाले और नमक डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। मसाला तैयार होने के बाद इसे भी थोड़ी देर ऐसे ही रख दें और ठंडा होने दें। जब स्टफिंग ठंडी हो जाए तो शुरू करें समोसा बनाना। इसके लिए गुंथे हुए मैदा की छोटी लोई लेकर उसे बेलें और फिर इसे बीच में काटकर समोसे तैयार करें। किनारों पर पानी लगाकर समोसा अच्छी तरह से पैक कर दें और फिर इसे गर्म तेल में तल लें। सुनहरा होने के बाद इसे निकालकर एक टिश्यू में निकाल लें और बस आपके ये समोसे तैयार हैं। इसे आप चाय के साथ मेहमानों को परोस सकते हैं।

### मैदा गूंथने का सामान

- मैदा -2 कप
- नमक- स्वादानुसार
- अजवायन - टीस्पून
- घी-4 टेबलस्पून (मोयन के लिए)
- पानी

# चंडीगढ़ खाद्य सुरक्षा विभाग ने 450 किलो पनीर जब्त किया

संवाददाता
चंडीगढ़



मुख्य सचिव, चंडीगढ़ प्रशासन के कुशल मार्गदर्शन और सचिव स्वास्थ्य-सह-आयुक्त खाद्य सुरक्षा के निदेशों के तहत नागरिकों की सुरक्षा और भलाई सुनिश्चित करने के लिए, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग ने 11 जून, 2025 को सुबह लगभग 7:00 बजे बापूधाम कॉलोनी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में एक आश्चर्यजनक छापेमारी की। निरीक्षण करने पर, लगभग 450 किलोग्राम पनीर, हाउस नंबर 714/2, बापूधाम कॉलोनी, सेक्टर-26, चंडीगढ़ में दुकान में और कुछ उक्त परिसर के बाहर खड़ी पिकअप गाड़ी में पड़ा हुआ पाया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिसर से और साथ ही उक्त पिकअप गाड़ी से पनीर के नमूने जब्त किए।

नमूनों को विश्लेषण के लिए खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला में भेजा गया। प्रयोगशाला ने नमूनों को असुरक्षित और घटिया बताया। रिपोर्ट के आधार पर खाद्य सुरक्षा विभाग ने उचित प्रक्रिया का पालन किया और जब्त किए गए 450 किलोग्राम पनीर को एमसी अपशिष्ट निपटान संयंत्र में नष्ट कर दिया। स्वास्थ्य विभाग चंडीगढ़ के सभी निवासियों से अपील करता है कि वे पनीर केवल प्रामाणिक स्त्रोत से ही खरीदें, जिसके पास उचित ऋ्रअक लाइसेंस हो और यदि उन्हें पनीर की गुणवत्ता के बारे में कोई संदेह है, तो उन्हें खाद्य सुरक्षा विभाग, सरकारी मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल, सेक्टर-16, चंडीगढ़ को इसकी सूचना देनी चाहिए या शिकायत पोर्टल यानी पर अपनी चिंता व्यक्त करनी चाहिए।

पनीर की बिक्री में लगे सभी खाद्य व्यवसाय संचालकों को खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006, विनियमन, 2011 के अनुसार गुणवत्ता सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्हें यह प्रदर्शित करना होगा कि वे पनीर या डेयरी एनालॉग बेच रहे हैं। सभी होटल / रेस्तरां / ढाबा वालों / खाद्य वेंडिंग इकाइयों को उचित एफएसएसएआई लाइसेंस वाले प्रामाणिक स्त्रोत से पनीर खरीदने और खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006, विनियम 2011 के मानदंडों के अनुसार गुणवत्ता वाले उत्पाद बेचने के निर्देश दिए गए हैं। यदि कोई खाद्य व्यवसाय संचालक घटिया / असुरक्षित / भ्रामक पनीर का उपयोग करके खाद्य पदार्थ बेचते / बनाते हुए पाया जाता है, तो खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अनुसार खाद्य व्यवसाय संचालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# आदर्श कॉलोनी (सेक्टर 53-54) में अवैध अतिक्रमण हटाया गया, 12 एकड़ सरकारी जमीन वापस मिली

संवाददाता
चंडीगढ़



चंडीगढ़ प्रशासन ने अवैध अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए आज सेक्टर 53 और 54 के बीच स्थित आदर्श कॉलोनी में सफल बेदखली और ध्वस्तीकरण अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप लगभग 12 एकड़ बेशकीमती सरकारी जमीन वापस मिली। यह अभियान सुबह-सुबह शुरू हुआ, ताकि जन-जीवन में कम से कम व्यवधान आए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अभियान के सुरक्षित और सुचारू क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था। पूरा अभियान चंडीगढ़ प्रशासन और पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की प्रत्यक्ष निगरानी में चलाया गया, जो शहरी अनुशासन बनाए रखने और कानून के शासन को बनाए रखने के प्रशासन के दृढ़ संकल्प को दशार्ता है। यह सक्रिय पहल सरकारी भूमि को पुनः प्राप्त करने और सार्वजनिक स्थानों को अवैध कब्जों से बचाने के उद्देश्य से एक बड़े अतिक्रमण विरोधी अभियान का हिस्सा है। प्रशासन ने हाल के दिनों में अनधिकृत कब्जों को कई नोटिस और चेतावनियाँ दी थीं, जिससे स्वैच्छिक अनुपालन के लिए पर्याप्त अवसर मिले।

पिछले नोटिसों के बावजूद, कई संरचनाओं और अस्थायी आवासों ने सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करना जारी रखा था। निर्णायक रूप से कार्य करते हुए, प्रशासन ने इन अवैध निमार्णों को हटाने के लिए अर्थमूवर और सहायता टीमों सहित सभी आवश्यक मशीनरी को जुटाया। इस अवसर पर बोलते हुए, उपायुक्त श्री निशांत कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल भूमि को पुनः प्राप्त करने के बारे में नहीं है, बल्कि यह स्पष्ट संदेश दे रहा है कि अवैध अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुनः प्राप्त भूमि का उपयोग अब बड़े समुदाय को लाभ पहुँचाने के लिए नियोजित शहरी विकास लक्ष्यों के अनुसार किया जाएगा

प्रशासन ने सभी नागरिकों के अधिकारों और सुरक्षा की रक्षा करते हुए नियोजित और कानूनी शहरी विकास सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई है। निवासियों से एक बार फिर अनधिकृत निर्माण और कब्जे से बचने का आग्रह किया जाता है, क्योंकि प्रशासन शहर के अन्य पहचाने गए क्षेत्रों में इसी तरह की कार्रवाई जारी रखता है।

# नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1) की बैठक का आयोजन

संवाददाता
चंडीगढ़




केंद्रीय सरकारी कार्यालयों उपक्रमों एवं निगमों इत्यादि में राजभाषा का प्रयोग बढ़ाने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा गठित चंडीगढ़ नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1) की प्रथम छमाही बैठक चंडीगढ़ होटल शिवालिक व्यू, सैक्टर 17, चंडीगढ़ में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति अध्यक्ष श्रीमती आम्रपाली दास, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, उत्तर-पश्चिम क्षेत्र, चंडीगढ़ ने की। बैठक में चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालयों/निगमों, बोर्डों एवं उपक्रमों के लगभग 135 कार्यालयाध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग की समीक्षा की गई तथा केंद्रीय सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए रखे गए लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विचार-विमर्श किया गया। सदस्य सचिव सुश्री नीना मल्होत्रा उप निदेशक (रा.भा) बैठक में सूचित किया कि चंडीगढ़ स्थित केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, उपक्रमों एवं निगमों के कार्मिकों के लिए इस वर्ष भी समिति द्वारा हिंदी निबंध, हिंदी शब्द ज्ञान, कंप्यूटर पर हिंदी टाइप, सामान्य हिंदी ज्ञान, स्व-रचित हिंदी काव्य पाठ, हिंदी अधिकारियों/अनुवादकों के लिए विविधा तथा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण इत्यादि हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। समिति, राजभाषा अधिकारियों के लिए सेमिनार, अनुवादकों के लिए कार्यशाला तथा कर्मचारियों के लिए हिन्दी कार्यशालाओं का आयोजन भी करेगी। हिंदी लेखन को प्रोत्साहित करने के लिए समिति के सदस्य कार्यालयों में कार्यरत हिंदी लेखकों तथा कार्यालयों द्वारा प्रकाशित पत्रिकाओं के लिए पत्रिका प्रतियोगिता भी आयोजित करने का भी निर्णय लिया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में श्रीमती आम्रपाली दास ने अधिक से अधिक सरकारी कार्य सरल हिन्दी में करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि, भाषा का प्रयोग करने से ही भाषा का विकास होता है किसी भी भाषा की शक्ति उसके प्रयोग में ही निहित होती है। जिस भाषा का प्रयोग जितना अधिक होता है वह भाषा उतनी शक्तिशाली होती जाती है। अतः आइए अपने-अपने कार्यालयों में राजभाषा हिंदी का अधिकाधिक प्रयोग कर इसके प्रचार-प्रसार और विकास में हम अपना योगदान दें।

# राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने घरेलू पर्यटन और यात्रा पर 80वें दौर का सर्वेक्षण 1 जुलाई से शुरू करने की घोषणा की

संवाददाता
मोहाली



सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), फील्ड ऑपरेशन्स डिवीजन घरेलू पर्यटन व्यय सर्वेक्षण (डीटीईएस) और राष्ट्रीय पारिवारिक यात्रा सर्वेक्षण (एनएचटीएस) पर केंद्रित सामाजिक-आर्थिक (एसई) सर्वेक्षण के 80वें दौर को शुरू करने जा रहा है। यह सर्वेक्षण 1 जुलाई 2025 से 30 जून 2026 तक आयोजित किया जाएगा।

इस संबंध में, क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) झ मोहाली पीबी(एस) के लिए केंद्रीय और राज्य सरकार दोनों संस्थाओं के क्षेत्रीय अधिकारियों और अधिकारियों के लिए एक तीन दिवसीय क्षेत्रीय प्रशिक्षण सम्मेलन आज होटल कैंडी, फेज 11, मोहाली में शुरू हुआ। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य क्षेत्रीय कर्मचारियों को सर्वेक्षण की अवधारणाओं, परिभाषाओं और कार्यप्रणाली की पूरी समझ प्रदान करना है ताकि सटीक और उच्च गुणवत्ता वाले डेटा संग्रह को सुनिश्चित किया जा सके।

सम्मेलन का उद्घाटन श्री संजीव कुमार, वरिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी और कार्यालय प्रमुख द्वारा किया गया, जिन्होंने प्रतिभागियों का स्वागत किया। हिम्मत सिंह राघव, उप महानिदेशक, राज्य क्षेत्रीय राजधानी कार्यालय, आरओ-मोहाली ने मुख्य भाषण दिया। उन्होंने केंद्र और राज्य दोनों स्तरों पर प्रभावी नीति निर्माण में गुणात्मक और मात्रात्मक डेटा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों से प्रशिक्षण सत्रों में सक्रिय रूप से भाग लेने, अपनी शंकाओं को दूर करने और आगामी क्षेत्रीय कार्य में अपना सर्वोत्तम प्रयास देने का आग्रह किया। उन्होंने आगे पारिवारिक पर्यटन और यात्रा व्यवहार पर प्रामाणिक डेटा एकत्र करने में डीटीईएस और एनएचटीएस की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला, जो पर्यटन मात्रा, आवृत्ति और व्यय पैटर्न से संबंधित सार्थक अनुपात और सूचकांक प्राप्त करने में योगदान देगा। विकास रुंडाला, सहायक निदेशक ने अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर सम्मेलन के दौरान तकनीकी प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान पंचकूला ने मनाया योग अभ्यास सत्र

संवाददाता
पंचकूला



राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, पंचकूला (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) द्वारा 21 जून 2025 को प्रस्तावित 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में, दिनांक 19 जून 2025 को प्रातः 6:15 बजे से 8:00 बजे तक ह्यसामान्य योग प्रोटोकॉलह्न अभ्यास सत्र का आयोजन संस्थान परिसर में किया गया।

इस वर्ष की थीम ह्लएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्व को केंद्र में रखते हुए आयोजित इस सत्र के प्रशिक्षक डॉ. प्रदीप कुमार अग्निहोत्री, महासचिव, भारतीय योग संघ, चंडीगढ़ से रहे। योग प्रोटोकॉल का सजीव प्रदर्शन संस्थान के छात्रों – सुश्री तीशा ढल, सुश्री अनामिका शर्मा, श्री श्याम शुक्ला, श्री दीक्षांश– ने प्रभावशाली ढंग से किया।

कार्यक्रम का मार्गदर्शन संस्थान के कुलपति प्रो. संजीव शर्मा, डीन (अकादमिक एवं प्रशासनिक) प्रोफेसर गुलाब पमनानी, डीन प्रभारी प्रोफेसर सतीश गंधर्व ने की। अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के समन्वयक डॉ. गौरव गर्ग, सदस्य सचिव डॉ. आकांक्षा राणा, संस्थान के संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी तथा छात्रगण इस योग सत्र में शामिल हुए।

सत्र में विभिन्न योग आसनों, श्वास तकनीकों और ध्यान अभ्यास को सम्मिलित किया गया जिससे प्रतिभागियों को मानसिक और शारीरिक संतुलन की अनुभूति प्राप्त हुई।

# एक पृथ्वी, स्वस्थ संसार - संत निरंकारी मिशन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर देशव्यापी आयोजन

संवाददाता
चंडीगढ़




संत निरंकारी मिशन द्वारा ह्यअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्न के अवसर पर शनिवार, 21 जून 2025 को प्रातः 6:00 बजे भारतवर्ष के 1000 से अधिक स्थानों पर एक साथ ह्ययोग दिवसह्न का भव्य आयोजन किया जाएगा। मिशन की विभिन्न शाखाओं में यह आयोजन स्थानीय योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में खुले मैदानों एवं पार्कों में किया जाएगा, जिसमें श्रद्धालु, सेवादल स्वयंसेवक एवं स्थानीय नागरिक उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। इसी लड़ी में चंडीगढ़ में भी संत निरंकारी सत्संग सैक्टर 30 ए, में अन्तर्राष्ट्रीय योगा दिवस का आयोजन प्रातः 6:00 बजे किया जायेगा।

इस वर्ष संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा घोषित ह्यअंतर्राष्ट्रीय योग दिवसह्न का विषय - ह्यह्यएक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योगह्नह्न है जो सम्पूर्ण मानवता को यह संदेश देता है कि व्यक्ति का वास्तविक स्वास्थ्य तभी पूर्ण माना जाता है जब वह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आध्यात्मिक रूप से संतुलित और जागरूक हो। इसी उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए संत निरंकारी मिशन, अपने आध्यात्मिक और सामाजिक प्रयासों के अंतर्गत योग को समग्र कल्याण का माध्यम मानते हुए निरंतर प्रयासरत है।

संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा जी ने जानकारी दी कि वर्ष 2015 से ही संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन द्वारा ह्ययोग दिवसह्न का नियमित रूप से देशव्यापी आयोजन किया जा रहा है। यह पहल सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज के आशीर्वाद से निरंतर विस्तारित हो रही है जिनका मार्गदर्शन रहा है स्वस्थ मन, सहज जीवन। उनके विचारों में यह स्पष्ट है कि मानव शरीर ईश्वर की एक अनुपम देन है, जिसे स्वस्थ और सशक्त बनाकर ही मानव अपने आध्यात्मिक और सामाजिक कर्तव्यों का सम्यक रूप से निर्वहन कर सकता है।

योग भारत की एक प्राचीनतम विद्या है जो न केवल शरीर को सबल बनाती है बल्कि मन को शांत और आत्मा को जागृत करने की क्षमता भी रखती है। इसके नियमित अभ्यास से तनाव, असंतुलन और रोगों से बचाव करते हुए व्यक्ति आत्मिक शांति और सामाजिक सौहार्द की दिशा में अग्रसर होता है। आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में ऐसे आयोजनों का मूल उद्देश्य यही है कि हम स्वयं के स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें और एक सुखद, संतुलित एवं शांतिपूर्ण जीवन जीने की ओर बढ़ें।

# चंडीगढ़ प्रशासन 21जून से आपातकाल और आपदा प्रतिक्रिया तैयारियों के लिए एमजीएसआईपीए में 1600 नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित करेगा

चंडीगढ़
चंडीगढ़

समुदाय की तन्यकता बढ़ाने और आपात स्थितियों और आपदा स्थितियों के प्रबंधन में शहर की तैयारियों को बढ़ाने के लिए एक सक्रिय कदम के रूप में, चंडीगढ़ प्रशासन 1,600 स्वयंसेवकों के लिए बड़े पैमाने पर नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह प्रशिक्षण प्रतिष्ठित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान (एमजीएसआईपीए), चंडीगढ़ में चार संरचित बैचों (प्रत्येक छह दिन) में आयोजित किया जाएगा। यूटी चंडीगढ़ के माननीय प्रशासक प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे, जो आपदा प्रबंधन में आपदा तैयारियों और सामुदायिक भागीदारी को मजबूत करने के लिए इस महत्वपूर्ण पहल की शुरूआत को चिह्नित करेगा। चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग के सहयोग से की गई इस पहल का उद्देश्य तकनीकी रूप से सुदृढ़ और उत्तरदायी नागरिक सुरक्षा बल विकसित करना है, जो युद्ध जैसी स्थितियों, प्राकृतिक या मानव निर्मित आपदाओं और बड़े पैमाने पर हताहतों की घटनाओं के दौरान प्रशासन को प्रभावी ढंग से सहायता कर सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रतिभागियों को सैद्धांतिक ज्ञान और व्यावहारिक क्षेत्र का अनुभव प्रदान करने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है। प्रशिक्षण के मुख्य उद्देश्यों में शामिल हैं:

* संकट की स्थितियों में प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया करने के लिए नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों के बीच क्षमता विकसित करना।
* समुदाय के पहले उत्तरदाताओं का एक प्रशिक्षित पूल बनाना जो पेशेवर उत्तरदाताओं के आने तक आपात स्थिति के दौरान सहायता कर सकें।
* स्वयंसेवकों के बीच तैयारी और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों का अनुकरण करना।
* नागरिक स्वयंसेवकों, प्रशासन, आपातकालीन सेवाओं और रक्षा कर्मियों के बीच अंतर-एजेंसी समन्वय को बढ़ावा देना।

सभी स्वयंसेवकों के लिए व्यापक कवरेज और व्यावहारिक शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण तीन बैचों में आयोजित किया जाएगा। पाठ्यक्रम को विशेष रूप से सार्वजनिक सुरक्षा, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और आपातकालीन प्रतिक्रिया में विशेषज्ञता वाले टक्ष्क्ढअ के विशेषज्ञ संकाय और प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किया गया है। प्रशिक्षण मॉड्यूल में निम्नलिखित शामिल होंगे:

* आपदा जोखिम प्रबंधन और शमन रणनीतियाँ
* खोज और बचाव अभियान
* युद्ध या प्राकृतिक आपदाओं के दौरान निकासी प्रक्रियाएँ
* प्राथमिक चिकित्सा, ट्राइएज और सामूहिक हताहत प्रबंधन
* आपात स्थितियों के दौरान संचार प्रोटोकॉल
* भीड़ प्रबंधन और मनोवैज्ञानिक प्राथमिक चिकित्सा
* अग्नि सुरक्षा, खतरे की पहचान और आपातकालीन हैंडलिंग
* आश्रय प्रबंधन, राहत वितरण और संसाधन आवंटन

प्रशिक्षण को अधिक यथार्थवादी और प्रभावशाली बनाने के लिए, नकली आपातकालीन वातावरण बनाए जाएँगे जहाँ स्वयंसेवकों को नकली आपदा और संघर्ष परिदृश्यों में रखा जाएगा। ये लाइव अभ्यास प्रतिभागियों को विकसित करने में मदद करेंगे:

* वास्तविक समय संकट प्रतिक्रिया और समन्वय कौशल
* दबाव में त्वरित और प्रभावी निर्णय लेने की क्षमता
* आपात स्थिति के दौरान अंतर-विभागीय समन्वय तंत्र की जागरूकता

प्रशिक्षण के एक प्रमुख घटक के रूप में, प्रतिभागी चंडीमंदिर छावनी का एक फील्ड दौरा भी करेंगे, जहाँ उन्हें सैन्य तैयारियों, युद्धकालीन परिस्थितियों में नागरिक-सैन्य समन्वय और सामरिक और सामरिक प्रतिक्रिया तंत्र को समझने के लिए रक्षा कर्मियों के साथ बातचीत का अनुभव दिया जाएगा।

यह पहल एक आत्मनिर्भर और आपदा-प्रतिरोधी शहरी आबादी के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षित स्वयंसेवक स्थानीय प्रशासन की सहायता करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे:

* भूकंप और आग लगने की घटनाएं
* युद्ध जैसी आपात स्थिति और आतंकवादी हमले
* स्वास्थ्य आपात स्थिति और महामारी
* प्रभावित क्षेत्रों में निकासी और राहत अभियान

यह कार्यक्रम भारत सरकार के जन भागीदारी को बढ़ावा देने और यह सुनिश्चित करने के दृष्टिकोण के अनुरूप है कि नागरिक न केवल जागरूक हों बल्कि आपात स्थिति के दौरान सार्थक रूप से योगदान करने में भी सक्षम हों।

## संक्षिप्त-समाचार

### यू.टी. चंडीगढ़ में ट्रैफिक चालान के निपटान के लिए विशेष लोक अदालत

**चंडीगढ़।** माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चंडीगढ़ के आदेशों के अनुसार, ट्रैफिक चालान मामलों के निपटान के लिए न्यायिक मजिस्ट्रेटों द्वारा 1 जुलाई से 11 जुलाई 2025 तक (सभी कार्य दिवसों पर) अपने-अपने न्यायालयों में विशेष लोक अदालतें आयोजित की जाएंगी। यह 12 जुलाई 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के अतिरिक्त होगी। आम जनता को अपने लंबित ट्रैफिक चालान मामलों को सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटाने के लिए इस अवसर का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

### भ्रष्टाचार के आरोपी अधिकारी के खिलाफ कोर्ट में चालान पेश

**चंडीगढ़** । एसीबी फरीदाबाद द्वारा दिनांक 19.6.2025 को भ्रष्टाचार के एक मामले में आरोपी राजेश कुमार वशिष्ठ, तत्कालीन मुख्य पंजीकरण लिपिक (एच.आर.सी.), कार्यालय जिला राजस्व अधिकारी, लघु सचिवालय, फरीदाबाद के विरूद्ध चालान धारा 7, 13(1)(बी) सहपठित 13(2) पीसी एक्ट के तहत माननीय न्यायालय, फरीदाबाद में दिया गया है। शिकायतकर्ता ने एसीबी फरीदाबाद को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बहन यू.एस.ए. में रहती है। उसके नाम आर्य नगर फरीदाबाद में एक मकान है जिसकी देख-रेख हेतू उसकी बहन द्वारा उसके नाम मकान की जी.पी.ए. की सारी कार्यवाही करके जी.पी.ए. सम्बन्धित दस्तावेज उसके पास डाक के माध्यम से जनवरी 2025 में भेजे थे। कुछ दिन बाद उसने जी.पी.ए. के दस्तावेज अपनी दरखास्त के साथ डी.सी. कार्यालय, फरीदाबाद में जमा करवाये गए, डी.सी. कार्यालय से उसके दस्तावेज डी.आर.ओ. कार्यालय में भिजवाये गये। डी.आर.ओ. कार्यालय में तैनात कर्मचारी राजेश वशिष्ठ उपरोक्त द्वारा उसका काम करने की एवज में पहले उससे 15,000/-रु की माँग की गई। उसके द्वारा बार-बार अनुरोध करने पर आरोपी राजेश वशिष्ठ उपरोक्त द्वारा 12,000/-रुपए बतौर रिश्वत के लिए सहमति दी गई। 3.उपरोक्त शिकायत पर कार्यवाही करते हुये एसीबी फरीदाबाद की टीम द्वारा आरोपी राजेश कुमार वशिष्ठ उपरोक्त को शिकायतकर्ता से 12,000/-रु बतौर रिश्वत लेते हुये रंगे हाथो गिरफ्तार किया गया था तथा आरोपी के विरूद्ध अभियोग संख्या 11 दिनांक 22.4.2025 धारा 7, 13(1)(बी) सहपठित 13(2) पीसी एक्ट के तहत थाना भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, फरीदाबाद में दर्ज किया गया था। आरोपी दिनांक 23.4.2025 से जिला जेल नीमका फरीदाबाद में बन्द है।

### चंडीगढ़ में मंदिरों की जा रही तोड़फोड़ तुरंत बंद हो: सुरेश राणा



चंडीगढ़। विश्व हिंदू परिषद पंजाब प्रांत के प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश राणा ने आज चंडीगढ़ महापौर से मुलाकात की और उनसे अनुरोध किया कि शहर में स्थित मंदिरों को यथा स्थिति में रखा जाए और निगम द्वारा इन मंदिरों के लिए एक समाधान निकाला जाए। महापौर ने आश्वस्त किया कि वे इस मुद्दे पर चर्चा करेंगे और सनातन धर्म की आस्था के प्रतीक मंदिरों के ऊपर किसी भी तरह की कार्रवाई न हो। इस मुलाकात में सुरेश राणा ने महापौर को बताया कि चंडीगढ़ में स्थित मंदिरों की कमेटियां जमीन के पैसे देने के लिए तैयार हैं और वे नहीं चाहतीं कि उनके धार्मिक स्थलों पर बुलडोजर चलाया जाए। इस से चंडीगढ़ नगर निगम के पास भी अतिरिक्त आय का स्त्रोत बन जाएगा और सनातन धर्म आस्था के प्रतीक मंदिरों का भी स्थाई समाधान हो जाएगा।महापौर ने पहले ही कल राम दरबार,मौली जागरण, सेक्टर 45 और अन्य स्थानों पर धार्मिक स्थलों को तोड़ने से रुकवा दिया था, जिसके लिए सुरेश राणा ने उनका आभार जताया। इस अवसर पर अलग अलग संस्थाओं के प्रतिनिधि जिस में विशेष रूप से चंडीगढ़ भाजपा प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा,रामदरबार प्राचीन शिव मंदिर प्रधान विक्की शेरा,सुरजीत फौजी सदगुरु कबीर महासभा अध्यक्ष चंडीगढ़, बिहिप गऊ रक्षा प्रमुख जितेंद्र कालरा , प्रधान सौरव त्रिपाठी उपस्थित थे।

### उपायुक्त ने पीसी और पीएनडीटी के लिए गठित जिला टास्क फोर्स कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की

पंचकूला। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने आज लघु सचिवालय के सभागार में लिंगानुपात को लेकर पीसी और पीएनडीटी के लिए गठित जिला टास्क फोर्स कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की तथा संबंधित अधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने कहा कि जिले में लिंगानुपात को बेहतर बनाने के लिए लिंग जांच, एमटीपी किट अभियान चलाकर अवैध कार्य करने वालों के खिलाफ रेड करके उन्हें चंगुल में लें ताकि जिले में लिंगानुपात को बेहतर बनाया जा सके। उन्होने जिला प्रोग्राम अधिकारी श्रीमती सविता को निर्देश देते हुए कहा कि जिस गांव में सबसे कम लिंगानुपात है, उन गावों पर ज्यादा फोक्स करें और वंहा पर एएनएम और आशा वर्कर की डयूटी लगाएं ताकि कोई महिला अगर गर्भपात के लिए जाती है तो उसे समझा बुझा कर रोका जा सके। उपायुक्त ने कहा कि जिस गांव के सरपंच की आंगनवॉड़ी ज्यादा अच्छा कार्य करेंगी, उसे प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि जंहा भी अल्ट्रासाउंड सैंटर्स है वंहा पर आरसीएच आईडी गर्भवती महिला की जरूर लें ताकि उस महिला का रिकार्ड रखा जा सके। उन्होने कहा कि 20 एमटीपी सैंटरों का हर तीन महीने में निरक्षण किया जाए। उपायुक्त ने डीपीओ और डॉ अरूणदीप को निर्देश दिए कि जिले में जंहा कही भी गर्भपात होने की सूचना हो तो उसके लिए गुप्त सूचना देने के लिए सिविल सचिवालय में एक डिब्बा (पेटी) रखी जाए ताकि समय रहते उसे रोका जा सके।